You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-33 ❒ सोमवार, 02 मार्च 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के उद्घोष के साथ करते हुए उन्होंने कहा कि आज सभी लोग हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व पर उनका पुण्य स्मरण कर रहे हैं। केंद्र सरकार सरकार सिखों के लिए सम्मान और न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। नरेन्द्र मोदी

पश्चिमी एशिया के कई देशों में अपनी सोमवार की परीक्षा रद्द की 11

एकीकृत कृषि प्रणाली किसानों की आय बढ़ाने में प्रभावी : राधामोहन 12

# मिडिल ईस्ट में गंभीर सैन्य संघर्ष

**मध्य पूर्व की राजनीतिक आग अब एक वैश्विक युद्ध की शक्ल ले चुकी है, जो लड़ाई ईरान बनाम अमेरिका और इजरायल की थी, उस युद्ध में खाड़ी के लगभग सभी देश झुलस रहे हैं। दुबई, अबू धाबी, रियाद, दोहा, मनामा जैसे शहर जो अपनी लग्जरी और रॉयल जिंदगी के लिए जाने जाते अब ईरानी मिसाइलों की मार से पस्त हैं। इस युद्ध की चपेट में 12 देश प्रत्यक्ष रूप से आ चुके हैं। ये देश हैं- अमेरिका, इजरायल, ईरान, बहरीन, सऊदी अरब, इराक, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, जॉर्डन, यमन और लेबनान. ये सभी अब इस जटिल जाल में फंस चुके हैं, जहां गठबंधन टूट रहे हैं और नई दुश्मनियां जन्म ले रही हैं। ईरान पर अमेरिका-इज़रायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई केवल दो या तीन देशों तक सीमित नहीं रही, बल्कि मिडिल ईस्ट की जटिल भू-राजनीति के कारण यह टकराव धीरे-धीरे 12 देशों की भागीदारी वाले व्यापक संघर्ष का रूप लेता दिख रहा है।**

## अमेरिकी इजरायली हमलों में ईरान के सुप्रीम नेता खामेनेई की मौत, राष्ट्रपति सहित तीन लोगों की परिषद ने संभाली बागडोर

एजेंसी

तेहरान/वाशिंगटन। ईरान की राजधानी तेहरान पर शनिवार तड़के हुए अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई (86) की मौत हो गयी। उनके अलावा ईरान के कुछ और शीर्ष अधिकारी भी मारे गये हैं। वहीं दूसरी तरफ रविवार को इजरायली वायुसेना ने तेहरान पर फिर से नये हमले शुरू किये हैं।

ईरान ने सैन्य बलों के चार वरिष्ठ कमांडरों के मारे जाने की पुष्टि की है। इनमें सैन्य बलों के प्रमुख अब्दुलरहीम मौसवी और ईरान के रक्षा मंत्री एवं पूर्व वायुसेना कमांडर अजीज नसीरजादेह, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) कमांडर मोहम्मद पाकपुर, और श्री खामेनेई के सुरक्षा सलाहकार एवं रक्षा परिषद के सचिव अली शमखानी शामिल हैं। श्री खामेनेई के निधन के बाद देश की बागडोर एक तीन सदस्यीय समिति को सौंप दी गयी। इसमें राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश गुलाम हुसैन मोहसेनी एजेई और कानून विद अलीरेजा अराफी शामिल हैं। उनके अलावा शीर्ष सैन्य अधिकारी अहमद वाहिदी को इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) का नया कमांडर नियुक्त किया है। उन्होंने अमेरिका-इजरायल हमले में मारे गए श्री मोहम्मद पाकपोर का स्थान लिया है। ईरान में श्री खामेनेई की मौत के बाद 40 दिन की शोक अवधि का ऐलान किया गया है। श्री खामेनेई की बेटी, दामाद और नाती भी हमलों में मारे गयी। फ़ार्स समाचार एजेंसी ने कहा, ''सर्वोच्च नेता के घर में जानकार सूत्रों से संपर्क स्थापित करने के बाद,उनकी बेटी, दामाद और नाती की मौत की खबर की दुर्भाग्यवश पुष्टि हो गयी है।'' यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि श्री खामेनेई की तीन बेटियों में से कौन मृतकों में शामिल है। फ़ार्स न्यूज़ एजेंसी ने कहा कि राजधानी पर हुए हमलों के दौरान श्री खामेनेई ''अपने घर में मौजूद कार्यालय में अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शहीद हुए।'' बाद में सरकारी टेलीविजन ने उनकी मृत्यु की पुष्टि की। ईरान सरकार ने इस हत्या को ''एक बड़ा अपराध'' बताया, जो ''इस्लामी दुनिया के इतिहास में एक नया अध्याय लिखेगा। अमेरिकी मीडिया ने इजरायली सूत्रों का हवाला देते हुए कहा है कि शनिवार के हमलों 40 ईरानी अधिकारियों की मौत हुई है, हालांकि ईरान की ओर से ऐसी कोई पुष्टि नहीं की गयी। इजरायली रक्षा बल (आइडीएफ) ने रविवार को ताजा हवाई हमले की जानकारी देते हुए एक बयान में कहा, ''ऑपरेशन 'रोरिंग लायन' शुरू होने के बाद पहली बार आइडीएफ, तेहरान के शासकीय केंद्रो पर हमला कर रहा है। वहीं, तेहरान से मिली खबरों के मुताबिक, रविवार सुबह शहर के कई इलाकों में धमाके हुए। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गयी तस्वीरों में तेहरान के कई हिस्सों से घने धुएं के बड़े गुबार उठते देखे गये। श्री पेजेशकियान ने श्री खामेनेई की हत्या का बदला लेने का संकल्प लेते हुए चेतावनी दी कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों को 'पछताना पड़ेगा'। उनके कार्यालय ने रविवार को एक बयान में कहा, ''यह बड़ा अपराध कभी बिना जवाब नहीं रहेगा।'' इसके ठीक बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी देते हुए कहा, ''ईरान ने अभी कहा है कि वे आज बहुत जोरदार हमला करने जा रहे हैं, इतना जोरदार जितना उन्होंने पहले कभी नहीं किया। उनके लिए बेहतर होगा कि वे ऐसा न करें। अगर वे ऐसा करते हैं, तो हम उन पर इतनी ताकत से हमला करेंगे जो पहले कभी नहीं देखी गयी होगी। श्री ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में श्री खामेनेई की मौत की पुष्टि की। श्री ट्रम्प ने लिखा, ''इतिहास के सबसे क्रूर लोगों में से एक खामेनेई की मौत हो गयी है। यह न केवल ईरान के लोगों के लिए न्याय है, बल्कि सभी महान अमेरिकियों और दुनिया भर के उन कई देशों के लोगों के लिए भी न्याय है।'' उन्होंने कहा कि यह अभियान ईरानी ● शेष पेज 11 पर



### बदला लेना ईरान का अधिकार और जिम्मेदारी : पेज़ेशकियान

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन ने कहा है कि इज़रायल और अमेरिका के हमलों का बदला लेना ईरान का 'कानूनी हक और जिम्मेदारी' है। श्री पेज़ेशकियन ने रविवार को ईरानी सरकारी मीडिया पर जारी एक बयान में कहा कि सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई 'दुनिया के सबसे बुरे खलनायक के हाथों' मारे गये। श्री पेज़ेशकियन ने कहा, 'ईरान इस ऐतिहासिक जुर्म के गुनहगारों और कमांडरों के खिलाफ खून-खराबे और बदला लेने को अपनी जिम्मेदारी और कानूनी हक मानता है। इस बड़ी ज़िम्मेदारी को पूरी ताकत से पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि श्री खामेनेई की हत्या ''दुनिया के सभी कोनों में मुसलमानों, खासकर शियाओं पर खुली जंग का ऐलान'' है। ईरान और पड़ोसी मुल्क इराक की ज्यादातर आबादी शिया है, जबकि अन्य खाड़ी देश और मिस्र सुन्नी-बहुल देश हैं।

### कराची के अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर झड़प, सुरक्षाकर्मियों की गोली से 9 की मौत, 18 घायल

इस्लामाबाद। ईरान पर रविवार सुबह इजराइल और अमेरिका के संयुक्त हमले में वहां के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खमेनेई की मौत की खबर से पाकिस्तान के अलग-अलग हिस्सों में लोग भड़क गए हैं। हजारों प्रदर्शनकारी आज कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर जमा होकर नारेबाजी की। इस दौरान हुई झड़प के बाद अमेरिकी सुरक्षाकर्मियों ने गोलियां चला दीं, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सिंध के गृह मंत्री ने पुलिस से घटना की रिपोर्ट तलब की है।

जियो टीवी ने सरकारी अस्पताल के अधिकारियों के हवाले से बताया है कि कराची में आज दोपहर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर अमेरिका और इज़राइली हमलों का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प के दौरान कम-से-कम 9 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। अस्पताल के



अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। घटना को लेकर इस्लामाबाद स्थित यूएस दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बयान जारी कर अपने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। इसमें कहा गया है कि, ऋम कराची और लाहौर में अमेरिकी वाणिज्य दूतावासों के समक्ष चल रहे प्रदर्शनों की खबरों पर नजर रख रहे हैं। साथ ही इस्लामाबाद में अमेरिकी दूतावास और पेशावर में वाणिज्य दूतावास के समक्ष प्रदर्शनों के आह्वान पर भी हमारी नजर है। पाकिस्तान में रहने वाले अमेरिकी नागरिकों को स्थानीय समाचारों पर नजर रखने और व्यक्तिगत सुरक्षा के अच्छे उपाय के साथ सतर्कता, भीड़भाड़ वाली जगहों से बचने की सलाह दी जाती है। इससे पहले उग्र प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इजराइल पर मध्य पूर्व में अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए बैरिकेड तोड़े दिए। भीड़ ने अमेरिकी प्रतीकों को निशाना बनाया और दूतावास परिसर के एक हिस्सों में आग लगा दी। ईधी एम्बुलेंस सर्विस के मुताबिक, 06 शव और 10 घायलों को शुरू में एमटी खान रोड से सिविल अस्पताल कराची ले जाया गया था। अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के अधिकारियों ने बाद में कन्फर्म किया कि 18 घायल लोगों के साथ 7 शवों को अस्पताल लाया ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### काशी ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, एक घंटे में 2,51,446 पौधे रोपे

**वाराणसी/लखनऊ।** काशी ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नया इतिहास रच दिया। वाराणसी के सुजाबाद डोमरी क्षेत्र में आयोजित वृहद पौधरोपण अभियान के दौरान मात्र एक घंटे में 2,51,446 पौधे रोपकर चीन के आठ वर्ष पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया गया। इससे पूर्व 10 मार्च 2018 को चीन के हेनान प्रांत में 1,53,981 पौधे लगाकर रिकॉर्ड बनाया गया था। इस उपलब्धि की आधिकारिक पुष्टि के बाद गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के जज ऋषिनाथ ने महापौर अशोक कुमार तिवारी और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल को प्रमाणपत्र प्रदान किया। ड्रोन कैमरों और डिजिटल गणना तंत्र से सटीक सत्यापन किया गया। महापौर अशोक कुमार तिवारी ने इसे आध्यात्मिक चेतना और पर्यावरणीय प्रतिबद्धता का अद्वितीय संगम बताते हुए बताया कि 350 बीघा में विकसित 'शहरी वन' को 60 सेक्टरों में बांटा गया है। जिनका नाम काशी के प्रमुख गंगा घाटों पर रखा गया है। जिसमे शीशम, अर्जुन, सागौन, बांस समेत 27 देशी प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। मियावाकी तकनीक के तहत विकसित यह वन दो से तीन वर्षों में घने 'ऑक्सीजन बैंक' के रूप में विकसित होगा। विस्तृत पेज 2 पर

### लखनऊ विवि के छात्रावास में छात्र ने की खुदकुशी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र ने रविवार को छात्रावास के कमरे में फंासी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हसनगंज थाना प्रभारी चितवन कुमार ने बताया कि मूलरूप से बलिया जिले का रहने वाला नवीन कुमार (20) लखनऊ विश्वविद्यालय से बीएससी एग्रीकल्चर सेकेंड सेमेस्टर की पढ़ाई कर रहा था। वह यहां पर विश्वविद्यालय के सुभाष हॉस्टल के कमरा नंबर 52 में रहता था। रविवार को नवीन जब अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो अन्य साथी उसे जगाने पहुंचे। कमरे के बाहर से कई बार आवाज देने और खटखटाने के बाद दरवाजा नहीं खुला। इस पर सहपाठियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन को अवगत कराया गया। प्रशासन की मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा गया तो देखा कि छात्र नवीन का शव फांसी के फंदे से लटक रहा है। सूचना पर स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम के साथ साक्ष्य एकत्रित किया गया।

## डी फ्रीजर में युवक का शव, शराब पार्टी के बाद हत्या की आशंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ बंद पड़ी वेज बिरयानी की दुकान में मिला शव, प्रेम प्रसंग व रंजिश समेत कई बिंदुओं पर जांच

बख्शी का तालाब, लखनऊ। लखनऊ के बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में सोमवार को सनसनीखेज घटना सामने आई। चंद्रिका देवी रोड स्थित जीसीआरजी कॉलेज के सामने झोपड़ी में संचालित बंद वेज बिरयानी की दुकान के डी फ्रीजर से 30 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए और जांच शुरू कर दी गई।

दुकान मालिक शनि, निवासी मंझी निकरोजपुर थाना माल, ने बताया कि उसके पिता का 26 फरवरी को निधन हो गया था, जिसके कारण दुकान कई दिनों से बंद थी। सोमवार को तेरहवीं कार्यक्रम के लिए बर्तन लेने पहुंचने पर उसने डिस्कनेक्ट पड़े डी फ्रीजर को खोला तो अंदर युवक का शव पड़ा मिला। इसके बाद उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंचे डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि मृतक के पास से मोबाइल फोन और आधार कार्ड बरामद हुआ है, जिसके आधार पर उसकी पहचान विजय पाल (30) निवासी ग्राम पंचायत मदारीपुर, मजरा किशुनपुर के रूप में हुई है। एडीसीपी उत्तरी ऋषभ रुनवाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और सभी संभावित पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है।

घटनास्थल से तीन डिस्पोजल गिलास, एक शराब की खाली बोतल और नमकीन के खाली पैकेट बरामद हुए हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि युवक के साथ पहले शराब पार्टी की गई और बाद में उसकी हत्या कर शव को फ्रीजर में छिपा दिया गया। जानकारी के अनुसार मृतक की पत्नी तीन वर्ष पहले उसे छोड़कर चली गई थी। इसके बाद वह दिहाड़ी मजदूरी कर जीवनयापन कर रहा था और शराब पीने का आदी बताया जा ● शेष पेज 11 पर

## संविदाकर्मी की मौत में एक्सईएन, एसडीओ, जेई समेत चार कर्मी निलंबित

लखनऊ। इंदिरानगर कल्याणपुर उपकेंद्र के अंतर्गत कंचना बिहारी मार्ग में संविदाकर्मी परशुराम की मौत के मामले में मध्यांचल विद्युत निगम ने एक्सईएन, एसडीओ, जूनियर इंजीनियर और एक टीजी-2 कर्मचारी को निलंबित कर दिया है। निगम की एमडी ने एक्सईएन, एसडीओ को बरेली के प्रथम जोन में संबंद्ध किए गए हैं। कल्याणपुर उपकेंद्र की 33 केवी लाइन 132 केवी इंदिरानगर ट्रांसमिशन से 26 फरवरी को ब्रेकडाउन हो गई। इसके बाद कर्मचारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर खुर्रमनगर ट्रांसमिशन से आपूर्ति बहाल कर दी गई थी। इसके बाद 27 फरवरी को जूनियर इंजीनियर धर्मेंद्र कुमार ने फाल्ट वाली जगह की पहचान की, लेकिन भारी ट्रैफिक के चलते मरम्मत का काम टाल दिया गया। शनिवार रात करीब 1:30 बजे, जब जेई ने टीजी-2 कर्मचारी धीरज रावत और 48 वर्षीय संविदाकर्मी परशुराम को फाल्ट ठीक करने के लिए भेजा। इस दौरान सुरक्षा मानकों की भारी अनदेखी की गई। परशुराम जैसे ही सीढ़ी के सहारे पोल पर चढ़े, अचानक ● शेष पेज 11 पर

## भारत ने सेमीफाइनल में रखा कदम

### वेस्टइंडीज के खिलाफ ऐतिहासिक जीत

एजेंसी

कोलकाता। भारतीय टीम ने रविवार को टी20 विश्व कप सुपर-8 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया। इस जीत के साथ भारत ने टी20 विश्व कप के समीफाइनल में जगह बना ली है।

वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 के आखिरी मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 195 रन बनाए हैं। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर वेस्टइंडीज के लिए रोस्टन चेस (40) और शाई होप (32) ने 68 रन की पहले विकेट की साझेदारी की। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने चार ओवर में 36 रन देकर दो विकेट लिए। 196 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 29 रन की साझेदारी हुई। अभिषेक 10 रन ही बना सके। ईशान किशन 6 गेंद में 10 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 16 गेंद में 18 रन बनाए। तिलक वर्मा 15 गेंद में 27 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। हार्दिक पांड्या ने 14 गेंद में 17 रन बनाकर आउट हुए।



भारतीय टीम ने पावरप्ले में ही दो विकेट गंवा दिए। टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा एक बार फिर कमाल नहीं दिखा सके और 11 गेंद में 10 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। ईशान किशन ने 6 गेंद में 10 रन बनाए। भारत ने 6 ओवर में दो विकेट खोकर 53 रन बनाए हैं। वेस्टइंडीज के लिए पावरप्ले में जेसन होल्डर और अकील ने विकेट चटकाए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को रोस्टन चेज और शाई होप ने दमदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 53 गेंद में 68 रन की साझेदारी हुई। होप 33 गेंद में 32 रन बनाकर वरुण चक्रवर्ती का शिकार बने। बुमराह ने शिमरन हेटमायर (27) और रोस्टन चेज (40) को एक ही ओवर में पवेलियन का रास्ता दिखाया। हार्दिक पांड्या ने रदरफोर्ड को आउट किया। इसके बाद पॉवेल और होल्डर के बीच पांचवें विकेट के लिए 35 गेंद में 76 रन की साझेदारी हुई। रोवमैन पॉवेल ने 19 गेंद में 34 और जेसन होल्डर ने 22 गेंद में 37 रन बनो। भारत के लिए बुमराह ने तीन, हार्दिक और वरुण को एक एक सफलता मिली। 16वें ओवर में अर्शदीप सिंह के खिलाफ वेस्टइंडीज ने 24 ● शेष पेज 11 पर

### ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की मौत पर दिल्ली, लखनऊ और जम्मू में विरोध प्रदर्शन

## उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता/एजेंसी

लखनऊ/नयी दिल्ली। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अमेरिका-इजरायल हमलों में मारे जाने के बाद रविवार को दिल्ली, लखनऊ और जम्मू के कुछ हिस्सों में विरोध-प्रदर्शन हुए।

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली स्थित जामिया मिल्लिया इस्लामिया के बाहर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमेरिकी-इजरायली हमले में श्री खामेनेई के मारे जाने की रिपोर्टों के बाद शोक व्यक्त करने और विशेष नमाज़ अदा करने के लिए यहां काफी संख्या में लोग एकत्र हुए थे।

छात्र समूहों और स्थानीय नेताओं को भी ईरानी नेता के समर्थन में प्रदर्शन करते देखा गया। इससे पहले लखनऊ और जम्मू से भी विरोध-प्रदर्शन की खबरें आई थीं।

लखनऊ में शिया समुदाय के सदस्यों ने अमेरिका और इज़राइल के खिलाफ नारेबाजी की और घटना पर कड़ा विरोध जताया। प्रदर्शन के मद्देनजर शहर के कुछ इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई।



लखनऊ में रोती महिलाओं सहित बड़ी संख्या में छोटा इमामबाड़ा से लोगों ने हाथों में पोस्टर लेकर प्रदर्शन कर पैदल मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने खामेनेई जिंदाबाद और अमेरिका इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगाये। इस प्रदर्शन के बाद उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। अमेरिका और इजराइल के युद्ध के दौरान ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद उत्तर प्रदेश में प्रदर्शन शुरू हो गये हैं। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शिया समुदाय के हजारों लोग सड़कों पर उतरे। महिलाएं रोती बिलखते हुए मातम करते हुए दिखीं। छोटा इमामबाड़ा से भारी संख्या में लोगों ने हाथों में पोस्टर लेकर प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च निकाला। लखनऊ की शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि अमेरिका-इजराइल ने जो आतंकी कृत्य किया है। पूरे विश्व को मिलकर इसका विरोध करना चाहिए। खामेनेई की मौत के बाद सभी देशों को अपने राष्ट्रीय ध्वजों को श्रद्धांजलि में झुकना चाहिए। शिया समुदाय के लोग तीन दिन का शोक मनाने हुए अपनी प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने भी तीन दिवसीय शोक की घोषणा कर की गई है। बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास की इस घोषणा के बाद बड़ा और छोटा इमामबाड़ा अगले तीन दिन के लिए पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। मौलाना कल्बे जवाद ने बताया कि खामेनेई की मौत पर रविवार रात आठ बजे छोटे इमामबाड़ा में शोकसभा आयोजित की जाएगी। उन्होंने भारी संख्या में लोगों से पहुंचने की अपील की है। इसके अलावा बरेली, जौनपुर, संभल समेत कई जिलों में प्रदर्शन हो रहे हैं। बरेली में ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई की शहादत पूरी मिल्लत इस्लामिया ● शेष पेज 11 पर

## नागपुर फैक्ट्री विस्फोट में 17 लोगों की मौत

एजेंसी

❒ 18 घायल, मुख्यमंत्री ने की आर्थिक मदद की घोषणा

मुंबई। महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार सुबह विस्फोटक निर्माण फैक्ट्री 'एसबीएल एनर्जी लिमिटेड' में हुए धमाके में अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 18 अन्य गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को तत्काल नागपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, रविवार सुबह करीब 7:15 बजे फैक्ट्री की डेटोनेटर पैकिंग यूनिट में अचानक तेज धमाका हुआ। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि यूनिट में तुरंत भीषण आग लग गई और आसपास के क्षेत्रों में दहशत फैल गई। धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई, जिससे स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं। इसके साथ ही राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीमों को भी राहत एवं बचाव कार्य में लगाया गया है। पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) तथा औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य निदेशालय (डीआईएएस) के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। प्रशासन को आशंका है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। इस बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घटना को अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मृतक के आश्रितों को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि ● शेष पेज 11 पर

# 'भदोही हाफ मैराथन' का हुआ भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- जि.पं. अध्यक्ष, विधायक ज्ञानपुर, भाजपा जिलाध्यक्ष, डीएम,एसपी, एडीएम ने हरी झण्डी दिखाकर ''भदोही हॉफ मैराथन'' में स्वयं भी लगाई लंबी दौंड
- पूरे भारत से आये धावकों ने भदोही हाफ मैराथन में दर्ज की सहभागिता
- पूरे मैराथन रूट पर छात्र/छात्राओं सहित जनपदवासियों ने सभी धावको का किया उत्साहवर्धन, पेयजल की रही व्यवस्था

भदोही। युवा फ्रेन्ड फाउडेशन द्वारा आयोजित 12 वां ''भदोही हाफ मैराथन'' का शुभारम्भ जंगीगंज पुलिस चौकी से जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी, विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे,भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, साध्वी राजलक्ष्मी मंदा द्वारा संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए स्वयं भी प्रतिभाग किया गया। उपर्युक्त अतिथियों, रजिस्ट्रेशन कराये 573 धावकों सहित जनपदवासियों ने भी मैराथन में लंबी दूरी तक दौड़ लगाकर युवाओं को खेलों की प्रति जागरूक किया।

21.975 किलोमीटर की ''भदोही हाफ मैराथन'' का भव्य व शानदार आयोजन किया गया। जिसमे देश के अलग अलग प्रांतों से आए धावकों ने सहभागिता दर्ज किया। आयोजक ''युवा फ्रेन्ड फाउंडेशन'' के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने बताया कि भदोही हाफ मैराथन में रजिस्टर्ड 573 धावकों के साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, मतदाताओं सहित हजारों लोगों ने प्रतिभाग किया। जिसमे भदोही के ही नारेपार सीतामढ़ी निवासी एथलेटिक्स सतीश वर्मा को प्रथम स्थान आने पर 71 हजार रूपयो, एवं वाराणसी के चंदन राजभर को दूसरे स्थान पर 41 हजार रूपये और राजस्थान के भरतपुर के विक्रम सिंह को तीसरे स्थान 21 हजार रूपये, प्रयागराज के रोहित कुमार को चौथा स्थान, पॉचवे स्थान पर वाराणसी के आकाश पटेल, छठवे स्थान पर फरीदाबाद के धीरज को पॉच-पॉच हजार रूपये, सातवे स्थान से




लेकर 21 स्थान तक विजयी धावकों को सांत्वना पुरस्कार एक-एक हजार रूपये सहित मेण्डल, ट्रॉफी कप, शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि भदोही जिले में पिछले बारह वर्षो से भदोही हाफ मैराथन का आयोजन युवा फ्रेंड फाउंडेशन और जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया जाता रहा है।जिसके अध्यक्ष मनीष पाण्डेय जी व संरक्षक बीना जितेंद्र दुबे जी है भदोही हॉफ मैराथन जिले के जंगीगंज से शुरू होकर जिला स्टेडियम मुसीलॉटपुर पर समाप्त हुआ। मैराथन के निर्धारित पूरे रूट पर प्रशासन द्वारा साफ-सफाई, स्वच्छता आदि को सुनिश्चित किया गया। तो वही पुलिस द्वारा सुरक्षा व शान्ति के साथ मैराथन को सकुशल पूर्ण सम्पन्न कराया गया। मैराथन के पूरे रूट पर जगह-जगह समाजसेवियों, प्रशासन, स्कूली बच्चो, जनमानस द्वारा उत्साहवर्धन करने के साथ ही पेयजल का प्रबन्ध किया गया था। कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय एवं रूट पर पड़ने वाले सभी बेसिक स्कूल के छात्र/छात्राओं द्वारा मतदान जागरूकता तख्ती पोस्टर लेकर, धावकों पर पुष्प वर्षा करते हुए गर्व जोशी के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। समापन स्थल मूसीलाटपुर जिला स्टेडियम में मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी, मा विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे,भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, साध्वी राजलक्ष्मी मंदा, अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य ने तिरंगा गुब्बारों एवं सफ़ेद कबूतर को आकाश में उड़ाकर खेल भावना का संदेश दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी, मा विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे,भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य,साध्वी राजलक्ष्मी मंदा ने आयोजको के प्रयासों की सराहना किया । उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित भदोही हाफ मैराथन की पहल को स्वास्थ्य, फिटनेस और सामुदायिक एकता को बढ़ावा देने वाला बताया। सभी ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते हैं और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम में विहिप राष्ट्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज, युवा फ्रेन्ड फाउंडेशन के सभी सदस्य,बीएसए शिवम पांडेय, डीआईओ डॉ0 पंकज कुमार, क्रीडा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार,एथलेटिक एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, कोच रुस्तम खान,संजय श्रीवास्तव, गोर्बधन राय, सहित अन्य लोगों ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता दर्ज की।

# महाराजगंज जिले में पंकज चौधरी का गर्मजोशी से इस्तकबाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी का रविवार को पूर्वी प्रदेश के महराजगंज जिले में भव्य स्वागत किया गया। श्री चौधरी का काफिला जैसे ही जिले की सीमा में प्रवेश किया, ढोल-नगाड़ों की थाप और ‖भारत माता की जय‖ के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। हजारों की संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं और बुके भेंट कर उनका अभिनंदन किया। क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह तथा सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने संयुक्त रूप से किया। तीनों नेताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर और माल्यार्पण कर केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। युवा मोर्चा, महिला मोर्चा तथा विभिन्न मंडलों से आए कार्यकर्ता हाथों में पार्टी का ध्वज लिए स्वागत में जुटे रहे। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे और सड़क के दोनों ओर समर्थक नारे लगाते नजर आए।

इस अवसर पर पंकज चौधरी ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पार्टी की विचारधारा और कार्यकर्ताओं की मेहनत का सम्मान है। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकर्ताओं का उत्साह इस बात का प्रमाण है कि पार्टी भविष्य में और अधिक मजबूती से जनता की सेवा करती रहेगी। कार्यक्रम में प्रमुख आनंद शंकर बर्मा, बेद प्रकाश शुक्ला, अजय कुमार श्रीवास्तव, बबलू यादव, कृषगोपाल जायसवाल, गोविंद जायसवाल, सानंदन पटेल, रमेश बर्मा और प्रदीप उपाध्याय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आबकारी विभाग की मिलीभगत से क्षेत्र में धधक रही शराब की भट्ठी

**कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आबकारी विभाग की मिलीभगत से कच्ची शराब बनाने का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। मध्य प्रदेश से आने वाली जहरीली शराब पर भी रोक नहीं लग पा रही है। देशी शराब की ठेका पर मिलावटी शराब बेची जा रही है, जो लोगों के लिए खतरा है। ठीका खुलने और बंद होने का समय निश्चित नहीं है, और लोग सड़क पर बैठकर शराब पीते हैं। सीसीटीवी कैमरे भी सभी जगह नहीं हैं। आबकारी विभाग की साठगांठ के चलते मनमानी जारी है। लोकल लोगों ने जिलाधिकारी प्रयागराज से आबकारी इंस्पेक्टर के खिलाफ जांच और कार्रवाई की मांग की है।

## सोरांव में रिश्वत लेते लेखपाल गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सोरांव तहसील क्षेत्र में एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो लेखपालों को एक लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोप है कि मकान निर्माण न रोकने के एवज में दो लाख रुपये की मांग की गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि मकान करीब 50 वर्ष पुराना है, फिर भी उसे अवैध बताकर निर्माण रुकवाने की धमकी दी गई। सौदा डेढ़ लाख में तय हुआ था। शिकायत मिलने पर एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया और 500-500 रुपये के 200 नोट देते ही दोनों को पकड़ लिया। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

## कौंधियारा में आंबेडकर प्रतिमा गायब, प्रशासन अलर्ट

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यमुनानगर क्षेत्र के कौंधियारा थाना अंतर्गत उमरी तालुका कंाटी गांव में स्थापित भीमराव रामजी आंबेडकर की प्रतिमा अचानक गायब हो गई। एक सप्ताह पूर्व स्थापित की गई प्रतिमा के लापता होने से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासन मौके पर पहुंचा। एसीपी कौंधियारा ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की और आश्वासन दिया कि जल्द नई प्रतिमा स्थापित कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। मामले की जांच जारी है।

## पार्षद के भाई का शव फंदे से लटका मिला

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** फाफामऊ थाना क्षेत्र के मोराहू गांव में पार्षद सुरेंद्र यादव के बड़े भाई अंजीत यादव (37) का शव घर में फंासी के फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है, जबकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। मृतक के दो बेटे और एक बेटी हैं। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

## सिद्धार्थ नाथ सिंह का अखिलेश पर बयान

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भाजपा विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि वे बरसाना की होली खेलने कब गए। उन्होंने सवाल उठाया कि यदुवंशी होकर बांके बिहारी का दर्शन और बरसाना की होली में भाग न लेना लोगों के मन में प्रश्न खड़ा करता है। इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है और सियासी बयानबाजी बढ़ने की संभावना है।

## झूंसी में नो एंट्री में भूसा लदी गाड़ी पलटी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** झूंसी पुलिस चौकी के निकट नो एंट्री क्षेत्र में भूसे से भरी गाड़ी पलट गई। हादसे के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि प्रतिबंधित मार्ग पर भारी वाहन कैसे प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गाड़ी को हटवाया और यातायात सुचारु कराया। मामले की जांच की जा रही है।

## प्रयागराज में सड़क हादसे में मामा भांजी की मौत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के थरवई थाना क्षेत्र में रविवार शाम सड़क दुर्घटना में मामा-भांजी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार थरवई क्षेत्र के तिवारीपुर गांव निवासी रजत कुमार त्रिपाठी (29) अपने जीजा शशिकांत त्रिपाठी के घर वजीरपुर गांव गए थे। रविवार शाम करीब चार बजे वह अपनी 18 वर्षीय भांजी राशि त्रिपाठी को स्कूटी पर बैठाकर तिवारीपुर लौट रहे थे। जयंतीपुर गांव के सामने गारापुरऽसिकंदरा मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

# नियमित भ्रमण न होने से मिलावट खोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। खाद्य सुरक्षा अधिकारी की तैनाती हुई है, लेकिन उनका ऑफिस नहीं होने से लोगों को शिकायत करने में परेशानी हो रही है। आखिर जनता यदि शिकायत करना चाहे तो कहा और किससे करे खाद्य सुरक्षा अधिकारी महीने में एक-दो बार आते हैं और गाड़ी में बैठे-बैठे दुकानदारों से बातचीत कर वापस चले जाते हैं। लोकल लोगों का आरोप है कि अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र में नहीं आते, जिससे मिलावटखोरी बढ़ रही है। मध्य प्रदेश से भी मिलावटी सामान आ रहा है, जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा है। सैंपलिंग भी नियमित नहीं होती। लोकल लोगों ने जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी से मांग की है कि अधिकारी को नियमित रूप से क्षेत्र में तैनात किया जाए और सैंपलिंग कराई जाए। शास्त्री नगर कोरांव के रहने वाले शशि कुमार ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारी अपने पदों का निर्वहन नहीं कर

### तहसील मुख्यालय के आसपास नहीं ठहरते खाद्य सुरक्षा अधिकारी

रहे जिस कारण मिलावट खोरी पर लगाम नहीं लग पा रहा इसी प्रकार शहीद नगर कोरांव के शिवम सोनी ने बताया तहसील स्तर में नियुक्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण नहीं करते जिस कारण दुकानदार निरंकुश हो गए है बहादुर शाह नगर के रहने वाले चंद्र भूषण तिवारी अधिवक्ता ने कहा कि तहसील मुख्यालय के आसपास खाद्य सुरक्षा अधिकारी को रात्रि निवास करना चाहिए लेकिन ऐसा न करके 75 किलोमीटर मुख्यालय पर रहकर नौकरी कर रहे है जिस कारण क्षेत्र में भ्रमण व मिलावट खोरी पर लगाम नहीं लग पा रहा वही सामाजिक कार्यकर्ता पंडित महेंद्र प्रसाद शुक्ला ने कहा कि यदि जिम्मेदार अधिकारी संज्ञान नहीं लेगे तो इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों को करुंगा। इस मामले में एसीएफ व जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी को फोन किया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।

# एएनटीएफ आगरा की बड़ी कार्रवाई, 123.700 किलो गांजा संग तीन तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) यूनिट आगरा ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन सक्रिय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 123.700 किलोग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 63 लाख रुपये बताई जा रही है। साथ ही दो वाहन, तीन मोबाइल फोन और 3,488 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं।

एएनटीएफ की तरफ से यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, अपर पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) व अपर पुलिस महानिदेशक (अपराध) के निर्देशन तथा पुलिस महानिरीक्षक एएनटीएफ लखनऊ के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान महेश यादव निवासी हाथरस, सुनील कुमार निवासी अलीगढ़ और विशाल कुमार निवासी अलीगढ़ के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार एक दिन पूर्व शनिवार को नगला कहरी, कुरावली रोड, थाना घिरोर जनपद मैनपुरी क्षेत्र में चेकिंग के दौरान तस्करों को पकड़ा गया। तलाशी में एक आईशर कैंटर और एक महिंद्रा एक्सयूवी 500 से गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे उड़ीसा से गांजा लाकर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में सप्लाई करते थे। पुलिस से बचने के लिए गांजा को कैंटर में कोयले के नीचे छिपाकर परिवहन किया जाता था।

## यूपी में तीरंदाजी को मिल रही नई रफ्तार: अर्जुन मुंडा

लखनऊ। भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने तीरंदाजी लीग को लेकर उत्तर प्रदेश की सराहना की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में तीरंदाजी का कार्य सराहनीय ढंग से आगे बढ़ रहा है। लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शनिवार से शुरू हुई राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को लखनऊ पहुंचे अर्जुन मुंडा ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट के माध्यम से देशभर में प्रतिभाओं की खोज की जाती है, ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को आगे बढ़ाया जा सके। अर्जुन मुंडा ने कहा कि दूरदराज के गांवों से आने वाले खिलाड़ियों की प्रतिभा देखकर यह स्पष्ट है कि ऐसे आयोजन खेलों के लिए नया वातावरण तैयार करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहन मिल रहा है, जिससे देशभर के खिलाड़ी उत्साहित हैं। उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अवनीश अवस्थी ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर से करीब 350 महिला तीरंदाज पदक के लिए अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं, जबकि उत्तर प्रदेश से 44 खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रदेश में तीरंदाजी को नई गति मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों से निकल रही प्रतिभाओं को मंच मिलेगा।

मथुरा में होली की परंपरा को बदनाम करने वाले नौ इन्फ्लुएंसर्स पर एफआईआर

मथुरा। मथुरा में विश्वप्रसिद्ध बरसाना और नंदगांव की 'लट्ठामार' एवं 'लड्डूमार' होली की छवि धूमिल करने वालों के खिलाफ मथुरा पुलिस ने सख्त रुख अख्तियार किया है।

बरसाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर भ्रामक और एडिटेड वीडियो क्लिप वायरल कर पांच हजार

# मुख्यमंत्री ने सिगरा फल मंडी रोड के कायाकल्प को परखा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विकास कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

महापौर व नगर आयुक्त ने मानचित्र के माध्यम से कार्यों की प्रगति से कराया अवगत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सिगरा स्थित फल मंडी रोड का औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ग्रीन रोड्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रिड्स योजना) के तहत चल रहे सड़क सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण कार्यों की जमीनी हकीकत देखने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कार्य की गुणवत्ता और समयसीमा को लेकर अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान महापौर अशोक कुमार तिवारी और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने मुख्यमंत्री को विस्तार से बताया कि किस तरह इस सड़क को 'स्मार्ट और ग्रीन' मानक के अनुरूप विकसित किया जा रहा है, जिससे न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। ?नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि सीएम ग्रिड्स योजना के अंतर्गत चयनित सड़कों पर ड्रेनेज, फुटपाथ और आधुनिक स्ट्रीट लाइटों का कार्य प्राथमिकता पर किया जा रहा है। फल मंडी रोड को एक मॉडल रोड के रूप में विकसित किया जा रहा है ताकि भविष्य में अन्य क्षेत्रों के लिए यह उदाहरण बन सके। मुख्यमंत्री ने कार्य स्थल पर मौजूद नक्शों और प्रजेंटेशन का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में उच्च स्तरीय सामग्री का ही प्रयोग हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों के दौरान स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों को कम से कम असुविधा होनी चाहिए और तय समय सीमा के भीतर प्रोजेक्ट को पूरा किया जाए।


# कार्यालय नगर पंचायत हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी।

संख्या-333/न.पं.है./ठेका नीलाम/2026 दिनांक 28 फरवरी 2026

**नीलामी सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर पंचायत हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी की सीमान्तार्गत स्थित पड़ाव अड्डों (टैम्पो/टैक्सी स्टेण्डों) की नीलामी वर्ष 2026-27 के लिये खुली बोली के रुप में दिनांक 2-03-2026 को समय पूर्वाहन 11:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत हैदरगढ़ के मीटिंगहाल में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति उक्त तिथि एवं निर्धारित समय व स्थान पर उपस्थिति होकर निर्धारित जमानत राशि जमा करके नीलामी में भाग ले सकते है। यदि किसी कारण से उक्त दिनांक को नीलामी कार्यवाही सम्पन्न नहीं हो पाती है तो पुनः दिनांक 17-03-2020 को प्रातः 11:00 बजे से नीलामी की जायेगी। नीलामी की नियम एवं शर्ते निम्नवत है

1. प्रत्येक बोलीदाता की बोली बोलने से पूर्व जमानत स्वरुप रु. 50.000-00 बतौर जमानत जमा करना अनिवार्य होगा।
2. उन व्यक्तियों या उनके वारिसानों को बोली में भाग लेने का अधिकार नहीं होगा जिसके ऊपर निकाय का किसी भी प्रकार का बकाया है।
3. ठेकेदार को नगर पंचायत द्वारा निर्धारित दरों पर ही टैम्पों स्टैण्ड शुल्क वसूली करने का अधिकार होगा।
4. ठेका स्वीकृत होने पर ठेकेदार को शासन द्वारा निर्धारित दर से स्टाम्प शुल्क देना होगा।
5. जिस व्यक्ति के नाम ठेका स्वीकृति होगा उसे ठेके की धनराशि का प्रथन किश्त 1/2 धनराशि तुरन्त जमा करना अनिवार्य होगा एवं द्वितीय किश्त माह जुलाई 2026 के अंतिम सप्ताह में जमा करना होगा। निश्चित अवधि में बकाया धनराशि न जमा करने पर ठेकेदार से 10 प्रतिशत ब्याज सहित वसूली की जायेगी।
6. तमाम प्रयासों के उपरान्त यदि ठेकेदार द्वारा निश्चित समय पर बकाया नहीं जमा करेगा तो बकाया की वसूली ब्याज सहित भू0 राजस्व के सुर्पद कर वसूली की कार्यवाही की जायेगी।
7. ठेके की अवधि वसूली आदेश की तिथि से 31-03-2027 तक की होगी।
8. नगर पंचायत हैदरगढ़ द्वारा चिन्हित टैक्सी / टैम्पों स्थल पर ही टैक्सी गाडियां खड़ी की जायेगी।
9. अन्य किसी जानकारी के लिये कार्यालय नगर पंचायत हैदरगढ़ पर किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

(इन्द्रभान)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत हैदरगढ़ बाराबंकी।

(आलोक तिवारी)
अध्यक्ष
नगर पंचायत हैदरगंढ़ बाराबंकी।


## चीन के आठ साल पुराने रिकॉर्ड को सीएम योगी के नेतृत्व में काशी ने किया ध्वस्त

# रोपे 2,51,446 पौधे, बना गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में काशी ने विश्व के पर्यावरण मानचित्र पर रविवार को एक नया इतिहास दर्ज कर दिया। वाराणसी के सुजाबाद डोमरी क्षेत्र में आयोजित 'वृहद पौधरोपण कार्यक्रम' में मात्र एक घंटे की समयावधि में काशीवासियों ने 2,51,446 पौधों का रोपण कर चीन के आठ साल पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया। मौके पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉड्र्स के जज ऋषिनाथ ने महापौर अशोक कुमार तिवारी व नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल को प्रमाणपत्र सौंपा। महापौर ने कहा कि यह महान उपलब्धि पीएम मोदी से प्रेरणा लेकर सीएम योगी के कुशल मार्गदर्शन से संभव हो सकी।

इस ऐतिहासिक पल को दर्ज करने के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम सुबह से ही डोमरी में मौजूद रही। नगर निगम और विभिन्न सामाजिक व सरकारी संस्थाओं के समन्वय से सुजाबाद डोमरी के 350 बीघा क्षेत्र में विकसित किए गए इस आधुनिक 'शहरी वन' ने आज विश्व पटल पर देश और प्रदेश का मान बढ़ाया है ।



10 मार्च 2018 को 1,53,981 पौधों का रोपण कर चीन की हेनान प्रांतीय समिति और हेनान शिफंागे ग्रीनिंग इंजीनियरिंग कंपनी ने विश्व रिकॉर्ड बनाया था। रविवार को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के निर्णायक ऋषि नाथ और विश्व रिकॉर्ड रणनीतिकार निश्चल बारोट ने मौके पर मौजूद रहकर प्रत्येक गतिविधि की निगरानी की। ड्रोन कैमरों और आधुनिक डिजिटल गणना तंत्र के जरिए हुई सटीक पुष्टि के बाद ऋषि नाथ ने आधिकारिक रूप से इस नए रिकॉर्ड की घोषणा की। इस 'शहरी वन' की सबसे अनूठी विशेषता इसकी बनावट और वैचारिक पृष्ठभूमि है। पूरे वन क्षेत्र को 60 अलग-अलग सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर का नाम काशी के प्रसिद्ध गंगा घाटों जैसे -दशाश्वमेध, ललिता घाट, नया घाट, मणिकर्णिका घाट, केदार घाट, चौसट्टी घाट, मान मंदिर घाट और शीतला घाट के नाम पर रखा गया है। यह बनावट ऐसी है कि भविष्य में जब ये पौधे वृक्ष बनेंगे, तो गंगा किनारे एक हरा-भरा 'मिनी काशी' का स्वरूप नजर आएगा। प्रत्येक सेक्टर में लगभग 4,000 से अधिक पौधे लगाए गए हैं। इनमें शीशम, अर्जुन, सागौन और बांस जैसी 27 देशी प्रजातियों के साथ-साथ आम, अमरूद और पपीता जैसे फलदार वृक्षों और अश्वगंधा, शतावरी व गिलोय जैसी औषधियों को प्राथमिकता दी गई है। यह परियोजना न केवल पर्यावरण को सुधारेगी, बल्कि आने वाले समय में नगर निगम के लिए आय का एक बड़ा स्रोत भी बनेगी। इस विश्व रिकॉर्ड को बनाने के पीछे महीनों की तैयारी और हजारों हाथों का सामूहिक श्रम शामिल है। रविवार की सुबह से ही डोमरी में भारी उत्साह का माहौल रहा। इस महाभियान में बड़ी संख्या में स्कूल-कालेजों के अलावा कई संस्थाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। भारतीय सेना के 39 जीटीसी, 34 जीटीसी, 39 जीआर, और 137 सीएफटीएफ (टीए) के जवानों ने अनुशासन की मिसाल पेश की। वहीं एनडीआरएफ, सीआरपीएफ, नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) और उत्तर प्रदेश पुलिस की 36वीं व 39वीं वाहिनी पीएसी के जवानों ने पूरी ऊर्जा के साथ पौधरोपण किया।

# ‘स्वच्छ प्रदेश–स्वस्थ प्रदेश’ के संकल्प को साकार करें : शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ए.के. शर्मा ने होलिका दहन एवं होली पर्व के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि होली भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण एवं पारंपरिक पर्व है, जो आपसी प्रेम, सौहार्द, समरसता और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने और खुशियां साझा करने की प्रेरणा देता है। मंत्री श्री शर्मा ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे होली का त्योहार मिलजुलकर, भाईचारे और शांति के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि त्योहारों की असली भावना समाज में सद्भाव और अपनत्व को बढ़ावा देना है। सभी लोग एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए उत्सव को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं।

मंत्री श्री शर्मा ने विशेष रूप से प्राकृतिक एवं पर्यावरण अनुकूल रंगों से होली खेलने का आग्रह किया। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सिंथेटिक एवं रासायनिक रंग न केवल त्वचा और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं, बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाते हैं। इस वर्ष होली के अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि प्राकृतिक रंगों का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना योगदान दें।उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं सुरक्षित होली मनाकर हम ‘स्वच्छ प्रदेश-स्वस्थ प्रदेश’ के संकल्प को भी साकार कर सकते हैं। साथ ही जल संरक्षण का भी ध्यान रखने की अपील की, ताकि अनावश्यक जल व्यर्थ न हो।

उन्होंने नगर निकायों एवं संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि होली के दौरान साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, सीवर व्यवस्था एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रदेशवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने कामना की कि यह होली सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली लेकर आए।

# ‘निश्छल मन’ को भी उतने ही प्रिय हैं योगी ‘बाबा’

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।

काबिले तारीफ है, अंदाज एक-एक काम का

गा रहा है गीत यूपी, योगी जी के नाम का

योगी के नाम का यह गीत न सिर्फ 25 करोड़ प्रदेशवासी, बल्कि निश्छल मन वाले बच्चे भी गा रहे हैं। कानपुर की खुशी की आवाज लौटाने से लेकर लखनऊ की अंजना के मकान को कब्जामुक्त कराने और गोरखपुर की पंखुड़ी की फीस की चिंता करने से लेकर कानपुर की मायरा, मुरादाबाद की वाची, लखनऊ की अनाबी, लखीमपुर खीरी के शिवांशु-अजय कुमार समेत अनेक बच्चों के भविष्य को संवारने का जिम्मा संभालने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बच्चों से अद्भुत बॉन्डिंग है। बच्चे भी उनसे मिलने के लिए उत्सुक रहते हैं। जापान दौरे पर यामानाशी में भी सीएम योगी को देखने, उनसे मिलने और बाद करने के लिए बच्चों में भारी उत्साह देखा गया। एक छोटे बच्चे ने उनके सामने ‘कर्पूरगौरं करुणावतारं’ मंत्र का वाचन शुरू किया। एक लाइन भूल जाने पर मुख्यमंत्री ने स्वयं मंत्र को पूरा कर न सिर्फ बच्चे के आत्मविश्वास को बल दिया, बल्कि भारतीय संस्कृति व संस्कार को धारण करने के लिए बच्चे पर अपना स्नेह भी लुटाया। यहां सीएम ने बच्चों के साथ ‘गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः’ मंत्र का उच्चारण भी किया। बच्चों ने मुख्यमंत्री के पैर छूकर आशीर्वाद लिया तो मुख्यमंत्री ने भी चॉकलेट देकर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। सीएम योगी ने विदेश में रहकर भी भारतीय संस्कारों को जीवित रखने वाले परिवारों की खुलकर सराहना भी की। 25 करोड़ प्रदेशवासियों के मन-मस्तिष्क में सुशासन के प्रतीक योगी आदित्यनाथ जनसेवा और संवेदना की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। जिन मुख्यमंत्री का नाम सुनकर अपराधी कांप उठते हैं, बच्चे सहजता से उनसे अपनी जिद मनवा लेते हैं। ‘मन के सच्चे’ बच्चे मुख्यमंत्री के सामने अपनी भावना को अत्यंत निश्छलता से प्रकट कर देते हैं। यह भाव कई मौकों पर सामने भी आया है, जनता दर्शन में एक बार छोटी बच्ची ने उन्हें सैल्यूट किया तो एक बच्ची ने ‘हम शेर बच्चे-शेर बच्चे’ कविता भी सुनाई। सीएम ने मुस्कुराते हुए बच्ची को मन लगाकर पढ़ने और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। योगी आदित्यनाथ का बाल प्रेम उनके कोमल हृदय व सर्वसुलभ होने के साथ-साथ जनसेवा, संवेदना व सुशासन की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत करता है।

मुख्यमंत्री का बच्चों से जुड़ाव और उनके साथ भावनात्मक संवाद समय-समय पर सामने आता रहता है। विगत दिनों ‘जनता दर्शन’ में मां के साथ आई बच्ची अनाबी अली से सीएम का संवाद चर्चा में रहा। मकर संक्रांति पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गोरखनाथ मंदिर में एक बच्चे से ᳐और क्या चाहिए᳐ पूछना और उसका मासूम जवाब- ‘चिप्स’ सुनकर खिलखिलाकर हंसना उनके बालप्रेम को प्रकट करता है। उत्तराखंड भ्रमण के दौरान मार्ग में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक बच्चे ने फूल भेंट किया तो उन्होंने मासूम को खाने का कुछ सामान दिया। बच्चे ने वह सामान अपने दादा को दे दिया। इस पर मुख्यमंत्री ने मुस्कुराते हुए प्यार भरे शब्दों में बच्चे से कहा, ‘हम भी तेरे दादा लगते हैं।’ 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में आए बच्चे सीधे सीएम योगी के पास पहुंच गए। सभी ने उनके साथ फोटो खिंचवाई। नन्ही बच्ची को गोद में लेकर सीएम ने वात्सल्य भाव प्रकट किया। गोरखपुर सर्किट हाउस परिसर में हेलिपैड से उतरते ही उनकी नजर पास के पार्क के गेट पर बच्चों के समूह पर गई तो सीएम उनसे मिलने पहुंच गए। उन्होंने बच्चों से आत्मीयता से बात की और चॉकलेट दीं। एक बार गोरखपुर में उन्होंने कुछ बच्चों को अपने हेलीकॉप्टर में भी बैठा लिया। बच्चों से आत्मीयता से संवाद और उनके भविष्य को लेकर त्वरित निर्णय मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता को प्रदर्शित करते हैं।

कानपुर की मूक-बधिर खुशी गुप्ता के हृदय की पीड़ा को यदि किसी ने समझा तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने। मुख्यमंत्री से मिलने की जिद और अकेले पैदल चलकर लखनऊ पहुंचने की जानकारी जब सीएम योगी को मिली तो उन्होंने उसे बुलाकर उसके बनाए चित्रों को स्वीकार किया और उसके शिक्षित-सुरक्षित भविष्य का आश्वासन दिया। सीएम योगी के निर्देश पर खुशी का इलाज हुआ और आज वह बोल-सुन भी रही है। अपनी ‘अनकही भावनाओं’ को अब वह शब्द दे पा रही है।

## बैंकॉक से आए दो यात्रियों के पास मिला करोड़ों का मादक पदार्थ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दो यात्री पकड़े गए। इनके पास से करीब 18 करोड़ रुपये की 18 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) बरामद की गई है। डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) की टीम के मुताबिक, दो यात्री थाई एयर एशिया की उड़ान एफडी–146 से बैंकाक लखनऊ पहुंचे थे। टीम ने शक के आधार पर दोनों को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान 12 पॉलिथीन पैकेट में हाइड्रोपोनिक वीड बरामद की गई। यह साधारण गांजे से कही ज्यादा नशीली और महंगी होती है। डीआरआई के अधिकारियों ने बताया कि आरोपितों की पहचान यूपी के मो. फराज और झारखंड की रहने वाली महिला नीतू के रूप में हुई। आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इनके पास से बरामद प्रतिबंधित सामग्री को एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जब्त कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है शीघ्र ही बड़ा खुलासा किया जाएगा।

# धार्मिक पर्यटन को विश्व मंच पर उतारने की तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। इस बार योगी सरकार उत्तर प्रदेश को इंटरनेशनल कल्चरल डेस्टिनेशन बनाने और धार्मिक पर्यटन को विश्व मंच पर उतारने की तैयारी कर रही है। इसके लिए सरकार होली को फाल्गुनी उत्सव की मूल भावना से जोड़ते हुए ग्लोबल पिलग्रिम फ़ेस्टिवल के रूप में प्रस्तुत करने जा रही है। इससे ऋतु, धर्म, संस्कृति और पर्यटन एकसूत्र में पिरोए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश के धार्मिक स्थलों पर मनाई जाने वाली होली सदियों पुरानी सांस्कृतिक विरासत को आज भी उसी जीवंतता से आगे बढ़ा रही है। फाल्गुन का महीना जैसे ही दस्तक देता है, उत्तर भारत की हवाओं में एक अलग ही मादकता घुल जाती है। आम्र-मंजरियों की सुगंध, कोयल की कू, ढोल-मंजीरों की थाप और फाग गीतों की गूंज यह संकेत देती है कि रंगों का महापर्व आ गया है। उत्तर प्रदेश के पूर्व पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री डॉ. नीलकंठ तिवारी की मानें तो होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है। इसका मूल अर्थ है असत्य पर सत्य की जीत, अहंकार पर भक्ति की विजय और विभाजन पर मिलन का उत्सव। इसी अर्थ को आधार बनाकर इस बार धार्मिक स्थलों की होली को वैश्विक पर्यटन से जोड़ने की योजना है। इसका उद्देश्य होली के आध्यात्मिक संदेश को विश्व मंच तक पहुंचाना और इसे फ़ेस्टिवल ऑफ हार्मनी के रूप में स्थापित करना है।

उन्होंने बताया कि इस बार लक्ष्य केवल पारंपरिक उत्सव नहीं, बल्कि ग्लोबल फ़ेथ एंड कल्चर फ़ेस्टिवल की अवधारणा के साथ होली को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है। सरकार, पर्यटन उद्योग, सांस्कृतिक संस्थाएं और स्थानीय प्रशासन मिलकर ऐसा मॉडल तैयार किए हैं, जो भारत की आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक दर्शकों तक पहुंचा सके। वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार सियाराम पाण्डेय ने बताया कि होली का पहला अध्याय होलिका दहन से शुरू होता है, जो भक्त प्रह्लाद की कथा से जुड़ा है। यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारतीय दर्शन का संदेश है। अहंकार और अन्याय का अंत निश्चित है। गांव-गांव और शहर-शहर में जलती होलिका भारतीय संस्कृति की उस जड़ों से जुड़ी आस्था का प्रतीक है, जो पीढ़ियों से चली आ रही है। ब्रज और काशी के धार्मिक स्थलों पर होलिका दहन को सांस्कृतिक-आध्यात्मिक आयोजन के रूप में प्रस्तुत करने की तैयारी है, ताकि विदेशी पर्यटक इसके दार्शनिक अर्थ को समझ सकें। मथुरा और वृंदावन में होली का अर्थ केवल रंग खेलना नहीं, बल्कि राधा-कृष्ण के दिव्य प्रेम का उत्सव है। बांके बिहारी मंदिर की फूलों की होली इस भाव को जीवंत करती है, जहां रंग नहीं, भावनाएं बरसती हैं। बरसाना की लट्ठमार होली भी प्रतीकात्मक है। यह नारी-पुरुष के मधुर संवाद और सांस्कृतिक परंपरा का जीवंत रूप है। इस बार इन आयोजनों को इस तरह प्रस्तुत करने की योजना है कि विश्वभर से आने वाले पर्यटक केवल दृश्य नहीं, बल्कि उसके पीछे छिपे सांस्कृतिक अर्थ को भी समझ सकें।

वाराणसी में होली का अर्थ है जीवन की क्षणभंगुरता के बीच आनंद की स्वीकृति। काशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा घाटों पर फाग गीतों के साथ मनाई जाने वाली होली यह संदेश देती है कि जीवन रंगों की तरह विविध है और हर रंग का अपना महत्व है। यहां होली को स्पिरिचुअल एक्सपीरियंस के रूप में प्रचारित करने की तैयारी है, ताकि विदेशी पर्यटक इसे केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मिक अनुभव के रूप में ग्रहण करें। काशी में होली केवल उत्सव नहीं, बल्कि ‘जीवन एक उत्सव है‘ की भारतीय अवधारणा का प्रदर्शन है। यहां साधु-संतों से लेकर आम जन तक, सभी एक ही रंग में रंग जाते हैं समरसता के रंग में। अयोध्या में होली का अर्थ रामराज्य की उस अवधारणा से जुड़ता है, जहां समाज में समानता और प्रेम सर्वोपरि है। सरयू तट पर आयोजित कार्यक्रमों में यह संदेश देने की योजना है कि रंग सभी भेद मिटा देते हैं। जाति,वर्ग और भाषा की सीमाएं समाप्त हो जाती हैं। सरयू तट पर भजन-कीर्तन और रंगोत्सव भारतीय संस्कृति की उस परंपरा को मजबूत करते हैं, जिसमें उत्सव समाज को जोड़ने का माध्यम है।

पर्यटन एवं परम्परा से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि यदि होली के मूल अर्थ सत्य, प्रेम और समरसता को केंद्र में रखकर आयोजन किए जाएं तो यह उत्सव वैश्विक शांति और सांस्कृतिक संवाद का माध्यम बन सकता है। ट्रैवल कंपनियां ‘होली विद मीनिंग‘ थीम के तहत ऐसे पैकेज तैयार करने पर विचार कर रही हैं, जिनमें पर्यटक धार्मिक कथाओं, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक दर्शन को समझ सकें। इससे पर्यटन केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि ज्ञान और अनुभव का माध्यम बनेगा।

समाजसेवी डॉ अखिलेश वर्मा ने कहा कि होली के अर्थ से जुड़े आयोजनों से स्थानीय कलाकारों, पुजारियों, गाइडों और हस्तशिल्प कारीगरों को भी लाभ मिलेगा। जब पर्यटक किसी त्योहार का दर्शन समझते हैं, तो वे उससे जुड़ी वस्तुओं और परंपराओं में अधिक रुचि लेते हैं। इस प्रकार होली का आध्यात्मिक संदेश पर्यटन और अर्थव्यवस्था दोनों को नई दिशा दे सकता है। लोकगायक धर्मेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि होली भारतीय लोककला और साहित्य से भी गहराई से जुड़ी है। फाग, ठुमरी, दादरा और शास्त्रीय संगीत की विशेष प्रस्तुतियां इस पर्व का हिस्सा हैं। तुलसी, सूर और कबीर की रचनाओं में होली का वर्णन भारतीय साहित्यिक परंपरा की समृद्धि को दर्शाता है। जब किसी उत्सव के पीछे इतनी गहरी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि हो, तो वह विश्व पर्यटन के लिए भी आकर्षण बनता है। विदेशी पर्यटक केवल रंग देखने नहीं आते, बल्कि भारतीय संस्कृति को समझने की जिज्ञासा लेकर आते हैं। उत्तर प्रदेश इस बार होली को इंडियन कल्चरल एक्सपीरियंस के रूप में प्रस्तुत करने की तैयारी में है, जहां पर्यटक धार्मिक कथा,लोक परंपरा,संगीत और सामाजिक दर्शन का अनुभव कर सकें। समाजसेवी राजकिशोर की मानें तो होली भारतीय संस्कृति का वह दर्पण है, जिसमें आस्था, प्रेम, कला, संगीत, दर्शन और सामाजिक समरसता एक साथ दिखाई देते हैं। उत्तर प्रदेश के धार्मिक स्थलों पर मनाई जाने वाली होली इस सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत प्रमाण है। जब ब्रज में भक्ति रंग बनकर उड़ती है, काशी में अध्यात्म गुलाल बनकर बिखरता है और अयोध्या में मर्यादा प्रेम के साथ घुलती है, तब होली केवल पर्व नहीं रहती,वह भारतीय संस्कृति की आत्मा बन जाती है। होली की तैयारियों की गूंज बता रही है कि इस बार रंग केवल चेहरे नहीं, अर्थव्यवस्था और पर्यटन की तस्वीर भी बदल सकते हैं। इस बार होली उत्तर प्रदेश के लिए ऐतिहासिक पर्यटन मॉडल का रूप ले सकती है, जहां आस्था, संस्कृति और विकास एक साथ खिल उठेगी।

# पुलिस की बाइक रैली, दिखा भरोसे का माहौल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से नगराम पुलिस ने रविवार को व्यापक स्तर पर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों और बाजारों में पुलिस बल ने बाइक रैली निकालकर आमजन को सुरक्षा का संदेश दिया।

यह रैली नगराम कस्बा से शुरू होकर समेसी बाजार, करोरा बाजार, हरदोईया, अचली खेड़ा, छतौनी, हसनपुर कनेरी, मोती का पुरवा, सलेमपुर अचाका सहित थाना क्षेत्र के कई गांवों से होकर गुजरी। रैली के दौरान पुलिस कर्मियों ने आम लोगों से संवाद स्थापित किया और होली के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। थाना प्रभारी विवेक चौधरी के नेतृत्व में निकाली गई इस बाइक रैली में पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया कि होली के अवसर पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, हुड़दंग या कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गश्त के दौरान जगह-जगह पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण भी किया तथा व्यापारियों और ग्रामीणों को निर्भीक होकर त्योहार मनाने का भरोसा दिलाया। पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल मजबूत हुआ और आमजन में विश्वास की भावना देखी गई। नगराम पुलिस का यह कदम होली पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ संपन्न कराने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# आदमपुर इंदवारा में जनसुनवाई शिविर आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में ‘आपका विधायक आपके द्वार’ अभियान के अंतर्गत 158वां जनसुनवाई शिविर ग्राम आदमपुर इंद्रवारा में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर ने एक बार फिर जनसंकल्प से जनसमाधान की प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

जनसुनवाई शिविर के दौरान संबंधित विभागों के सहयोग से आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूर्ण कराई गईं। टेंडर पाल्म सुपर स्पेशल्टी हॉस्पिटल के सहयोग से 43 वरिष्ठजनों की निःशुल्क नेत्र जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक दवाइयां एवं चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। जबकि शिवराज, विशुना और विशुना देई का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है।

‘गांव की शान’ कार्यक्रम के अंतर्गत हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार मेधावी छात्र-छात्राओं–शुभांशी सिंह (61%), अमृता शुक्ला (86.5%), गौरव सिंह (51%) एवं अल्का (65%)–को साइकिल, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान नई पीढ़ी को प्रोत्साहन और प्रेरणा देने की दिशा में एक सार्थक कदम है। शिविर में कुल 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 3 का मौके पर ही निस्तारण कर त्वरित समाधान का उदाहरण प्रस्तुत किया गया। शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को अग्रसारित करते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। ‘तारा शक्ति निशुल्क रसोई’ के माध्यम से टीम राजेश्वर द्वारा ग्रामीणजनों को भोजन वितरित कर सेवा और संवेदना का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष दल बहादुर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता गंगा राम भारती, पूर्व प्रधान धर्मेंद सिंह चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पाल सिंह चौहान, नारायण शुक्ला, राम आसरे पाल, देव नारायण शुक्ला, गोवर्धन पाल, गणेश सिंह चौहान, राम नरेश पाल, राम बहादुर सिंह चौहान, रामनाथ पाल, छोटे लाल, वीरपाल सिंह चौहान, शंभू शरण सिंह चौहान समेत टेंडर पाम सुपर स्पेशल्टी हॉस्पिटल के डॉ. राघवेंद्र तिवारी, डॉ.रिया सिंह,आसमां,शालनी,ज्योती उपस्थित रहीं।

# योगी सरकार में आंगनबाड़ी केन्द्रों से सशक्त होता बचपन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बाल पोषण को लेकर योगी सरकार ने मजबूती से काम करते हुए देश में एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया है। ᳐पोषण 2.0᳐ के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले 03 से 06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को ताजा गर्म भोजन (हॉट कुक्ड मील) उपलब्ध कराया जा रहा है। इस व्यवस्था के अंतर्गत लगभग 36 लाख बच्चों तक गर्म भोजन पहुंच रहा है। सरकार की यह पहल केवल भोजन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और विकास की समग्र रणनीति से जोड़ा गया है। सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रत्येक पात्र बच्चे को नियमित, संतुलित और गर्म भोजन मिले, जिससे कुपोषण की समस्या पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। हॉट कुक्ड मील के अंतर्गत 03-06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को माह में 25 दिन तथा वर्ष में 300 दिन अनुपूरक पुष्टाहार प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। इसी के तहत प्रति लाभार्थी प्रतिदिन 4.50 रुपये की दर से व्यय निर्धारित है। योगी सरकार ने इस वित्तीय प्रावधान को पारदर्शी और जवाबदेह प्रणाली के माध्यम से लागू करते हुए यह सुनिश्चित किया है कि धनराशि का उपयोग सीधे बच्चों के पोषण पर हो। इससे न केवल पोषण आपूर्ति की निरंतरता बनी है, बल्कि आंगनबाड़ी व्यवस्था की विश्वसनीयता भी मजबूत हुई है। प्रदेश में हॉट कुक्ड मील योजना का शुभारम्भ अगस्त 2022 में जनपद अयोध्या में किया गया था। इस औपचारिक शुरुआत के बाद योजना को लगभग साढ़े तीन साल में चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश में विस्तारित किया गया। सरकार की मंशा स्पष्ट रही कि बाल्यावस्था में पोषण की कमी भविष्य की शैक्षिक और शारीरिक प्रगति में बाधा न बने। इसके परिणामस्वरूप 03 से 06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के आंगनबाड़ी केन्द्रों में नामांकन और उपस्थिति दोनों में वृद्धि दर्ज की गई है। योजना के संचालन से बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के सकारात्मक संकेत मिले हैं।

# किसान व ग्रामीणों ने डीआरएम लखनऊ के नाम भेजा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजिनी नगर, लखनऊ। पिपरसंड रेलवे स्टेशन के 11 नंबर फाटक के बंद होने से किसानों व ग्रामवासियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस सम्बन्ध में दिसंबर माह में स्टेशन मास्टर को डीआरएम के नाम पत्र लिखकर भेजा गया था जिसपर कोई कार्यवाही न होने पर रविवार को भाकियू संयुक्त मोर्चा उ0प्र0 के अध्यक्ष सूर्यभान शांडिल्य के साथ सैकड़ों किसान व ग्रामवासी 11 नंबर फाटक पर पहुंच गए जिसके बाद डीआरएम लखनऊ से वार्ता हुई और इंजीनियर को भेज समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष सूर्यभान शांडिल्य ने इंजीनियर को ज्ञापन सौंपा और कहा कि यदि 15 दिवस में आवागमन हेतु रास्ता नहीं खोला गया तो रेल रोक कर किसान व ग्रामवासी धरना प्रदर्शन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी रेलवे प्रशासन की होगी। इस दौरान संतोष सिंह चौहान,प्रदेश अध्यक्ष (प्रचार प्रकोष्ठ)कृष्ण पाल प्रजापति प्रदेश अध्यक्ष (संस्कृतिक प्रकोष्ठ ),शिवम सिंह जिला अध्यक्ष,कोमल राजपूत तहसील अध्यक्ष सरोजनी नगर,मोहित रावत तहसील उपाध्यक्ष, शिवम रावत तहसील कार्यालय प्रभारी,अमन प्रजापति,सतीश गौतम , भगौती प्रसाद, राम ,बृजभान विश्वकर्मा ,सुरेंद्र पाल ,रामू पाल, हरगेंद्र, हरिपाल,अमन प्रजापति, शुभम प्रजापति सहित सैकड़ों किसान व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# तीन सौ महिलाओं को प्रशिक्षित किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सर्वोदय आश्रम के उषा पावर लिंक्स ट्रेनिंग कम प्रोडक्शन सेन्टर ने तीन सौ महिलाओं को दो महीने में नौ बैचों के माध्यम से प्रशिक्षण देकर स्वावलम्बी वना कर एक इतिहास बना दिया।

सर्वोदय आश्रम के उषा पावर लिंक्स ट्रेनिंग कम प्रोडक्शन सेन्टर पकरा बाजार का कनिष्ठ पैलेस माल के प्रागंण में तीन सौ महिलाओं को दो महीने में नौ बैचों के माध्यम से प्रशिक्षण देकर स्वावलम्बी वना कर एक इतिहास रच दिया। गत जनवरी एवं फरवरी माह में चार सौ महिलाओं को प्रशिक्षण देकर स्वावलम्बी बनाने का वीणा सर्वोदय आश्रम की अध्यक्षा श्रीमती उर्मिला श्रीवास्तव ने अपनी टीम के शुरू किया जिसमें माल में एक सौ महिलाओं को चार बैचों में प्रशिक्षित करके उन्हें टाटा एवं उषा इन्टरनेशनल लिमिटेड के सौजन्य से स्वावलम्बी बनाने के लिए प्रत्येक महिलाओं को एक एक मशीन दिलवाया, जिसका शुभारंभ उषा इन्टरनेशनल लिमिटेड के विकास खण्ड माल में तीन सौ टाटा उषा सर्वोदयसिलाई स्कूलों के नौ बैचों में माह जनवरी एवं फरवरी में प्रशिक्षण शुरूआत हुई प्रथम टाटा उषा सर्वोदय सिलाई स्कूल के बैच का शुभारंभ समाज सेविका श्रीमती रमादेवी अग्निहोत्री तथा एक बैच का शुभारंभ डा0 ज्ञानेन्द्र कुमार सिह ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया था तथा आज अन्तिम बैच का टाटा उषा सर्वोदय सिलाई स्कूलों को मशीन वितरण समय चक्र टाइम्स लखनऊ के सम्पादक श्री राकेश उपाध्याय ने सेवा निवृत्त पी0सी0 सी0 अधिकारी डा0 अशोक कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर महिलाओं कं लिए मीडिया महत्व एनबीटी के माल संवाद दाता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मीडिया का महत्व में लखनऊ वायस आफ लखनऊ के माल प्रतिनिधि रामकिशोर पासी, नवभारत टाइम्स माल प्रतिनिधि एम0 एल0 मौर्या राष्ट्रीय स्वरूप माल प्रतिनिधि अवधेश सिह, कैनविजटाइम्स माल प्रतिनिधि शिवराज सिंह, पायनियर माल प्रतिनिधि विकास सैनी, अमृत विचार माल प्रतिनिधि निर्मल सैनी, तथा लखनऊ से समय चक्र टाइप के सम्पादक राकेश उपाध्याय, वरिष्ठ पत्रकार आलोक दीक्षित, पत्रकार दिग्विजय उपाध्याय न्यूज़ समय चक्र टाइम्स इकाई लखनऊ को टाटा उषा सर्वोदय प्रशिक्षण कार्यक्रम सर्वोदय आश्रम के सलाहकार डा0 अशोक कुमार शुक्ला ने सर्वोदय आश्रम की ओर अंगवस्त्र, पेन डायरी स्मृति चिन्ह फोटो लगी माला पहनाकर सभी पत्रकार बन्धुओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सर्वोदय आश्रम के कार्यक्रम समन्वयक बृजेश कुमार सक्सेना तथा अतिथि धन्यवाद देशराज गौतम ने दिया। अतिथियों का स्वागत श्रीमती दिव्या शुक्ला तथा अजय कुमार समाजसेवी किया।

# दधीचि कुंड पर भव्य सन्यासी पूजन सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मिश्रिख/सीतापुर। तीर्थ नगरी नैमिष क्षेत्र स्थित पावन स्थल दधीचि कुंड पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सन्यासी पूजन कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, आस्था और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। प्रातःकाल से ही कुंड परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दूर-दराज के क्षेत्रों से आए भक्तों ने पवित्र सरोवर में स्नान कर पूजन-अर्चन किया और संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ दधीचि कुंड के प्रधान पुजारी राहुल शर्मा द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण, पूजन एवं महाआरती के साथ किया गया। शंखध्वनि, घंटानाद और वैदिक ऋचाओं की गूंज से समूचा वातावरण भक्तिमय हो उठा। प्रधान पुजारी राहुल शर्मा ने बताया कि सन्यासी पूजन की यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसका उद्देश्य सनातन संस्कृति और संत परंपरा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करना है।

पूजन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सहित अन्य कई प्रांतों से आए यजमानों ने भाग लिया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन कर डंडी सन्यासियों का अभिनंदन किया। स्थानीय गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों एवं समिति के पदाधिकारियों द्वारा संत-महात्माओं को अंगवस्त्र, प्रसाद और दक्षिणा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संतों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा और सदाचार का संदेश देते हुए समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। स्वयंसेवकों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु जलपान, बैठने की व्यवस्था एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया। सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

सन्यासी पूजन के इस पावन अवसर पर 'हर-हर महादेव' और 'जय श्रीराम' के जयघोष से दधीचि कुंड परिसर गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं का उत्साह और संतों का सान्निध्य इस आयोजन को और अधिक दिव्य एवं अविस्मरणीय बना गया। आयोजकों ने बताया कि आने वाले वर्षों में भी इसी प्रकार भव्य रूप से सन्यासी पूजन का आयोजन किया जाता रहेगा, ताकि धार्मिक परंपराओं का संरक्षण और संवर्धन होता

# लक्ष्मी नारायण मंदिर में भक्ति भाव से संपन्न हुई प्राण प्रतिष्ठा, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा/सीतापुर। विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत गौरिया गांव में भगवान लक्ष्मी नारायण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा, आस्था और उल्लास के बीच भव्य रूप से संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम 27 फरवरी 2026, शुक्रवार से प्रारंभ होकर 01 मार्च 2026, रविवार तक चला, जिसमें क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजकों के अनुसार वैष्णव संप्रदाय के जगद्गुरु स्वामी 1008 परम पूज्य अच्युत प्रपन्नाचार्य महाराज जी के सान्निध्य में मंदिर स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा की सभी विधियां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत सम्पन्न कराई गईं। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा और श्रद्धालुओं की लगातार भीड़ उमड़ती रही। कार्यक्रम के दौरान मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाए गए, वहीं






भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम निरंतर चलता रहा। अंतिम दिन 01 मार्च 2026, रविवार को प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के डा0 कपिल देव दीक्षित ने सभी श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामवासियों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। उन्होंने ऐसे आयोजनों को समाज में एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना बढ़ाने वाला बताया।

गांव में तीन दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन ने पूरे क्षेत्र को उत्सवमय बना दिया और श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए।

# मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना अन्तर्गत विधायक ने किसानों को बांटे पंपिंग सेट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां (सीतापुर)। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना अन्तर्गत सकरन विकास खण्ड में वर्ष 2025-26 में उथले नलकूप के लिए चयनित लाभार्थी कृषकों द्वारा अनुदान पर क्रय किये गये लगभग 34 कृषकों को डीजल पम्प सेटों का वितरण सेवता विधायक ज्ञान तिवारी व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से रविवार को जहांगीराबाद के निकट केवानी नदी के तट पर स्थित श्री राधा कृष्ण आश्रम पर आयोजित एक कार्यक्रम में किया।जे0ई0एम0आई0 ने बताया कि यह वितरण सकरन विकास खण्ड अन्तर्गत सेवता विधानसभा में आने वाली 17 ग्राम सभाओं के 34 किसानों को किया गया है। इस मौके पर विधायक ज्ञान तिवारी ने सरकार द्वारा अन्नदाता किसानों को दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने सभी लाभान्वित किसानों से कहा कि योगी सरकार ने जिस विचारधारा के अन्तर्गत किसानों को पम्पिंग सेट प्रदान कराये हैं अगर उन्हें उसी कार्य में लाया जायेगा तभी सरकार की मंशा पूरी होगी और अन्नदाताओं को उसका लाभ मिल सकेगा। इस दौरान बी0टी0 ज्ञानेन्द्र सिंह, जे0ई0एम0आई0 हेमन्त कुमार, प्रधान प्रतिनिधि पूंजी खेरा संजय कुमार वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि धामी सरांय शिवराम, मण्डल अध्यक्ष भाजपा रामू चौरसिया जहांगीराबाद व सरदार सुरेन्द्र सिंह टेड़वाकलां सहित भारी संख्या में किसान व संभ्रांत लोग उपस्थित थे।

# छात्र संघ बहाल करने वाले दल को मिलेगा समर्थनः सरोज तिवारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कमलापुर मास्टरबाग । क्षेत्र के द ड्रीम पब्लिक स्कूल में अखण्ड युवा छात्र सभा व हिंदू युवा वाहिनी के द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने की, जबकि संचालन ललित सिंह ने किया।

इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सरोज तिवारी, मनोज तिवारी, बृजेश मिश्र, पवन उपाध्याय, ज्ञानेंद्र व संजय शुक्ला (पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष केकेसी) तथा चाणक्य सिंह चौहान सहित क्षेत्र के अनेक लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में युवाओं की भूमिका पर चर्चा करते हुए राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि हजारों वर्षों की गुलामी के बाद देश को संविधान का शासन मिला है। इसे



सुरक्षित बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि समाज और देश की सुरक्षा के लिए एकता अत्यंत आवश्यक है तथा विभाजनकारी ताकतों से सतर्क रहना होगा।

इस दौरान उन्होंने कृष्ण कुमार शुक्ल को हिंदू युवा वाहिनी का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया।

पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सरोज तिवारी ने कहा कि राजनीतिक दलों ने छात्र संघ चुनावों पर रोक लगाकर छात्र राजनीति को कमजोर किया है, जबकि छात्र ही सरकार से सवाल पूछते हैं और नीतियों पर आवाज उठाते हैं। उन्होंने कहा कि समय की मांग है कि छात्र संघ चुनाव पुनः बहाल किए जाएं ताकि राजनीतिक चेतना से युक्त छात्र आगे आकर देश और प्रदेश के विकास में योगदान दे सकें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो दल छात्र संघ बहाल करेगा, उसे युवाओं का समर्थन और वोट मिलेगा।

# पूर्व सांसद से गुहार, मुख्यमंत्री से मिलने की मांग, कालीचरन प्रकरण गरमाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । जनपद लखीमपुर खीरी के मैगलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जहाननगर निवासी कालीचरन के 17 दिन से लापता होने का मामला अब जनआक्रोश में बदलता जा रहा है। परिजनों का कहना है कि कालीचरन संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक लापता हो गया था, जिसके बाद से लगातार तलाश जारी है, लेकिन अब तक उसका कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है। घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराज़गी देखी जा रही है। इसी क्रम में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष परिजनों के साथ पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर के आवास पहुंचे। ग्रामीणों ने वहां एकत्र होकर कालीचरन की शीघ्र बरामदगी की मांग की और मामले में प्रभावी हस्तक्षेप करने की अपील की।


परिजनों ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि शुरुआती दिनों में यदि गंभीरता से जांच की जाती तो अब तक कोई महत्वपूर्ण सुराग मिल सकता था। परिवार ने आशंका जताई कि कालीचरन के साथ कोई अनहोनी भी हो सकती है, इसलिए मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार थाने के चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और गांव में घटना चर्चा का प्रमुख विषय बनी हुई है।

पूर्व सांसद जुगुल किशोर ने परिजनों की बात ध्यानपूर्वक सुनी और उन्हें भरोसा दिलाया कि मामले में संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर जांच को तेज कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सीधे मुलाकात कराने की मांग भी उठाई है। उनका कहना है कि यदि वे अपनी बात सीधे मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे तो मामले में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई संभव हो सकेगी। वर्तमान में यह मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। यदि जल्द ही कोई ठोस प्रगति नहीं होती है तो ग्रामीणों द्वारा बड़े स्तर पर आंदोलन किए जाने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा है।

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर' का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। किसानों की खुशहाली के साथ-साथ उनके बेहतर स्वास्थ्य के संकल्प को दोहराते हुए, आज दिनांक 01 मार्च 2026 को कृषि विज्ञान केन्द्र-2, कटिया, सीतापुर के परिसर में भारत विकास परिषद के सहयोग से एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में रहने वाले अन्नदाताओं को उनके द्वार पर ही विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। चिकित्सकों की टीम द्वारा शिविर में आए किसानों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य का बारीकी से परीक्षण किया गया। प्रमुख गतिविधियांः विशेषज्ञ टीम (डॉ प्रमोद कुमार धवन (हृदय रोग विशेषज्ञ) , डॉ अनुराग गोयल (सामान्य चिकित्सक) , डॉ हिमांशु शुक्ला (सामान्य चिकित्सक) , डॉ सुनील वैश्य (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ ज्ञान प्रकाश गुप्ता (सर्जन विशेषज्ञ परामर्श शिविर में हृदय रोग, नेत्र



रोग, सामान्य बीमारी और हड्डी रोग विशेषज्ञों ने किसानों की जांच कर उन्हें उचित चिकित्सीय परामर्श दिया।

निशुल्क औषधि वितरणः जांच के उपरांत मरीजों को आवश्यकतानुसार केंद्र की ओर से निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।

स्वास्थ्य जागरूकताः चिकित्सकों ने किसानों को बदलती जीवनशैली में स्वस्थ रहने के टिप्स दिए और कृषि कार्यों के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक किया।

केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ दया एस श्रीवास्तव ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र किसानों की केवल तकनीकी सहायता ही नहीं, बल्कि उनके समग्र कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। एक स्वस्थ किसान ही उन्नत खेती के माध्यम से देश की प्रगति में बेहतर योगदान दे सकता है। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष उमेश प्रसाद तिवारी, सचिव वी एन श्रीवास्तव, सदस्यगण ओम प्रकाश गुप्ता, उमेश गुप्ता, नन्द लाल भूटानी, ज्योति सलूजा, संतोष भदौरिया, एस के श्रीवास्तव, राज नरायन टंडन उपस्थित रहे। शिविर में 259 क्षेत्रीय किसानों ने हिस्सा लिया और इस पहल की सराहना की।

# धौरहरा में त्योहार को लेकर अलर्ट, पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरीऽ जनपद के धौरहरा कस्बे में आगामी त्योहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दिया। कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी रविंद्र सोनकर के नेतृत्व में कस्बा इंचार्ज विरेंद्र सिंह, एसआई रुद्रप्रकाश पाण्डेय व समस्त पुलिस बल ने कस्बे के प्रमुख मार्गों पर फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस टीम ने मुख्य बाजार, बस स्टैंड, प्रमुख चौराहों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और संवेदनशील स्थलों का भ्रमण किया। पैदल गश्त करते हुए पुलिसकर्मियों ने आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष सतर्कता बरती गई और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी रविंद्र सोनकर ने दुकानदारों से वार्ता कर स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने से बचें। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों से अपनी दुकानों के बाहर अतिक्रमण न करने, सीसीटीवी कैमरे चालू रखने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। साथ ही जुलूस, पटाखों और भीड़ प्रबंधन को लेकर शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। फ्लैग मार्च के दौरान कस्बे में सुरक्षा का वातावरण बना रहा और नागरिकों ने पुलिस की सक्रियता की सराहना की। प्रशासन का कहना है कि त्योहारों को देखते हुए आगे भी नियमित गश्त, चेकिंग अभियान और निगरानी जारी रहेगी, ताकि क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था पूरी तरह कायम रहे।

# शादी में नाबालिग से गैंगरेप पर फूटा जन-आक्रोश, मुख्य आरोपी का हुआ हॉफ एनकाउंटर

लखीमपुर खीरी - जनपद लखीमपुर खीरी का सिंगाही थाना क्षेत्र उस समय दहल उठा, जब शादी की खुशियों के बीच एक 14 वर्षीय मूक-बधिर नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वीभत्स घटना सामने आई। इस घटना ने न केवल पुलिस-प्रशासन को हिला दिया है, बल्कि स्थानीय लोगों और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में भी भारी आक्रोश भर दिया है।

पीड़िता अपने फुफ़ेरे भाई की बारात में शामिल होने के लिए पड़ोसी गांव आई थी। टेंट के पास मौजूद नाबालिग को गांव के ही दो आरोपियों जावेद (28) और छोटू ने बहला-फुसलाकर टेंट से करीब 50 मीटर दूर गन्ने के खेत में खींच लिया। अपनी शारीरिक अक्षमता (मूक-बधिर) के कारण पीड़िता मदद के लिए शोर भी नहीं मचा सकी। इस दौरान एक अन्य युवती द्वारा आरोपियों को कुकर्म करते देख शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर दौड़े, जिसके बाद आरोपी पीड़िता को मरणासन्न हालत



में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस का 'ऑपरेशन एनकाउंटर' घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी ख्याति गर्ग और एएसपी पवन गौतम ने मोर्चा संभाला। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए रविवार तड़के करीब 4 बजे मुख्य आरोपी जावेद को उमरा गांव के पास घेर लिया। जब पुलिस ने उसे आत्मसमर्पण करने को कहा, तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली जावेद के दाहिने पैर में लगी, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से हथियार भी बरामद हुए हैं, जबकि दूसरा आरोपी 'छोटू' अभी भी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। सड़कों पर उतरा जन-आक्रोशः क्लेश नगर चौराहे पर चक्का जाम आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद भी लोगों का गुस्सा कम नहीं हुआ। रविवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों ने क्लेशनगर चौराहे पर भारी हंगामा करते हुए सड़क जाम कर दी। प्रदर्शनकारियों ने मांग की किः आरोपियों के घर पर बुलडोजर कार्रवाई की जाए। दोषियों को फांसी की सजा सुनाई जाए।

प्रदर्शन के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। भारी तनाव को देखते हुए मौके पर प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे। अधिकारियों द्वारा मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई का ठोस आश्वासन देने के बाद ही प्रदर्शनकारियों ने अपना धरना समाप्त किया।

गांव बना छावनी, तनाव बरकरार

घटना के बाद से गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। एहतियात के तौर पर गांव में छह थानों की भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। पीड़ित परिवार, जो आर्थिक रूप से कमजोर है और पिता मजदूरी करते हैं, गहरे सदमे में है। एएसपी पवन गौतम ने आश्वासन दिया है कि इस मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और जांच को फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए अंजाम तक पहुंचाया जाएगा ताकि पीड़िता को जल्द न्याय मिल सके।

# कयामत तक अयातुल्ला अली खामेनेई की शहादत को दुनिया याद रखेगी : पूर्व मंत्री आबिद रज़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। एक मार्च मरहूम अयातुल्ला अली खामेनेई की शहादत से जाना जायेगा, जब तक दुनिया कायम रहेगी। ईरान के सुप्रीम लीडर दुनिया के बहादुर नेता रहवर-ए-इंकलाव अब इस दुनिया में नहीं रहे, इसका अफसोस पूरी दुनिया में उन लोगो को है जो जालिम व जुल्म के सताये हुये है जो कौमे मैदान-ए-अमल में होती है, जनाजे वही उठते है। आज उनकी शहादत से दुनिया में यह पैगाम गया, अपनी जान की परवाह किये बिना, अपने नुकसान की परवाह किये बिना जालिम के आगे न झुकना दुनिया के लिए एक सबक है।

अयातुल्ला अली खामेनेई साहब 86 साल के थे लेकिन बहादुरी के लिये जिस्म और उमर भी आड़े नहीं आती, मैं हमेशा कहता हूँ इन्सान के पास दो चीजे होती है एक जिस्म, दूसरी उसकी रूह (उसकी आत्मा)। जिस्म की गिज़ा रिज्क होता है। म्गमतबपेम से भी जिस्म को मजबूत बनाया जा सकता है, जिस्म में आदमी ताकतवर बनता है दूसरी चीज इन्सान की रूह उसकी गिज़ा ईमान होता है। आध्यात्मिकता होती है, रूह से मजबूत होने से आदमी बहादुर बनता है। खामेनेई साहब की उम्र भले ही 86 साल की थी लेकिन रूह बहुत मज़बूत भी वह बहादुर थे।जो अल्लाह से डरता है जो सर अल्लाह के आगे झुकता है उस सर को अल्लाह दुनिया में कमजोर नहीं होने देता, वह सर दुनिया में किसी आगे नहीं झुकने नहीं देता अल्लाह ताला ने खामेनेई का सर किसी के आगे झुकने नहीं दिया उस सर को अपने पास बुला लिया। कयामत तक उस सर का नाम दुनिया में जिन्दा रखेगा। मौत की भी एक काट है लोगो के जहन में जिन्दा रहना सीख लो। जो लोग जालिम के आगे मज़लूम की आबाज उठाते है, जुल्म के खिलाफ लड़ते है, गरीब मजबूत ताकतवर से लड़ते है, उनकी ताकतवर लोग ताकत के बल पर उनकी जान तो ले सकते है, उनकी जिन्दगी तो छीन सकते है लेकिन ऐसे लोग मरते नहीं शहीद होते है, और शहीद होकर लोगो के ज़हन में जिन्दा हो जाते है। आज खामेनेई साहब मरे नहीं है शहीद हुये है पूरी दुनिया जब तक कायम रहेगी लोगो के ज़हन में जिन्दा रहेगे। दुनिया का ताकतवर मुल्क अमेरिका दुनिया में गुण्डागर्दी की बुनियाद पर ताकतवर बना हुआ है, सारी दुनिया के मुल्क व दुनिया के लीडर बेइज्जत होने के वाबजूद अमेरिका व ट्रंप से दुषमनी मोल नहीं लेना चाहते लेकिन खामेनेई साहब भी अमेरिका और ट्रंप से समझौता कर सकते थे, अच्छी जिन्दगी गुजार सकते थे, लेकिन उन्होने अमेरिका व ट्रंप के खिलाफ जंग लड़ना चुनकर जिन्दगी नहीं, मौत चुनी मैं आबिद रज़ा खामेनेई साहब के ज़ज्बे को सलाम करता हूँ। खामेनेई साहब की शहादत जालिमों के खिलाफ न झुकना दुनिया के लिए सबक है।

# ग्रामीण इंडोर स्टेडियम की जमीन पर अवैध कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बछरावां,रायबरेली। विगत लगभग एक माह से ग्रामीण इंडोर स्टेडियम बछरावां की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर जिला खेलकूद कल्याण अधिकारी के द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीण इंडोर स्टेडियम की आवंटित जमीन पर कब्जा रोका जाए। वहीं दूसरी तरफ ग्राम सभा बिशनपुर के द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र की प्रस्तावित जमीन गाटा नंबर 1612 पर प्रस्ताव हुआ। जिसको लेकर संजय नगर के निवासियों ने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र को खाली पड़ी जमीन के मध्य निर्माण को गलत करार दिया गया वहीं दूसरी तरफ मोहल्ले वासियों का कहना है कि होटल व्यवसाय राजाराम द्वारा 1612 बंजर जमीन पर अवैध कब्जा करके ग्राम सभा के प्रधान की मिली भगत से अवैध कब्जा किया गया है। अगर प्रस्तावित जमीन गाटा नंबर 1612 पर आंगनबाड़ी केंद्र बना है तो राजाराम यादव को क्यों लगभग लाखों की बेशकीमती बंजर जमीन पर कब्जा दिलवाया जा रहा है वहीं सूत्रों की जानकारी के अनुसार और मोहल्ले वालों में चर्चा के अनुसार जमीन का सौदा होटल व्यवसायी को ग्राम सभा के प्रधान द्वारा किया गया है। इसकी चर्चा बछरावां क्षेत्र में जोरों से चल रही है और लोगों में आक्रोश है कि अगर आंगनबाड़ी केंद्र बना है तो एक यह होटल व्यवसाय को क्यों जमीन दी गई। इस बंजर जमीन की माप करके अवैध कब्जेदारों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इसकी मांग मोहल्ले के वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर चंद्रमढी त्रिपाठी, भूमंडल शुक्ला एवं पूर्व प्रधान पद के उम्मीदवार राजेंद्र सिंह उर्फ राजू बाबा सहित दर्जनों लोगों ने तहसील प्रशासन की मिली भगत से इस अवैध कब्जे का पुरजोर विरोध किया वहीं दूसरी तरफ जिला कल्याण अधिकारी द्वारा मांग की गई है की राजस्व टीम बनाकर इंडोर स्टेडियम को दी गई जमीन की पैमाइश कराई जाए और तब तक प्रस्तावित आंगनवाड़ी निर्माण कार्य को रोका जाए।

## रोडवेज चालक की बाइक रोककर की लूट, छर्रा लगने से हुआ घायल

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। रोडवेज के चालक की बाइक को बदमाशों ने तमंचा दिखाकर रोक लिया। उसके पास रखे 15 सौ रुपये व मोबाइल लूट लिया। विरोध करने पर एक बदमाश ने उन पर गोली चला दी। छर्रा लगने से वह घायल हो गए। राहगीरों को आते देख बदमाश भाग निकले। पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना स्थल वजीरगंज का होने की वजह से पुलिस को भी मौके पर बुलाया गया। रात में पुलिस ने जंगल में बदमाशों की तलाश की लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव रजला मई के रहने वाले गुड्डू ने बताया कि वह रोडवेज की बस पर चालक के पद पर तैनात है। शुक्रवार रात करीब आठ बजे वह ड्यूटी खत्म करके बाइक से घर जाने के लिए निकले थे। गांव की ओर मुड़ने से पहले बाइक सवार बदमाशों ने तमंचा दिखाकर बाइक रोक ली। जेब में रखे 15 सौ रुपये निकाल लिए। मोबाइल लूट लिया। विरोध किया तो एक बदमाश ने उस पर गोली चला दी। गोली सीधी नहीं लग सकी, लेकिन छर्रा उनके हाथ-पैर और सीने में लगने से वह घायल हो गए। मामले की पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह का कहना है जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

## सटोरियों पर सिविल लाइन पुलिस की बड़ी कार्रवाई

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के दातागंज तिराहे के पास शुक्रवार रात दो अलग-अलग जगहों से आठ सटोरिया मैच पर सट्टा लगाते गिरफ्तार किए गए। सभी को थाने लाकर पूछताछ की गई। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है। जवाहरपुरी चौकी प्रभारी अनंत अमौरिया ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि शुक्रवार की रात वह पुलिस बल के साथ रात्रि गश्त कर रहे थे। सूचना मिली कि मझिया बाइपास के पास बने एक टयूबवेल के पास कुछ लोग मैच पर सट्टेबाजी कर रहे हैं। पुलिस ने सूचना पर दबिश दी तो सट्टा लगाते हुए छह लोग मिले। पुलिस ने सभी गिरफ्तार कर लिया। गाड़ी में बिठाकर थाने ले आए। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम लखनपुर निवासी अजय पटेल, नगला शर्की निवासी सिद्धार्थ पटेल, भकुईया निवासी विशाल पटेल, आमगांव निवासी तरूण कुमार सिंह, मोहित कुमार व बाबट निवासी कमल कुमार बताया। इसी के साथ ही दातागंज तिराह के पास से दो लोगों को पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगाते हुए गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने अपना नाम जवाहरपुरी के रहने वाले अरुण व प्रीति विहार निवासी मोहित कुमार बताया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

## जिले में तीन लाख से अधिक किशोरियों को लगेगा टीका

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान का शुभारंभ कर दिया गया है। अभियान के तहत कुल तीन लाख नौ हजार किशोरियों को टीका लगाया जाएगा। यह टीकाकरण 14-15 आयु वर्ग की किशोरियों का किया जा रहा है। जिले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीकाकरण से पहले चयनित किशोरियों को सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर बुलाया जाएगा। वहां सबसे पहले उनकी प्रारंभिक जांच और मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके साथ ही किशोरियों और उनके अभिभावकों की काउंसलिंग भी की जाएगी, ताकि उन्हें टीके की उपयोगिता, सुरक्षा की जानकारी दी जा सके। काउंसलिंग के बाद किशोरियों को टीका लगाया जाएगा टीका लगाए जाने के बाद किशोरियों को डॉक्टरों की निगरानी में करीब आधा घंटा स्वास्थ्य केंद्र पर ही रोका जाएगा, ताकि किसी प्रकार की असहजता या दुष्प्रभाव की स्थिति में तुरंत चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जा सके। निर्धारित समय के बाद उन्हें जाने की अनुमति दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार टीकाकरण के बाद किशोरियों को मौके पर ही प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। जिससे भविष्य में टीकाकरण का रिकॉर्ड सुरक्षित रह सके।

## राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण का हुआ शुभांरभ

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया, जिसका लाइव प्रसारण जिला महिला अस्पताल में दिखा गया। लाइव प्रसारण खत्म होने के बाद में सीएमओ डॉ. रामेश्वर मिश्रा की ओर से वहां पर मौजूद लोगों को इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई है। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष शारदेंदु पाठक, एसीएमओ मोहन झा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ मो. असलम, डिप्टी सीएमओ डॉ. निरंजन सिंह, डॉ. मो. तहसीन, डॉ. पवन जायसी, धर्मेंद्र, उमेश राठौर, अभय प्रताप सिंह, संजीव आदि मौजूद रहे।

## तहसीलदार व अधिवक्ताओं में कहासुनी, कुर्सी फेंककर मारी, बाल-बाल बचे तहसीलदार

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। महिला अधिवक्ता से अभद्रता किए जाने के बाद तहसीलदार व अधिवक्ताओं के बीच शनिवार को तीखी झड़प हो गई। एक अधिवक्ता ने कुर्सी उठाकर तहसीलदार की ओर उछाल दी, हालांकि उन्हें लगी नहीं। देखते ही देखते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी मौके पर पहुंच गए। एक घंटे तक चले हंगामे के बाद पुलिस ने अधिवक्ताओं को समझाकर शांत किया। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहसील बार दातागंज में वकालत कर रहीं आशा दीक्षित ने बताया कि वह मोहम्मद फईम के मामले में कुछ बात करने तहसीलदार रामचंद्र सिंह के ऑफिस गईं थीं। आरोप है कि बात की तो उन्होंने सही जवाब न देकर अभद्र व्यवहार कर दिया। विरोध दर्ज कराने के दौरान ही उन्होंने बार के पदाधिकारियों समेत अन्य साथी अधिवक्ताओं को बुला लिया। ऑफिस में ही अधिवक्ताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। इसी दौरान एक अधिवक्ता ने कुर्सी उठाकर तहसीलदार को फेंककर मारी, जिसमें वह बाल-बाल बच गए। करीब एक घंटे के बाद अधिवक्ताओं ने शिकायती पत्र पुलिस को दिया। तब कहीं जाकर मामला शांत हो सका। इस दौरान तहसीलदार हाय हाय के नारे भी अधिवक्ताओं ने लगाए। सूचना मिलने के बाद वह थाने पहुंचे और मामले की जानकारी ली। अधिवक्ताओं को समझा दिया है।
तहसीलदार से बात की गई है। मामूली बात पर विवाद की स्थिति बन गई थी। अब मामला पूरी तरह से शांत है। - धर्मेंद्र कुमार सिंह, एसडीएम, अधिवक्ता की ओर से शिकायती पत्र मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोनों पक्षों में समझौते की बात चल रही है। तहसीलदार व अधिवक्ताओं के बीच का मामला है। देर शाम को मामला शांत करा दिया गया है। - केके तिवारी, सीओ, दातागंज

## होली की खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ी भीड़

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। होली के पर्व को लेकर बाजारों में खरीदारी का उत्साह अपने चरम पर है। रविवार को बाजार में भारी भीड़ उमड़ी। शहर के प्रमुख मार्गों और बाजार क्षेत्रों में भीषण जाम लग गया। सुबह से ही मुख्य चौराहों और व्यावसायिक इलाकों में वाहनों की लंबी कतारें दिखाई दीं। हालात ऐसे रहे कि कई स्थानों पर पैदल चलना तक मुश्किल हो गया। शहर में सबसे अधिक दबाव मुख्य बाजार, घंटाघर, इंदिरा चौक, गांधी ग्राउंड और बस स्टैंड क्षेत्र में देखने को मिला। होली के मद्देनजर लोग मिठाई, रंग-गुलाल, कपड़े और उपहारों की खरीदारी के लिए काफी संख्या में घरों से निकले। दोपहिया और चारपहिया वाहनों की अधिकता के कारण सड़कों पर जगह कम पड़ गई। वहीं, सड़क किनारे अव्यवस्थित ढंग से खड़े वाहनों और अतिक्रमण ने जाम की स्थिति को और गंभीर बना दिया। कई स्थानों पर ठेले, अस्थायी दुकानें और फ़ेरीवाले सड़क तक फैल गए, जिससे यातायात बुरी तरह बाधित हुआ। जाम में फंसे लोगों को धूप और गर्मी में काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस को जाम खुलवाने में पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। शहर के जोगीपुरा निवासी गगनदीप, राजीव कुमार गुप्ता का कहना है कि त्योहार पर ग्राहकों की संख्या बढ़ना स्वाभाविक है, लेकिन बेहतर ट्रैफिक प्लान और पार्किंग व्यवस्था होती तो हालात काबू में रहते। वहीं, शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की कि त्योहारों के दौरान वन-वे व्यवस्था, अस्थायी पार्किंग और अतिक्रमण हटाने की सख्ती से व्यवस्था लागू की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## उझानी कोतवाली के बाहर, पुलिसकर्मी का वीडियो वायरल

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। उझानी कोतवाली के बाहर का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिस कर्मी टुल्ल दिखाई दे रहे हैं, लोग सवाल कर रहे हैं कि जो अपनी सुरक्षा नहीं कर सकता, वो आम जनता की सुरक्षा कैसे करेगा, इस वायरल वीडियो के संदर्भ में अभी तक पुलिस की ओर से कोई बयान नहीं आया है, वीडियो कब का है और इस वीडियो में कौन पुलिस कर्मी हैं, इस बारे में पुलिस का बयान आने के बाद ही ज्ञात हो सकेगा, फिलहाल सोशल मीडिया वीडियो पर जमकर वायरल हो रहा है और लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

# प्रभारी मंत्री ने किया उज्जवला लाभार्थियों को नि:शुल्क सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक का वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूं। होली के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1,500 करोड़ रुपए की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्जवला परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ के लोक भवन में अपरान्ह 04.00 बजे से किया गया। जनपद में उज्जवला लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी वितरण का कार्यक्रम डायट परिसर स्थित ऑडिटोरियम, बदायूँ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा, उ0प्र0 सरकार गुलाब देवी, जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, वरि0 भा0ज0पा0 नेता/प्रतिनिधि, विधान परिषद सदस्य शारदेन्दु पाठक, जिलाधिकारी अवनीश राय आदि मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ उज्जवला परिवारों में जनपद बदायूं के 427000 उज्जवला कनेक्शन लाभार्थियों को 552 रुपए 50 पैसे प्रति कनेक्शन की दर से कुल अंकन रुपए 23 करोड़ 59 लाख 17 हजार 500 की सब्सिडी अंतरित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनधिगणों, अधिकारी/कर्मचारियों एवं उज्जवला योजना के लाभार्थियों द्वारा मा0 मुख्यमंत्री का सम्बोधन सुना गया। तदुपरान्त जनप्रतिनिधिगणों के कर कमलों से कार्यकम में उपस्थित 10 उज्जवला लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि व जनपद की प्रभारी मंत्री श्रीमती गुलाब देवी, राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा, उ0प्र0 सरकार द्वारा उज्जवला योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुये अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत निःशुल्क सिलेण्डर दिये जाने पर विशेषकर ग्रामीण अंचल में रहने वाली महिलाओं की जिदंगी में अमूल चूल परिवर्तन हुआ है, जहाँ पहले महिलाओं को खाना बनाते समय होने वाले धुये कि वजह से विभिन्न बीमारियों का सामना करना पडता, जिससे उन्हें छुटकारा मिला है। निःशुल्क सिलेण्डर मिलने से महिलायें इस धनराशि का उपयोग अन्य सामान की खरीददारी में कर सकेगीं। मंत्री द्वारा शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं जैसे निःशुल्क खाद्यान्न वितरण, आवास योजना, सामूहिक विवाह आदि पर विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। उज्जवला लाभार्थियों से अपील की गयी कि सभी लोग दो माह के अन्दर अपने उज्जवला सिलेण्डर की रिफिल करा लें ताकि उक्त रिफिल के सापेक्ष धनराशि उनके बैंक खाते में अंतरित की जा सकें। जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा उपस्थित जनप्रतिनधिगणों, अधिकारीणों एवं उज्जवला लाभार्थियों का धन्यवाद करते हुये कार्यकम का समापन किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, प्रशासन, अपर पुलिस अधीक्षक, (नगर), नगर मजिस्ट्रेट एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण, ऑयल कम्पनी के अधिकारी, गैस एजेन्सीधारक एवं लगभग 600 उज्जवला लाभार्थी उपस्थित रहें।

## होली को लेकर डीएम-पुलिस अधीक्षक ने किया पैदल गश्त

जौनपुर। होली के त्योहार को शांति, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने रविवार को शहर में पैदल गश्त किया। पैदल गश्त करते हुए पुलिस अधिकारी कोतवाली सदर से होकर चहारसू, ओलंदगंज, शाही पुल होते हुए सद्भावना पुल के गोपी घाट तक पहुंचे। इस दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने आमजन, व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर त्योहारों को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने कहा कि जनपद में कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। उन्होंने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा सोशल मीडिया पर अपुष्ट सूचनाएं साझा न करने का आग्रह किया। उन्होंने चेतावनी दी कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने या अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है।

## दबिश के दौरान 550 किग्रा0 लहन मौके पर नष्ट, 22 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद व 2 अभियोग पंजीकृत

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र- 3 डॉ रमेश यादव एवं थाना प्रभारी सरेनी की संयुक्त टीम तथा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र -1 अखिलेश कुमार एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी।
टीमों द्वारा तहसील लालगंज के थाना सरेनी अंतर्गत ग्राम पूरनपुर एवं बैरआ में ड्रोन कैमरा द्वारा तथा थाना मिलएरिया के अन्तर्गत ग्राम सिद्धा का पूरवा व मालिन का पूरवा में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान लगभग 550 किग्रा0 लहन मौके पर नष्ट किया गया तथा 22 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 02 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। जिले में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

## त्यौहार/पर्व आपसी सद्भाव, अमन चैन के साथ मनाया जाए

रायबरेली। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया है कि जनपद में होली व रमजान पर्व को शांति, सद्भाव के साथ सकुशल संपन्न कराने हेतु कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद के समस्त थाना क्षेत्र के अंतर्गत उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व थाना अध्यक्ष द्वारा भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया तथा होलिका दहन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया। अपर जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों से त्योहारों के अवसर पर विशेष रूप से सतर्कता बरतने के निर्देश दिये और कहा कि त्योहार/पर्व में कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की समस्या/विवाद की जानकारी प्राप्त होने पर संबंधित विभागीय अधिकारियों से शीघ्र उसका समाधान करा लें। समस्त कार्यक्रम परम्परागत ढंग से ही सम्पन्न कराये जाये एवं कोई नवीन परम्परा को उत्पन्न न होने दिया जाये।

# डीएम-एसपी ने थाना दिवस पर सुनी लोगों की शिकायतें

## जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने थाना भदोखर पहुँचकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। थाना दिवस के दौरान विभिन्न प्रकरणों में भूमि विवाद, पारिवारिक, राजस्व संबंधी शिकायते व सड़क एवं सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है, इसलिए अधिकारी मौके पर उपस्थित होकर शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से करें। थाना दिवस में तहसीलदार सदर आकृति श्रीवास्तव सहित पुलिस/राजस्व विभाग के कार्मिक मौजूद रहे।

## बाल विवाह मुक्त जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजन संपन्न

रायबरेलो। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता के निर्देशन में विभाग द्वारा ''बाल विवाह मुक्त'' के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बाल विवाह की रोकथाम हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, पुलिस आपातकालीन सेवा हेल्पलाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या स्थानीय पुलिस को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया एवं बताया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह अपराध है जिसमें 02 वर्ष की सजा व 01 लाख रूपए का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। भारत में शादी हेतु लड़के की आयु 21 वर्ष व लडकी की आयु 18 वर्ष है। कार्यक्रम में मैनेजर अजय त्रिपाठी, मेनका त्रिपाठी, संरक्षण अधिकारी वीरेंद्र पाल, जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी, एएचटीयू थाना प्रभारी रशीद, टीटू गौतम एवं स्टाफ सीमा मिश्रा, दीपा काला की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# रायबरेली के सभागार में जिला पंचायत की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली । अध्यक्ष, जिला पंचायत रंजना चौधरी की अध्यक्षता में तथा राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) उप्र सरकार दिनेश प्रताप सिंह के संरक्षण में जिला पंचायत, रायबरेली के सभागार में जिला पंचायत की बैठक आहूत की गयी। अध्यक्ष की अनुमति से अपर मुख्य अधिकारी ओपी सिंह द्वारा बैठक का संचालन किया गया। सदन द्वारा सर्वसम्मति से गत बैठक की पुष्टि के साथ-साथ विभिन्न अनुदानों की गत वर्षों की अवशेष धनराशि के सापेक्ष अनुपूरक कार्ययोजना बनाये जाने पर सदन द्वारा ध्वनिमति से प्रस्ताव स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त जिला पंचायत के वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित बजट रू0 9935.07 लाख आय का व रू0 9935.07 व्यय का तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 मूल बजट में रू0 6240.00 लाख आय का तथा अनुदान एवं जिलानिधि सहित कुल रू0 6230.00 लाख व्यय का बजट सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। तदोपरान्त अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, रायबरेली के देयों की वसूली सुद्ध करने के उद्देश्य से सम्पत्ति एवं विभव कर की वित्तीय वर्ष 2024-25 की कर दाता सूची जर्जर दुकानों के पुनर्निर्माण एवं विस्तारीकरण तथा दुकान, ईट भट्ठा सहित अन्य उपविधियों की भी स्वीकृति प्रदान की गयी। सदन द्वारा विभिन्न विभागों से आये हुए अधिकारियों के साथ जिला पंचायत सदस्यों के क्षेत्र से सम्बन्धित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक के मध्य में राज्यमंत्री द्वारा जिला पंचायत सदन को होली की शुभकामनायें देते हुये जिला पंचायत एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया, जिसका सदन द्वारा ध्वनिमत से आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर सदन में अध्यक्ष के साथ-साथ सदस्यगण व अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक के अन्त में अध्यक्ष द्वारा मंत्री के बैठक में पधारने के लिये आभार प्रकट करते हुये सभी मा0 सदस्यगणों व अधिकारियों को होली की शुभकामनायें देते हुये बैठक का समापन किया गया।

# पुलिस का खौफ खत्म, बाइक और स्कूटी के टक्कर के बाद मार पीट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । शहर में आपराधिक वारदातें लगातार बढ़ रही है।लोगो के बीच पुलिस का खौफ खत्म हो गया है।जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित पी पल चौराहे पर बाइक और स्कूटी की टक्कर के बाद मारपीट हो गई है यह पूरी घटना पास के लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बा द गोंडा नगर कोतवाली पुलिस ने अब जांच शु रू कर दी है।वायरल सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि एक मोटरसाइकिल सवार ने सामने से आ रही स्कूटी को टक्कर मार दी।इ सके बाद स्कूटी सवार ने मोटरसाइकिल सवार से गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी स्कूटी सवार ने बाइक सवार को जमीन पर गि राकर भी पीटा है।घटना के दौरान आसपास मौजूद लोग विवाद सुलझाने के बजाय खड़े होकर देखते रहे।इस मारपीट के दौरान घंटे तक लोग मौके पर खड़े होकर के इस पूरे विवाद को देखते रहे जहां आने-जाने वाले लोगों की मौके पर भारी भीड़ भी लग गई थी।

मारपीट के बाद दोनों युवक एक दूसरे के गाड़ि यों की चाभी निकालते हुए भी सीसीटीवी कैमरे में नजर आ रहे हैं।गोंडा नगर कोतवाल बिंदेश्व री मणि त्रिपाठी ने बताया कि अभी तक दोनों पक्षों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। वा यरल वीडियो 26 फरवरी देर रात्रि का बताया जा रहा है हालांकि, वायरल सीसीटीवी वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।जांच के बाद सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा एगी।

# गोंडा रेलवे स्टेशन क़ेमुख्य द्वार को ही बना दिया अवैध टैक्सी स्टैंड




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। रेलवे स्टेशन परिसर के निकट मुख्यमार्ग इन दिनों अवैध टैक्सी स्टैंड में तब्दील होता जा रहा है।स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर पा किंग क्षेत्र तक निजी टैक्सियों और ऑटो चाल कों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।अव्यवस्थित ढंग से खड़ी टैक्सियों के कारण न केवल यातायात बाधित हो रहा है,बल्कि आ पात स्थिति में एंबुलेंस और अन्य आवश्यक वा हनों के आवागमन में भी परेशानी होती है। स्टे शन प्रशासन व आरपीएफ और जीआरपी की उदासीनता के चलते यह समस्या लगातार बढ़ ती जा रही है।यात्रियों का आरोप है कि कई बा र मनमाना किराया वसूला जाता है और मना करने पर अभद्र व्यवहार भी किया जाता है,दि ल्ली से आए यात्री अमित और सूरज ने बताया कि स्टेशन से बाहर निकलते ही टैक्सी चालक घेर लेते हैं और हाथ में सामन की छीना झपटी करने लगते है न मुख्य गेट पर आरपीएफ और जीआरपी क़ेकोई जवान मौजूद नहीं रहते है। और तय किराए से दोगुना पैसा मांगते हैं मजबू री में देना पड़ता है।प्रशासन को इस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

# कौडिया थानाध्यक्ष तेज प्रताप सिंह हटाए गए जितेन्द्र सिंह को मिली थाने की कमान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जिले की कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए दो निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव कि या है।कौड़िया थानाध्यक्ष तेज प्रताप सिंह को पद से हटाकर प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ, गों डा बनाया गया है।उनकी जगह पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक जितेंद्र सिंह को कौड़िया थाने का नया प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक को तेज प्रताप सिंह के खिला फ लगातार लापरवाही की शिकायतें मिल रही थीं।इसके अतिरिक्त,तेज प्रताप सिंह कुछ अ स्वस्थ भी चल रहे थे,जिसके चलते उन्हें कौड़ि या थानाध्यक्ष के पद से हटा दिया गया।जितेंद्र सिंह को कार्यभार सौंपते समय पुलिस अधीक्ष क विनीत जायसवाल ने निर्देश दिए कि उनकी पहली प्राथमिकता जनता की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करना होगी।साथ ही आपराधिक घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई की जा ए।उन्होंने भ्रष्टाचार के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत किसी भी प्रका र की लापरवाही या भ्रष्टाचार मिलने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी।जितेंद्र सिंह ने त त्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश मिलने के बाद कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता सरकार की जीरो टॉलरेंस नीतियों के साथ काम करना होगा।उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी फरियादी को कोई दिक्कत नहीं होने दी जाएगी और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

# नानपारा में शिया अंजुमन अब्बासिया ने की शोक सभा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। शिया अंजुमन अब्बासिया की ओर से जन्नतुल बकी किला स्थित मस्जिद पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में अन्तर्राष्ट्रीय घटनाक्रम से संबंधित प्राप्त समाचारों पर चिंता व्यक्त करते हुए ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामनेई के निधन की खबरों पर दुख जताया गया। वक्ताओं ने कहा कि विश्व स्तर पर घटित घटनाओं से पूरी उम्मत और मानवता प्रभावित होती है। उन्होंने शांति, एकता और आपसी भाईचारे को बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर मोहम्मद अरशद, कलीम, मौलाना मोहम्मद हैदर, जीशान कादिर, कादिर नवाब, रज़ी हैदर, रफ़ी हैदर, दिलबर नवाब, शाहवर नवाब, अख्तर नवाब, वजीर हसन, जिया नवाब, मेराज अशरफ, मुन्ना रिजवी, डॉ. राशिद, सईद नवाब, मुस्तफ़ा अली खान, इरफ़ान रिज़वी, ज़फ़र, फ़ैज़ी, बज़्मी, परवेज़ सहित शिया समुदाय के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । विदेश भेजने के नाम पर दो सौ से अधिक लोगों से डेढ़ करोड़ रुपये की ठगी करने वाले मु ख्य आरोपी शमशाद उर्फ विवेक को कोलका ता में गिरफ्तार कर लिया गया है।गोंडा सर्विलां स टीम की मदद से कोलकाता पुलिस ने कार्र वाई की आरोपी को गोंडा लाने की प्रक्रिया शु रू कर दी गई है। शमशाद उर्फ विवेक चंपारण, बिहार का रहने वाला है,उसने गोंडा में अपना असली नाम छिपाकर मुस्लिम से हिंदू बनकर 'विवेक' नाम से लोगों को ठगा।उसने दो सौ से अधिक लोगों को विदेश भेजने का झांसा दिया था।ठगी के शिकार हुए सभी दो सौ लोगों को जरूरी कागजात और कपड़ों के साथ दिल्ली एयरपोर्ट बुलाया गया था।उन्हें बताया गया था कि 25 फरवरी को उन्हें विदेश भेजा जाएगा। जब ये लोग दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे, तो शमशाद उर्फ विवेक ने अपना मोबाइल बंद कर लिया और मौके पर नहीं आया।इसके बाद पीड़ितों ने गोंडा पहुंचकर 26 फरवरी को नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया था।पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। वही गोंडा नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि गोंडा पुलि स द्वारा भेजे गए पत्र और सहयोग के अनुरोध पर कोलकाता पुलिस ने आरोपी शमशाद उर्फ विवेक को कोलकाता में गिरफ्तार किया है। ब ताया जा रहा है कि आरोपी कोलकाता के रा स्ते विदेश भागने की तैयारी में था।उसे ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता से गोंडा लाया जाएगा।

# होली मिलन समारोह में उमड़ी लोगों की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । बेलसर ब्लॉक के लौव्वा टेपरा ग्राम पंचा यत में एचीवर फॉर्मर फाउंडेशन की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थि ति रही, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।सीईओ कुलदीप मिश्रा ने अतिथियों व ग्रामीणों का स्वागत करते हुए आपसी भाईचारे,प्रेम और सामाजिक एक ता का संदेश दिया। समारोह के दौरान लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिल ते हुए होली की शुभकामनाएं दीं।अयोध्या से आए दद्दन महाराज ने भगवान के पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ कराया सांस्कृतिक कलाकार शिव पूजन शुक्ल ने फगु आ गीतों पर चौताल प्रस्तुत कर समां बांध दिया, जिसे ग्रामीणों ने खूब सराहा। रंगों, गीत-संगीत और आपसी संवाद से पूरा वातावरण उत्सवमय बना रहा। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य नान बच्चा पांडेय, पवन कुमार मिश्रा, राम शरन मिश्रा, बच्चा राम यादव,विनोद पांडेय खनक मिश्रा व मनीष तिवारी,मुकेश शुक्ल, फूल बाबू तिवारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गांधी परिवार के करीबी योगेंद्र मिश्रा के निधन पर शोक की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी,गांधी परिवार के करीबी कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष योगेन्द्र मिश्रा का रविवार को लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया है उनके निधन की सूचना मिलते ही पैतृक गांव के ही जनपद में शोक की लहर दौड़ गई। कांग्रेस के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने फोन पर शोक संवेदना व्यक्त कर परिजनों को ढांढस बंधाया है। गौरीगंज के विधायक समेत अन्य तमाम जनप्रतिनिधियों ने उनके आवास पर पहुंचकर नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है। क्षेत्र के गांव पूरे रामदीन पंडित गुलालपुर निवासी कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष योगेन्द्र मिश्रा पार्टी के प्रति समर्पित रहे और वह सोनिया गांधी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के करीबी रहे। गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा के आकस्मिक निधन का अत्यंत दुःखद समाचार प्राप्त होने पर उनके आवास पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिवारजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि उनका जाना न केवल राजनीतिक क्षेत्र बल्कि समूचे समाज के लिये अपूरणीय क्षति है। कांग्रेस के पूर्व विधान परिषद सदस्य दीपक सिंह ने कहा कि योगेंद्र मिश्रा एक सच्चे और ईमानदार कांग्रेसी के साथ बेहतर संगठनकर्ता थे।मैं दावे के साथ कह सकता हूं अब हमारे जनपद अमेठी में ऐसा नेता नही है। बताते चलें कि कांग्रेस नेता का अंतिम संस्कार सोमवार को उनके पैतृक गांव पूरे रामदीन गुलालपुर में प्रातः दस बजे किया जायेगा।कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा के निधन पर जगदीशपुर के पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल,पूर्व जिला पंचायत सदस्य कर्ण कुमार बाजपेयी, वैभव मिश्रा, सदाशिव यादव, शुभम सिंह, शेषनाथ सिंह,राकेश मिश्रा, दुर्गेश दीक्षित सहित अन्य तमाम कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने शोक संवेदना व्यक्त कर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है।

# होली के त्यौहार पर पुलिस ने सौ लीटर अवैध कच्ची शराब पकड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । थाना जगदीशपुर पुलिस ने एक सौ लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है पुलिस टीम द्वारा लगभग डेढ़ कुंतल लहन नष्ट किया गया।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु तथा होली त्यौहार के दृष्टिगत अवैध कच्ची शराब के निष्कर्षण, भण्डारण एवं बिक्री के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र के दौरान दो अभियुक्तों 1.रामबहादुर पुत्र स्व. राम प्रसाद चौहान निवासी मैंगलगंज मजरे कचनाव थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी व सुरजीत पुत्र राम बहादुर चौहान निवासी मैंगलगंज निवासी कचनाव थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने पकड़े गये युवकों के कब्जे से पचास पचास लीटर कुल एक सौ लीटर कच्ची शराब बरामद किया है। इस सम्बंध में थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया गया है।

## बलिया : दो छात्रों को इंस्पायर मानक अवार्ड 2026 में चयनित

बलिया । उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में सनबीम स्कूल के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से आयोजित प्रतिष्ठित इंस्पायर मानक अवार्ड 2025-26 के लिए विद्यालय के 12वीं के छात्र आयुष सिंह व 11वीं के छात्र दीपक कुमार का चयन होने से हर्ष है। दोनों छात्रों को उनके नवाचार आधारित प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से 10 हजार की पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। अब ये छात्र बलिया का प्रतिनिधित्व करते हुए मंडल एवं राज्य स्तर पर अपनी परियोजना का प्रदर्शन करेंगे। इससे पूर्व भी विद्यालय के अनुपम मिश्र, अक्ष मिश्रा, गुनगुन वर्मा, अथर्व मिश्रा, सृष्टि गुप्ता ने यह अवार्ड प्राप्त कर विद्यालय के नाम को गौरवान्वित किया था। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। इस उपलब्धि पर विद्यालय निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह ने शनिवार को प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आयुष और दीपक की यह सफलता उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि के साथ ही स्कूल की उस शिक्षण पद्धति की जीत है जो रटने के बजाय 'नवाचार' पर जोर देती है।

## तहसील नानपारा में अवैध अतिक्रमण से मुक्त करायी गई 24 बीघा ज़मीन

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत-नेपाल सीमा से सटे 0 से 15 किलोमीटर के संवेदनशील क्षेत्र में सरकारी भूमि एवं नो-मेन्स लैंड पर किए गए अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस व एसएसबी द्वारा संयुक्त रूप से की गई कार्रवाई के दौरान अब तक 24 बीघा ज़मीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया है। श्रीमती जौहरी ने बताया कि वर्तमान समय में नो मैन्स लैण्ड पर कोई भी अतिक्रमण नहीं है। तहसील क्षेत्र अन्तर्गत कुल चिन्हित 366 अतिक्रमण के सापेक्ष अब तक 212 मामलों में 1.863 हेक्टेयर भू-भाग जो कि लगभग 24 बीघा सरकारी ज़मीन पर से अवैध अतिक्रमण को हटवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि अवशेष चिन्हित 118 प्रकरणों के सापेक्ष मा. न्यायालयों में वाद प्रचलित होने के कारण कार्रवाई नहीं की गई है। एसडीएम ने बताया कि मा. न्यायालयों के आदेश के उपरान्त अवशेष मामलों में भी नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। एसडीएम ने बताया कि अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध संचालित किये गये अभियान के दौरान चिन्हित स्थलों पर राजस्व अभिलेखों के अनुरूप सीमांकन कराया गया और तत्पश्चात अवैध निर्माण/कब्जे हटाए गए। उन्होंने कहा कि यह अभियान निरन्तर संचालित रहेगा। सरकारी भूमि का सत्यापन कराया जाएगा यदि किसी भी सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा मिलता है तो सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। श्रीमती जौहरी ने बताया कि राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सार्वजनिक/सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्ज़े के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाये।

## अमेठी टीचर्स प्रीमियर लीग में भेंटुआ की टीम ने जीते दोनों मैच

अमेठी । सम्राट साइकिल ग्राउंड कौहार में आयोजित अमेठी टीचर्स प्रीमियर लीग में शिक्षकों की टीमों के बीच खेले जा रहे मुकाबले बेहद रोमांचक साबित हो रहे हैं।लीग के विभिन्न मैचों में खिलाड़ियों ने शानदार बल्लेबाजी और सटीक गेंदबाजी का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।भेटुआ चैंपियंस ने बहादुरपुर को सात रन से हराया।लीग के एक मुकाबले में भेटुआ चैंपियंस ने बहादुरपुर राइडर्स को सात रनों से पराजित कर दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये भेटुआ चैंपियंस ने निर्धारित दस ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर पचासी रन बनाये जवाब में बहादुरपुर राइडर्स की टीम ने दस ओवर में पांच विकेट पर अठहत्तर रन ही बना सकी। बहादुरपुर के अमित सिंह ने उनतीस रनों की पारी खेली, जबकि भेटुआ के रोहित श्रीवास्तव ने ग्यारह गेंदों में तेइस और सत्यार्थ पाण्डेय ने बीस रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में बहादुरपुर के मनीष पाण्डेय ने चार विकेट और रवि दीक्षित ने तीन विकेट लिये तो सत्यार्थ पाण्डेय को मैन ऑफ द मैच चुना गया।सिंहपुर टाइगर्स ने शुकुल बाजार को आठ विकेट से पराजित किया।पहले बल्लेबाजी करते हुए शुकुल बाजार की टीम दस ओवर में नौ विकेट खोकर पैंसठ रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए सिंहपुर टाइगर्स ने मात्र छह ओवर एक गेंद में दो विकेट के नुकसान पर उनहत्तर रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

# पुलिस पर हमले का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

## दविश देने गई कुमारगंज पुलिस पर परिवार के साथ किया था हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। शनिवार की देर रात थाना बल्दीराय पुलिस द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना मिली कि एक बदमाश अवैध शस्त्र के साथ पारा की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी की।

घेराबंदी के दौरान स्वयं को घिरता देख बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान आदर्श सिंह पुत्र दशरथ सिंह उर्फ प्रदीप सिंह, निवासी ग्राम डोभियारा, थाना हलियापुर, जनपद सुलतानपुर के रूप में हुई है। वह थाना हलियापुर से वांछित चल रहा था और उस पर ?50,000 का इनाम घोषित था। गिरफ्तारी के दौरान उसके कब्जे से एक अदद .315 बोर अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

दबिश देने गई कुमारगंज पुलिस पर हमला कर फरार हो गया था अभियुक्त

पकड़ा गया अभियुक्त थाना हलियापुर क्षेत्र के गांव डोभियारा का निवासी है दिनांक 20 नवंबर 2025 को जनपद अयोध्या की कुमारगंज पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए गांव में दबिश देने गई थी। उस दौरान आरोपी ने परिजनों के साथ मिलकर पुलिस टीम पर हमला किया और सरकारी असलहा व मोबाइल छीन लिए थे। इस संबंध में थाना हलियापुर में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पर हमला करने के बाद आरोपी फरार हो गया था पुलिस उसकी काफी दिनो से तलाश कर रही थी। फिलहाल घायल अभियुक्त को प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि पुलिस अभियुक्त की गिरफ्तारी के बाद विधिक कार्रवाई कर रही है।

# भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव में वन्यजीवन पुस्तक सफ़रनामा का विमोचन

## जिलाधिकारी ने पीलीभीत के वन्यजीवन पर आधारित हिंदी पुस्तक सफ़रनामा का किया विमोचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का समापन कार्यक्रम गांधी प्रेक्षा गृह में सम्पन्न हुआ इस मौके पर जिलाधिकारी पीलीभीत श्री ज्ञानेंद्र सिंह जी ने वन्यजीवन पर आधारित हिंदी पुस्तक सफ़रनामा का विमोचन किया वर्षो से वन्यजीवन के लिए नि स्वार्थ कार्य सेवा कर रहे वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर बिलाल मियां खान ने वन्यजीवन की अपनी इस पुस्तक सफ़रनामा के द्वारा पीलीभीत सहित उत्तर प्रदेश का नाम देश-विदेश में भी रोशन किया है ज्ञात रहे की बिलाल खान द्वारा लिखी गई प्रथम पुस्तक पीलीभीत टाइगर रिजर्व पर आधारित, द्वितीय पुस्तक तराई आर्क लैंडस्केप पर आधारित एवं तृतीय पुस्तक भारत के संपूर्ण टाइगर रिजर्व पर आधारित रही है 28 फरवरी को गांधी प्रेक्षा गृह में आयोजित भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव के मध्य पीलीभीत जनपद में फल फूल रहे वन्यजीवन एवं पर्यटन स्थल पर आधारित सफ़रनामा का विमोचन किया गया इस पुस्तक में विशेष वर्ष 2003 से पीलीभीत माला रेंज में गोली से मारी गई बाघिन, पीलीभीत से फैजाबाद पहुंचे बाघ को गोली द्वारा मारा गया एवं वर्ष 2003 में चूका पिकनिक स्पॉट का प्रथम उद्घाटन व वर्ष 2012 से वर्ष 2026 तक मानव वनजीवन संघर्ष के दौरान मनुष्य एवं जीव जंतुओं की विस्तार पूर्वक घटनाएं और जंगल एवं उसके आसपास के पर्यटन स्थल तथा सौंदर्यकरण को दर्शाया गया है साथ ही इस पुस्तक को उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ , सांसद और पर्यटन,वन,गन्ना मंत्री, एनटीसीए,जिलाधिकारी पीलीभीत सहित कई आईएएस, आईएफएस जनों द्वारा शुभकामनाएं प्राप्त हुई है।हिंदी में प्रकाशित वन्यजीवन का यह सफ़रनामा पीलीभीत के पर्यावरण संरक्षण व पर्यटन क्षेत्र के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा पुस्तक सफरनामा अनावरण में जिला अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह सहित मुख्य विकास अधिकारी ,राजेन्द्र कुमार श्रीवास, सिटी मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर,महोत्सव के नोडल अधिकारी अतुल द्विवेदी, मेले के सहयोगी मोहित शुक्ला, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर एवं लेखक बिलाल मियां खान , मोहम्मद हिलाल , दानिश खान मौजूद रहे प्रथम हिंदी पुस्तक सफरनामा परिचय पीलीभीत टाइगर रिजर्व का विमोचन वनजीव सप्ताह समापन पर 12 अक्टूबर 2020 में तत्कालीन राज्य के कैबिनेट वन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ दारा सिंह चौहान के द्वारा उनके शासकीय आवास पर किया गया था भारत से उत्तराखंड , उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य की सीमा नेपाल राष्ट्र के तराई आर्कलैण्ड स्केप पर आधारित हिंदी पुस्तक सफरनामा भाग दो का विमोचन 29 अप्रैल वर्ष 2022 मे तत्कालीन जिलाधिकारी श्री पुलकित खरे जी द्वारा किया गया भारत के समस्त टाइगर रिजर्व पर आधारित हिंदी वन्यजीव पुस्तक सफ़रनामा भाग तीन का विमोचन 9 जून वर्ष 2023 को आई0ए0एस अपर मुख्य सचिव वन उत्तर प्रदेश शासन मनोज सिंह द्वारा पीलीभीत टाइगर रिजर्व की दसवीं वर्ष गांठ के स्थापना दिवस के अवसर पर किया गया है।

# भारत शांति का दूत, आतंकवाद पर वैश्विक एकजुटता जरूरी: जगदंबिका पाल

## राम मंदिर पर कांग्रेस से सवाल, बोले-केवल बयान नहीं, आचरण भी दिखे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जनपद के डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के सांसद एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगदंबिका पाल रविवार को शहर के बाधमंडी क्षेत्र में आयोजित रामचरितमानस पाठ के समापन समारोह में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि वे 2024 के आम चुनाव में चौथी बार सांसद निर्वाचित हुए हैं। अगस्त 2024 में उन्हें वक्फ विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम के उपरांत आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य, राष्ट्रीय राजनीति और विपक्ष की भूमिका पर विस्तार से अपनी बात रखी। ईरान में चल रहे संघर्ष पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि भारत की विदेश नीति स्पष्ट, संतुलित और शांति पर आधारित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने यह सिद्ध किया है कि आतंकवाद केवल किसी एक देश का नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए चुनौती है। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध हो या पश्चिम एशिया में हमास-इजरायल के बीच तनाव, भारत ने हर मंच पर राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए कूटनीतिक संतुलन बनाए रखा है। चाहे ऊर्जा सहयोग का विषय हो, व्यापारिक टैरिफ की चर्चा हो या जलवायु परिवर्तन भारत की आवाज अब वैश्विक मंचों पर प्रभावी रूप से सुनी जा रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण के बाद भी राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी अयोध्या स्थित राम मंदिर अयोध्या दर्शन के लिए क्यों नहीं पहुंचे? उन्होंने कहा कि केवल सनातन की बात करना पर्याप्त नहीं, आस्था व्यवहार में भी दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह बजट और विकास जैसे मुद्दों से ध्यान भटकाकर सनसनी फैलाने का प्रयास करता है, जबकि जनता का स्पष्ट जनादेश भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, पूर्व विधायक अनुप संडा, चंद्र प्रकाश अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। धार्मिक वातावरण में संपन्न कार्यक्रम के बाद सांसद ने मीडिया से बातचीत की।

## डीएम साहब सुन लो किडनी पेशेंट की फरियाद आत्महत्या के लिए मजबूर पीड़ित परिवार नहीं मिल रहा न्याय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लगातार पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए कटिबंध है। लेकिन उनकी ही सरकार में भारतीय जनता पार्टी से बनी जिला पंचायत अध्यक्ष दलजीत कौर पति गुरुभाग सिंह पर राइस मिल खरीदने को लेकर कई दिनों से बबाल मचा हुआ हैं।जिसमें पीड़ित ने अपने पिता पत्नी के साथ जिलाधिकारी पीलीभीत और उत्तर प्रदेश सरकार से न्याय मांगने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है। वायरल वीडियो में पीड़ित कह रहा है। कि मेरी पत्नी किडनी की पेशेंट है। और डायलिसिस हो रही है पीड़ित के पिता भी बीमारी की हालत में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। भाजपा नेता गुरुभाग सिंह से अपनी राइस मिल बेचने को लेकर सौदा हुआ था। तय सीमा के अनुसार कुछ रुपए दे दिए गए लेकिन बकाया का रुपया अभी तक नहीं दिया गया है और जबरदस्ती पीड़ित की राइस मिल पर ताला डालकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। जब पीड़ित अपनी राइस मिल में अपना सामान निकालने गया तो भाजपा नेता गुरुभाग सिंह द्वारा रखे गए नौकर ने उनको अंदर घुसने नहीं दिया और अंदर से ताला डाल दिया पीड़ित द्वारा अपनी राइस मिल पर बाहर से ताला डालते हुए सोशल मीडिया अकाउंट से वीडियो वायरल की है।वीडियो वायरल होते ही पूरे जनपद पीलीभीत में नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश में भू चाल आ गया हैं।सोशल मीडिया पर कई लोग कमेंट करके उत्तर प्रदेश की योगी सरकार बाबा बुलडोजर की सरकार पर तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। पीड़ित लगातार योगी सरकार से जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगा रहा है। कई दिनों से लेकिन पीड़ित परिवार को अभी तक न्याय नहीं मिला है। पीड़ित लगातार न्याय की गुहार कर रहा है। लेकिन अभी तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला है।

## किराना की दुकान से गांजा बेंच रही महिला गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना संग्रामपुर पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत एक किलो तीन सौ चालीस ग्राम गांजा के साथ एक महिला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत रविवार को थाना संग्रामपुर के थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर गांजा की पुड़िया बनाकर अपने घर पर किराना की दुकान से गांजा बेच रही रंजू कसौधन पत्नी दिनेश कसौधन उर्फ मिन्टू निवासी विशेषरगंज थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र तीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक झोले से तीन सौ दस पुड़िया में कुल एक किलो तीन सौ चालीस ग्राम गांजा बरामद हुआ। इस सम्बंध में थाना संग्रामपुर के थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़ी गई महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## मंडी समिति मे सब्जी व्यापारी और ग्राहक के बीच जमकर हुई मारपीट

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कृषि उत्पादन मंडी समिति में रविवार सुबह ग्राहक और व्यापारी के बीच सब्जी की खरीद-फरोख्त को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया इस झड़प में आढ़ती अकील अहमद उर्फ पप्पू लाला और ग्राहक के बीच जमकर मारपीट हुई घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है संसारपुर निवासी माजिद नामक व्यक्ति सब्जी खरीदने मंडी पहुंचा था उसने मंडी परिसर में स्थित अकील अहमद की दुकान से सब्जी खरीदी आरोप है कि सब्जी खराब निकलने पर ग्राहक माजिद ने आपत्ति जताई, जिस पर आढ़ती अकील अहमद को आपत्ति हुई मामूली कहासुनी देखते ही देखते जंग के अखाड़े मे बदल गया वायरल वीडियो में दोनों पक्षों के बीच लात-घूंसे चले इस घटना से मंडी परिसर में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया और व्यापार भी प्रभावित हुआ हालांकि, अन्य व्यापारियों और लोगों ने बीच-बचाव कर स्थिति को शांत कराया घटना के बाद मंडी समिति में तनाव का माहौल बना हुआ है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने मंडी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने की मांग की है घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस के सामने भी चलते रहे लात घुसे पुलिस बनाती रही वीडियो कोतवाल पवन पाण्डेय ने बताया दोनो पक्षों की ओर से तहरीर मिलने के बाद दोनो पक्षों मे आपसी समझौता हो गया दोनो पक्षों की ओर शांतिभंग 151 मे भी चालान कर दिया गया हैं।

## पीटीआर की माला रेंज में बाघ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में शनिवार रात एक बाघ का शव मिलने से वन विभाग में खलबली मच गई बाघ का शव माला रेंज और महोफ के बीच धमेला वॉच टावर के पास पड़ा मिला सूचना मिलने के बाद सामाजिक वानिकी वन प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके समेत वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया जांच में बाघ के शरीर पर चोट या संघर्ष के कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं इससे मौत के कारणों को लेकर असमंजस बना हुआ है कारणों की पुष्टि के लिए बाघ का पोस्टमॉर्टम बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान आईवीआरआई में कराया जाएगा। डीएफओ भरत कुमार डीके ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## वरिष्ठ सपा नेता आजम मीर खान की मां का निधन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। वरिष्ठ सपा नेता आजम मीर खा की माता नूर जहां बेगम का बीती बीमारी के चलते निधन हो गया है।उनकी आयु 92 साल की थी। और वह अपना भरा पूरा परिवार छोड़ कर चली गई है।उनके निधन की खबर सुनते ही पूरे जिले में शौक की लहर दौड़ गई। जिसने भी यह खबर सुनी सब की आंखे नम हो गई है। वरिष्ठ सपा नेता आजम मीर खा की माता के निधन की सूचना मिलते ही पूर्व मंत्री अनीस अहमद खा,राजकुमार राजू,सपा जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह, नफीस अहमद अंसारी, व्यापारी नेता अफरोज जिलानी, व्यापारी नेता परवेज खान , जमशेद खा, सपा नेता आरिफ,अधिवक्ता धीरेंद्र मिश्रा सहित शहर की कई जाने-मानी हस्तियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## अंकुर गुप्ता बने युवा हिंदू वाहिनी के जिलाध्यक्ष

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। युवा हिंदू वाहिनी भारत के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भवदेश कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष विजय कपसिया की संस्तुति पर संगठन मंत्री द्वारा अंकुर गुप्ता को जिले में अपने संगठन को धार देने के लिए बड़ा दांव खेला है दिल्ली स्थित प्रदेश कार्यालय से जारी फरमान के बाद पूरनपुर के मोहल्ला चौक निवासी अंकुर गुप्ता को संगठन का नया जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है इस नई जिम्मेदारी ने जिले के युवा कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया है पदभार ग्रहण करते ही अंकुर गुप्ता ने अपने तेवर साफ कर दिए हैं उन्होंने दो टूक कहा कि संगठन ने जो भरोसा जताया है उस पर वे पूरी कट्टरता और ईमानदारी से खरा उतरेंगे जिले में राष्ट्रहित के एजेंडे को घर-घर तक पहुँचाया जाएगा और युवाओं को एकजुट कर सामाजिक समरसता के अभियान को और अधिक आक्रामक बनाया जाएगा।

## बाजार में खड़ी बाइकों का चालान, बाजारवासियों में रोष

बल्दीराय/सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद की नई पुलिस अधीक्षक चारू निगम की सख्ती के बावजूद थाना बल्दीराय पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। बाजारवासियों का आरोप है कि जहां पुलिस को आवागमन करने वाले वाहनों की चेकिंग कर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करनी चाहिए, वहीं बाजार में किनारे खड़ी बाइकों का चालान काटा जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार थाना क्षेत्र के भवानीगढ़ बाजार, जो कुरेभारदृहलियापुर मार्ग पर साप्ताहिक रूप से लगता है, वहां बाजार के दिन शाम को बड़ी संख्या में ग्रामीण सब्जी व रोजमर्रा का सामान खरीदने आते हैं। इसी दौरान एक दरोगा दो सिपाहियों के साथ बाजार पहुंचे और सड़क किनारे खड़ी कई बाइकों का चालान काट दिया। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग पर अन्य वाहन लगातार आते-जाते रहे, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे लोगों में नाराजगी है। उनका आरोप है कि खड़ी बाइकों का चालान कर केवल कागजी कार्रवाई पूरी की जा रही है, जबकि वास्तविक यातायात नियंत्रण पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। बाजारवासियों ने मांग की है कि पुलिस सुरक्षा व्यवस्था और यातायात नियंत्रण पर ध्यान दे, ताकि आम लोगों को अनावश्यक परेशानी न झेलनी पड़े।

## गांजा लेने जा रहे युवक के साथ मारपीट के बाद मारी गोली मामला संदिग्ध मुकदमा दर्ज

पूरनपुर।कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा के रहने वाले विकास की मां की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर दर्ज मुकदमा के बाद पुलिस छानबीन मे लग गई तहरीर मे बताया गया कि विकास अपने दोस्त के साथ गांजा लेने जा रहा था तभी एक युवक के साथ तीन लोगों ने मारपीट की विरोध पर पीटने वाले एक युवक ने उसके पैर में गोली मार दी घटना के बाद तीनों युवक फरार हो गए उसका दोस्त घायल युवक को कोतवाली लेकर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी गोली लगने से घायल युवक को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल लेकर कर दिया गया पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की गोली मारने की जानकारी लगते ही खलबली मच गई कोतवाली पुलिस ने पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल पुलिस पूछताछ में घायल विकास ने बताया कि आठ महीने पहले वह शराब के एक मामले में जेल गया था जेल में कस्बे के ही रहने वाले एक युवक से उसका विवाद हो गया था आरोप है कि युवक विवाद के बाद विकास से रंजिश मानने लगा उसी रंजिश के चलते उसने भगवंतापुर रोड पर उसके साथ मारपीट करने के बाद गोली मार दी पुलिस विकास के दोस्त नितिन को लेकर घटना स्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल की प्राथमिक उपचार के बाद गोली लगने से घायल विकास को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया पुलिस तीनों बाइक सवारों की तलाश में जुट गई है जांच पड़ताल में घटना संदिग्ध लग रही है।

## आपत्तिजनक वीडियो बनाकर दबाव बनाया तो महिला ने पति व रिश्तेदारों संग मिलकर की हत्या, तीन गिरफ्तार

बलिया। आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले युवक की हत्या का खुलासा 20 दिन बाद पुलिस ने रविवार को किया है। पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, फरार दंपति की तलाश में पुलिस की टीमें लगी है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने पत्रकारों को बताया कि 10 फरवरी को रसड़ा कोतवाली के चिलकहर के पास नत्थोपुर-लोहटा मार्ग से सटे लोहटा में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ था।

# होली पर खेलों का रंग: रस्साकशी में बी.फार्मा नंबर वन क्रिकेट में रॉयल फार्मा चैंपियन, पत्रकार सम्मान से बढ़ी गरिमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।होली के पावन पर्व से पूर्व पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक कॉलेज ऑफ फार्मेसी मेडिकेयर हॉस्पिटल (पीआरपीएस) में आयोजित होली मिलन समारोह खेल, सम्मान और सामाजिक सौहार्द का अनूठा संगम बन गया शनिवार को आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, पत्रकारों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही पूरे दिन परिसर में उत्साह, ऊर्जा और उल्लास का वातावरण बना रहा कार्यक्रम की शुरुआत खेल प्रतियोगिताओं से हुई 100 मीटर दौड़ में प्रतिभागियों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली तेज रफ्तार मुकाबले में दिलशाद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया दूसरे अहेत और दुर्वेश तीसरे स्थान पर रहे विजेताओं को ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया रस्साकशी प्रतियोगिता में बी.फार्मा प्रथम वर्ष की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और शक्ति का परिचय दिया दर्शकों की हौसला अफजाई और तालियों की गूंज ने मुकाबले को और रोमांचक बना दिया क्रिकेट फाइनल बना आकर्षण का केंद्र क्रिकेट फाइनल मुकाबला कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा रॉयल फार्मा और फार्मा वॉरियर के बीच खेले गए इस मुकाबले में कांटे की टक्कर देखने को मिली रॉयल फार्मा टीम ने संतुलित बल्लेबाजी और सधी हुई गेंदबाजी के दम पर जीत दर्ज कर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया टीम के कप्तान तनवीर खान की नेतृत्व क्षमता और रणनीतिक फैसलों की सराहना की गई फार्मा वॉरियर टीम ने कप्तान अहेतशाम के नेतृत्व में संघर्षपूर्ण प्रदर्शन किया,लेकिन अंततः जीत से चूक गई मैच में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए शंकर भच्चार को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया खेल प्रतियोगिताओं के उपरांत पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया क्षेत्र के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों को स्मृति चिन्ह (मेमेण्टो) और मिठाई भेंट कर सम्मानित किया गया सेहरामऊ उत्तरी थाना प्रभारी को भगवान श्रीराम की प्रतिमा देकर विशेष सम्मान प्रदान किया गया उन्होंने कहा इस तरह के कार्यक्रम से आपसी सौहार्द बढ़ता है कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों और अतिथियों के लिए जलपान की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई कॉलेज के एमडी अमित मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि होली मिलन जैसे आयोजन आपसी भाईचारे, संवाद और सकारात्मक संबंधों को मजबूत करते हैं उन्होंने कहा कि छात्र और पत्रकार समाज के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, और ऐसे कार्यक्रम पारस्परिक सहयोग एवं विश्वास को बढ़ावा देते हैं भविष्य में भी इस तरह के रचनात्मक आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे समारोह का समापन आपसी शुभकामनाओं और होली की अग्रिम बधाइयों के साथ हुआ पूरे आयोजन में खेल भावना, सम्मान और सामाजिक समरसता का प्रेरक संदेश देखने को मिला।

## वन विभाग की कार्यशैली सवालों के घेरे रस्सी बंधा मगरमच्छ डैम में छोड़ा

पूरनपुर।तहसील कलीनगर के गांव कंजिया सिंहपुर में निकले मगरमच्छ को लेकर वन विभाग की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई है ग्रामीणों से पकड़वाए गए मगरमच्छ को वन कर्मियों ने रस्सी बंधी हालत में ही डैम में छोड़ दिया इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जिसके बाद विभाग की कार्यप्रणाली पर ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है रस्सी बधे मगरमच्छ दिखाई देने से हड़कंप मच गया लोगों में इसकी दहशत फैल गई इसकी सूचना वन विभाग को दी मौके पर पहुंचे सामाजिक वानिकी प्रभाग पूरनपुर से वन कर्मी मौके पर पहुंचे कर्मियों ने बिना पर्याप्त संसाधन और सुरक्षा इंतजाम के ही ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ को पकड़वाया ग्रामीणों ने रस्सी के सहारे मगरमच्छ को काबू में किया इसके बाद वन कर्मियों ने मगरमच्छ को डैम तक ले गए यहां पर एक पैर की रस्सी खोले बिना ही उसे डैम में धकेल दिया गया वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि मगरमच्छ के शरीर पर रस्सी बंधी हुई है और उसे उसी हालत में पानी में छोड़ दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह रस्सी बंधे मगरमच्छ को पानी में छोड़ना उसकी जिंदगी से खिल्बाड करना है। इससे मगरमच्छ को खतरा भी हो सकता है।

# डॉ. आशीष बने गरीबों के मसीहा, निभाया पुत्र का फर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लंभुआ, सुल्तानपुर। लंभुआ विकासखंड के राजस्व गांव धरियामऊ में कुछ माह पूर्व हुए दर्दनाक लेंटर हादसे की स्मृतियां आज भी क्षेत्रवासियों को झकझोर देती हैं। नए मकान का लेंटर डालते समय बल्ली छटकने से पूरा लेंटर भरभराकर गिर गया था, जिसमें तीन मजदूरों की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। हादसे की सूचना मिलते ही डॉ. आशीष तिवारी, संस्थापक अध्यक्ष सेवार्थम फाउंडेशन एवं वरिष्ठ नेता निषाद पार्टी, तत्काल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों के उपचार की व्यवस्था कराई तथा मृतक परिवारों को सांत्वना देते हुए प्रत्येक परिवार को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता और खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई। उसी समय उन्होंने मीडिया के समक्ष घोषणा की थी कि तीनों दिवंगत मजदूरों के नाम से अलग-अलग आवास अपने निजी व्यय से बनवाएंगे, ताकि उनके परिवारों का सपना अधूरा न रहे।ज्ञात हो कि इस हादसे में अर्जुनपुर निवासी दो सगे भाई स्वर्गीय आनंद सरोज एवं स्वर्गीय विक्रम सरोज (पुत्र गिरिजा प्रसाद) तथा स्वर्गीय हिमांशु सरोज (पुत्र हरिचरन सरोज) की मृत्यु हो गई थी।अपने वादे के अनुरूप रविवार को डॉ. आशीष तिवारी अर्जुनपुर स्थित पीड़ित परिवारों के आवास पहुंचे और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ तीनों कमरों का भूमिपूजन कराया। भूमिपूजन के साथ ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा, ताकि परिवारों को जल्द ही पक्की छत मिल सके और वे सुरक्षित व सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें। डॉ. तिवारी ने कहा कि सेवार्थम फाउंडेशन हमेशा जरूरतमंद और पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा रहा है और आगे भी समाज सेवा का यह संकल्प निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय नागरिकों, गणमान्य व्यक्तियों एवं फाउंडेशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। पीड़ित परिवारों ने भावुक होकर डॉ. आशीष तिवारी का आभार व्यक्त किया और कहा कि कठिन समय में मिला यह सहयोग उनके लिए संबल साबित हुआ है। धरियामऊ लेंटर कांड के पीड़ित परिवारों से किया गया वादा पूरा होने से क्षेत्र में संतोष और विश्वास का माहौल देखा गया। धरियामऊ लेंटर कांडः वादा निभाने पहुंचे डॉ. आशीष तिवारी, तीनों दिवंगत मजदूरों के नाम से बनेगा पक्का आवास।

## सम्पादकीय

# आफत से राहत

दिल्ली की एक ट्रायल कोर्ट ने शराब नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में आम आदमी पार्टी के संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को आरोप मुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि यह फैसला सीबीआई की तरफ से दायर मामले में आया है। अदालत ने सीबीआई की जांच में खामियों को उजागर करते हुए कहा कि आरोप गवाह या ठोस सबूतों पर आधारित नहीं हैं। अदालत का तर्क था कि चार्जशीट में उल्लेखित दावे तार्किक आधार नहीं रखते। उल्लेखनीय है कि अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री रहते हुए दिल्ली सरकार ने एक नई आबकारी नीति साल 2021 में लागू की थी। जिसके अंतर्गत शराब कारोबार निजी क्षेत्र को देने का निर्णय लिया गया था। तत्कालीन सरकार ने दलील दी थी कि नई नीति राज्य के राजस्व में आशातीत वृद्धि करेगी। बहरहाल, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल और उनके डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया फिलहाल नैतिक रूप से खुद को बेहतर स्थिति में होने का दावा कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रायल कोर्ट ने सीबीआई द्वारा दर्ज दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में केजरीवाल तथा 21 अन्य आरोपियों को बरी कर दिया है। निश्चय ही संकट से जूझ रही आम आदमी पार्टी के लिये यह फैसला प्राणवायु जैसा साबित हो सकता है। दरअसल, कोर्ट ने इस बाबत सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि जांच एजेंसी का मामला न्यायिक जांच की कसौटी पर खरा नहीं उतरता है। कोर्ट का कहना था कि अटकलों व अनुमानों को कानूनी रूप से मान्य सबूतों के रूप में पेश नहीं किया जा सकता। बहरहाल, इस फैसले के खिलाफ सीबीआई ने दिल्ली हाईकोर्ट में अपील दायर कर दी है। इसके बावजूद ट्रायल कोर्ट का यह फैसला केजरीवाल व उनकी टीम के लिये आधी लड़ाई जीतने जैसा है। जिससे वे खुद को आम आदमी पार्टी के कोर वोटरों को अपने पाक-साफ होने का विश्वास दिलाने का प्रयास कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि बीते साल दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इस प्रकरण को अपना मुख्य मुद्दा बनाकर आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर तीखे हमले बोले थे। पार्टी ने दिल्ली के मतदाताओं को यह समझाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी कि केजरीवाल सरकार का भ्रष्टाचार विरोधी अभियान सिर्फ एक राजनीतिक प्रपंच है। बहरहाल, इन आरोपों के बीच स्वच्छ शासन का वादा करते हुए भाजपा ने 26 वर्ष के लंबे अंतराल पर दिल्ली की सत्ता में वापसी की थी, जबकि आप दूसरे स्थान पर रही थी। दिल्ली विधानसभा में मिली शिकस्त के बाद ही आप के शीर्ष नेतृत्व ने अपना पूरा ध्यान पंजाब पर लगाया था। आज पंजाब ही ऐसा राज्य है जहां आम आदमी पार्टी की सरकार बची है। भले ही ट्रायल कोर्ट के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है,लेकिन एक बात तो तय है कि निचली अदालत के आदेश के बाद आप को दिल्ली में खोये जनाधार को फिर से हासिल करने का मौका मिल सकेगा। वह अपनी पार्टी के मुख्य भ्रष्टाचार विरोधी अभियान को फिर से चलाने के लिये नैतिक बल तो हासिल कर पायी है। दरअसल, इस फैसले से जांच में अत्यधिक दखलंदाजी को लेकर कई असहज करने वाले सवाल भी उठे हैं। खासकर अदालत की वह टिप्पणी, जिसमें कहा गया कि जांच एक पूर्वनिर्धारित दिशा में चलती प्रतीत होती है। यानी जांच में उचित प्रक्रिया का उल्लंघन किया गया है। दूसरी ओर प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने कहा है कि आबकारी नीति मामले में जुड़ी उसकी मनी लॉन्ड्रिंग की स्वतंत्र जांच मजबूत आधार रखती है। कानून के पंडित कयास लगा रहे हैं कि यदि सीबीआई मामले में निचली अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय द्वारा भी बरकरार रखा जाता है तो ईडी द्वारा अभियोजन की कानूनी वैधता पर नये सिरे से सवाल उठ सकते हैं। बहरहाल, निचली अदालत के फैसले ने केजरीवाल, सिसोदिया तथा आम आदमी पार्टी में नई ऊर्जा का संचार तो कर ही दिया है।

# आबकारी नीति मामले में आप नेताओं का बरी होना बड़ी संजीवनी

विवाद का मूल वर्ष 2021 में लागू की गई नई आबकारी नीति से जुड़ा था। उस समय दिल्ली सरकार ने तर्क दिया था कि शराब व्यापार में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने से राजस्व में वृद्धि होगी, भ्रष्टाचार कम होगा और व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनेगी। किंतु नीति के क्रियान्वयन के बाद उस पर अनियमितताओं तथा कथित पक्षपात के आरोप लगाए गए। यही आरोप आगे चलकर आपराधिक प्रकरण का आधार बने। जुलाई 2022 से यह मुद्दा राजनीतिक विमर्श का प्रमुख विषय बन गया और चुनावी सभाओं में इसे व्यापक रूप से उठाया गया। अब जबकि ट्रायल कोर्ट ने अभियोजन के तर्कों को अपर्याप्त पाया है, तो स्वाभाविक है कि इसका राजनीतिक प्रभाव भी पड़ेगा। हालांकि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने इस निर्णय को दिल्ली उच्च न्यायालय, में चुनौती देने की घोषणा की है। अतः अंतिम विधिक स्थिति अभी स्पष्ट नहीं मानी जा सकती। साथ ही प्रवर्तन निदेशालय, अर्थात ईडी ने यह कहा है कि उससे संबंधित धनशोधन प्रकरण की जांच स्वतंत्र आधारों पर चल रही है। यदि उच्च न्यायालय भी निचली अदालत के निर्णय को बरकरार रखता है, तो यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठेगा कि समान घटनाक्रम से जुड़े विभिन्न अन्वेषणों की विधिक संगति किस प्रकार सुनिश्चित की जाएगी। इस पूरे प्रकरण का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष संस्थागत विश्वसनीयता से जुड़ा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में अन्वेषण एजेंसियों की भूमिका अत्यंत संवेदनशील होती है। वे केवल अपराध की जांच ही नहीं करतीं, बल्कि न्याय व्यवस्था के प्रारंभिक चरण का प्रतिनिधित्व भी करती हैं। यदि न्यायालय यह टिप्पणी करता है कि जांच पूर्वनिर्धारित दिशा में चलती प्रतीत होती है या पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए गए, तो यह केवल एक तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि संस्थागत शुचिता पर प्रश्नचिह्न बन जाता है। न्याय का मूल सिद्धांत है कि अभियुक्त तब तक निर्दोष माना जाता है जब तक कि उसका दोष विधिसम्मत प्रमाणों के आधार पर सिद्ध न हो जाए।

दिल्ली की एक ट्रायल कोर्ट द्वारा कथित आबकारी नीति प्रकरण में आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तथा अन्य आरोपितों को दोषमुक्त किए जाने का निर्णय समकालीन राजनीतिक और विधिक परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, अर्थात सीबीआई द्वारा पंजीकृत किया गया था और लंबे समय से सार्वजनिक बहस के केंद्र में था। न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत आरोप ठोस साक्ष्यों और विश्वसनीय गवाहियों पर आधारित नहीं हैं तथा आरोपपत्र में वर्णित दावे न्यायिक परीक्षण की कसौटी पर खरे नहीं उतरते। न्यायालय की यह टिप्पणी कि अनुमानों और अटकलों को विधिसम्मत प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, न केवल इस विशेष प्रकरण बल्कि समग्र अन्वेषण प्रक्रिया के लिए भी गंभीर संकेत देती है। आबकारी नीति मामले यह फैसला आप के लिए एक बड़ी संजीवनी या 'प्राणवायु'के समान है। यह फैसला आप को 'कट्टर ईमानदार' की छवि वापस पाने और आगामी चुनावों के लिए एक आक्रामक रुख अपनाने में मदद करेगा, जिससे विपक्षी दलों का मनोबल भी बढ़ा है। कोर्ट से मिली क्लीन चिट ने आप नेताओं की साख बहाल की है जिससे पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित हैं। यह निर्णय 'राजनीतिक प्रतिशोध' के नैरेटिव को बल देता है जिससे आप अपनी छवि को बेदाग साबित कर पा रही है। विपक्षी दल इस घटना को केंद्रीय एजेंसियों सीबीआई एवं ईडी के कथित दुरुपयोग के खिलाफ एक जीत के रूप में देख रहे हैं जिससे उन्हें केंद्र के खिलाफ एक बड़ा मुद्दा मिल गया है। इस फैसले से दिल्ली और पंजाब में आप को मजबूती मिलेगी और वह आगामी चुनावों के लिए आक्रामक प्रचार कर सकती है। विवाद का मूल वर्ष 2021 में लागू की गई नई आबकारी नीति से जुड़ा था। उस समय दिल्ली सरकार ने तर्क दिया था कि शराब व्यापार में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने से राजस्व में वृद्धि होगी, भ्रष्टाचार कम होगा और व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनेगी। किंतु नीति के क्रियान्वयन के बाद उस पर अनियमितताओं तथा कथित पक्षपात के आरोप लगाए गए। यही आरोप आगे चलकर आपराधिक प्रकरण का आधार बने। जुलाई 2022 से यह मुद्दा राजनीतिक विमर्श का प्रमुख विषय बन गया और चुनावी सभाओं में इसे व्यापक रूप से उठाया गया। अब जबकि ट्रायल कोर्ट ने अभियोजन के तर्कों को अपर्याप्त पाया है, तो स्वाभाविक है कि इसका राजनीतिक प्रभाव भी पड़ेगा। हालांकि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने इस निर्णय को दिल्ली उच्च न्यायालय, में चुनौती देने की घोषणा की है। अतः अंतिम विधिक स्थिति अभी स्पष्ट नहीं मानी जा सकती। साथ ही प्रवर्तन निदेशालय, अर्थात ईडी ने यह कहा है कि उससे संबंधित धनशोधन प्रकरण की जांच स्वतंत्र आधारों पर चल रही है। यदि उच्च न्यायालय भी निचली अदालत के निर्णय को बरकरार रखता है, तो यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठेगा कि समान घटनाक्रम से जुड़े विभिन्न अन्वेषणों की विधिक संगति किस प्रकार सुनिश्चित की जाएगी। इस पूरे प्रकरण का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष संस्थागत विश्वसनीयता से जुड़ा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में अन्वेषण एजेंसियों की भूमिका अत्यंत संवेदनशील होती है। वे केवल अपराध की जांच ही नहीं करतीं, बल्कि न्याय व्यवस्था के प्रारंभिक चरण का प्रतिनिधित्व भी करती हैं। यदि न्यायालय यह टिप्पणी करता है कि जांच पूर्वनिर्धारित दिशा में चलती प्रतीत होती है या पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए गए, तो यह केवल एक तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि संस्थागत शुचिता पर प्रश्नचिह्न बन जाता है। न्याय का मूल सिद्धांत है कि अभियुक्त तब तक निर्दोष माना जाता है जब तक कि उसका दोष विधिसम्मत प्रमाणों के आधार पर सिद्ध न हो जाए। यह भी ध्यान देने योग्य है कि भ्रष्टाचार जैसे गंभीर आरोपों का प्रभाव केवल व्यक्तियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि शासन की समग्र विश्वसनीयता को प्रभावित करता है। यदि आरोप सिद्ध होते हैं, तो कठोर दंड आवश्यक है; किंतु यदि आरोप पर्याप्त प्रमाणों के अभाव में टिक नहीं पाते, तो इससे राजनीतिक विमर्श की विश्वसनीयता पर भी आघात पहुँचता है। लोकतंत्र में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है, किंतु आरोपों का उपयोग यदि मुख्यतः चुनावी रणनीति के रूप में किया जाता है और वे न्यायालय में प्रमाणित नहीं हो पाते, तो इससे जनता के मन में संदेह की स्थिति उत्पन्न होती है। इस निर्णय के बाद स्वाभाविक रूप से आम आदमी पार्टी को नैतिक बल प्राप्त हुआ है। किंतु इस तथ्य को केवल किसी एक दल की विजय या पराजय के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। इससे व्यापक स्तर पर यह संदेश भी जाता है कि न्यायिक प्रक्रिया स्वतंत्र है और वह अभियोजन की कमजोरी को रेखांकित करने से संकोच नहीं करती। न्यायालय की कठोर टिप्पणियाँ यह संकेत देती हैं कि केवल आरोपों की गंभीरता पर्याप्त नहीं है; उन्हें प्रमाणों की दृढ़ता से पुष्ट करना भी अनिवार्य है। दूसरी ओर, यह प्रश्न भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि यदि वास्तव में किसी नीति में अनियमितता हुई थी, तो उसके समर्थन में ठोस साक्ष्य क्यों प्रस्तुत नहीं किए जा सके। क्या अन्वेषण प्रक्रिया में तकनीकी कमियाँ रहीं? क्या साक्ष्य-संग्रह में सावधानी का अभाव था? या फिर आरोपों का प्रारूपण ही पर्याप्त स्पष्ट नहीं था? ये प्रश्न केवल इस प्रकरण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि भविष्य की जांच प्रक्रियाओं के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हो सकते हैं। भ्रष्टाचार-निरोध की दिशा में प्रभावी कदम तभी संभव हैं जब अन्वेषण निष्पक्ष, पारदर्शी और विधिसम्मत हो। राजनीतिक दलों को भी यह समझना होगा कि भ्रष्टाचार-विरोध का नैतिक आग्रह तभी प्रभावी है जब वह स्वयं प्रमाण-आधारित हो। यदि आरोपों का आधार कमजोर होगा, तो वे न्यायिक समीक्षा में टिक नहीं पाएंगे और इससे वास्तविक भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष भी कमजोर पड़ेगा। इस घटनाक्रम ने एक और महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया है- अन्वेषण एजेंसियों की स्वायत्तता और उत्तरदायित्व का संतुलन। लोकतंत्र में एजेंसियों को स्वतंत्रता आवश्यक है, किंतु वह स्वतंत्रता विधिक मानकों और न्यायिक नियंत्रण के अधीन रहती है। न्यायालय की टिप्पणियाँ यह संकेत देती हैं कि प्रक्रिया की शुचिता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। यदि अभियोजन पक्ष पर्याप्त तैयारी के बिना आरोप प्रस्तुत करता है, तो उसका परिणाम यही होगा कि मामला प्रारंभिक चरण में ही कमजोर पड़ जाएगा। निश्चित तौर पर यह प्रकरण हमें यह स्मरण कराता है कि कानून का शासन केवल दंड देने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि न्यायसंगत प्रक्रिया की गारंटी भी है। आरोप सिद्ध करने की जिम्मेदारी राज्य पर होती है और वह भी संदेह से परे प्रमाणों के आधार पर। यदि यह मानक पूरा नहीं होता, तो किसी भी व्यक्ति को केवल सार्वजनिक धारणा के आधार पर दोषी नहीं ठहराया जा सकता। इस निर्णय का अंतिम परिणाम चाहे जो भी हो-क्योंकि उच्च न्यायालय में चुनौती लंबित है फिर भी यह अवसर अवश्य प्रदान करता है कि हम भ्रष्टाचार-निरोध की अपनी कार्ययोजना को अधिक सुदृढ़ और प्रमाण-आधारित बनाएं। राजनीतिक विमर्श को आरोपों की तीव्रता से आगे बढ़कर प्रमाणों की गुणवत्ता पर केंद्रित करना होगा। अन्वेषण एजेंसियों को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी कार्रवाई निष्पक्षता और विधिक दृढ़ता का उदाहरण बने। लोकतंत्र की शक्ति उसके संस्थानों की विश्वसनीयता में निहित होती है। जब न्यायालय निर्भीक होकर जांच की कमियों को इंगित करता है, तो वह व्यवस्था को कमजोर नहीं, बल्कि मजबूत करता है। आवश्यकता इस बात की है कि इस निर्णय को किसी दलगत लाभ-हानि के चश्मे से देखने के बजाय संस्थागत सुधार के अवसर के रूप में देखा जाए। यदि ऐसा किया जाता है, तो यह प्रकरण केवल एक राजनीतिक विवाद नहीं रहेगा, बल्कि शासन-प्रणाली की परिपक्वता का प्रमाण भी बनेगा। -ललित गर्ग

# जाँच एजेंसियों का निष्पक्ष होना आवश्यक

**डॉ. चन्दर सोनाने**

दिल्ली की विशेष सीबीआई कोर्ट ने हाल ही में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और सभी अन्य आरोपियों को आरोप तय होने से पहले ही आरोप मुक्त कर दिया। दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार की आबकारी नीति में सीबीआई ने केजरीवाल को 176 और सिसोदिया को 530 दिन जेल में रखा था। जिस केस में ये जेल में रहे, उसे कोर्ट ने आरोप तय करने के लायक भी नहीं माना! सीबीआई की विशेष कोर्ट के जस्टिस जितेन्द्र सिंह ने इस संबंध में कहा कि लोक सेवक को बिना सबूत के आरोपी बना दिया गया है। जाँच अधिकारी की जाँच की जाए। कोर्ट ने कहा कानूनी तौर पर ऐसी कोई सामग्री नहीं है, जिससे गंभीर संदेह बनता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि बिना स्वीकार्य सबूतों के आरोपियों को आपराधिक मुकदमे में घसीटना न्याय का दूरूपयोग और आपराधिक प्रक्रिया का गलत इस्तेमाल होगा। सीबीआई की विशेष कोर्ट का उक्त निर्णय यह बताता है कि सीबीआई हो या अन्य कोई जाँच एजेंसी, उनका निष्पक्ष होना प्रजातंत्र के लिए जरूरी है ! सामान्यतः सत्ता में बैठे लोग विपक्षी दलों की सरकारों को गिराने में और उसे बदनाम करने में इन जाँच एजेंसियों का दुरूपयोग करते आ रहे है। देश में सरकार किसी की भी हो, वे विपक्षी दलों की सरकारों को बदनाम करने में जाँच एजेंसियों का उपयोग करती आ रही है। इसका लंबा इतिहास है। जब देश में श्रीमती इंदिरा गाँधी की सरकार थी, तब उन्होंने भी सीबीआई सहित सभी जाँच एजेंसियों का जमकर दुरूपयोग किया। वर्तमान की भाजपा सरकार भी इस मामले में कांग्रेस से अलग नहीं है, बल्कि उससे चार कदम आगे ही है ! राज्य हो या केन्द्र, किसी भी सरकार के लिए सक्षम विपक्ष प्रजातंत्र के लिए जरूरी है। विपक्ष यदि सक्षम होगा तो वह सरकार पर नकेल डाल सकेगा और सरकारें गलत फैसले लेने से बचती रहेगी। किन्तु अब ऐसा हो नहीं रहा है। यह प्रजातंत्र के लिए खतरा है। दिल्ली की शराबनीति से जुड़े मामले में लंबी जाँच, गिरफ्तारियां और राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप के बाद जब अदालतें कई आरोपियों को राहत देती है या सबूतों की कमजोरी पर सवाल उठाती है, तो बहस केवल एक केस तक सीमित नहीं होती। यह बहस उस बड़े सवाल में बदल जाती है कि क्या भारत की राजनीति में आरोप ही सजा बनते जा रहे हैं ! दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उप मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया जैसे नेताओं पर कार्रवाई, जेल और हाल ही में न्यायिक राहत, इस पूरे क्रम ने एक बार फिर यह यक्ष प्रश्न खड़ा कर दिया है कि जाँच एजेंसियों, न्यायिक प्रक्रिया और राजनैतिक नैरेटिव के बीच संतुलन कहाँ है ? अन्ततः यह बहस किसी एक पार्टी की जीत या हार की नहीं है। यह उस लोकतांत्रिक संतुलन की बहस है, जिसमें एजेंसियाँ स्वतंत्र रहे, राजनीति जवाबदेह रहे और न्यायिक प्रक्रिया समयबद्ध हो। आरोप जरूरी हो सकते हैं, पर लोकतंत्र की मजबूती इस बात में है कि अंतिम सत्य आरोप नहीं, बल्कि प्रमाण और न्यायिक निष्कर्ष तय करें। देश के प्रजातंत्र में अनेक उतार-चढ़ाव आते रहे हैं। समय साक्षी है। सबका हिसाब-किताब होता है। देश के प्रजातंत्र के हित में यह जरूरी है कि देश की सभी जाँच एजेंसियां निष्पक्ष हो और अपने दायरे में रहकर कार्य करें, तभी प्रजातंत्र जिंदा रह सकेगा।

सीबीआई की विशेष कोर्ट के जस्टिस जितेन्द्र सिंह ने इस संबंध में कहा कि लोक सेवक को बिना सबूत के आरोपी बना दिया गया है। जाँच अधिकारी की जाँच की जाए। कोर्ट ने कहा कानूनी तौर पर ऐसी कोई सामग्री नहीं है, जिससे गंभीर संदेह बनता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि बिना स्वीकार्य सबूतों के आरोपियों को आपराधिक मुकदमे में घसीटना न्याय का दूरूपयोग और आपराधिक प्रक्रिया का गलत इस्तेमाल होगा।

## सेहत मंत्र

# जौ घास कई बीमारियों को रखे दूर

बहुत सालों से जौ की खेती हो रही है। जौ एक ग्लूटेन फ्री अनाज है, जौ घास सिर्फ घास नहीं है। यह एक सुपरफूड है। जौ की घास बहुत ही फायदेमंद और कई पोषक तत्वों से भरपूर होती है। जौ की घास में विटामिन, मिनरल्स और फाइबर भरपूर मात्रा में होते हैं। जौ की घास का रस आसानी से पचने योग्य होता है। बार्ली ग्रास का सेवन हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है और ब्लड शुगर को भी कंट्रोल करता है। पोषण विशेषज्ञ के अनुसार, जौ घास का रस मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देकर वजन घटाने में सहायता करता है। इसके एंटीऑक्सीडेंट और कैलोरी कम होने के कारण यह वजन को मैनेज करने में सहायक होता है। जौ घास का रस प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत रखता है और शरीर को अनेक बीमारियों से बचाए रखने में मदद करता है। यह रोगों से लड़ने में हमारी सहायता करता है। जौ घास का जूस एंटीजन का पता लगाने में सहायता करता है और एंटीजन के संपर्क में आने पर बीमारी को रोकने के लिए शरीर की इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। जौ घास के रस में भरपूर मात्रा में फाइबर पाए जाते हैं, जो फास्टिंग ब्लड शुगर कम करने और ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद हैं। जौ घास में सैपोनारिन पाया जाता है, जो भोजन के बाद ब्लड ग्लूकोज को नियंत्रित कर सकता है। एक्सपर्ट की सलाह पर मधुमेह के मरीज इसका सेवन कर सकते हैं। जौ घास में क्लोरोफिल होता है। यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को खत्म करने और लीवर की सफाई करने का काम करता है। इसके अलावा इसमें कई एंजाइम होते हैं जो पाचन को बेहतर बनाते हैं। इनके अलावा जौ घास में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो आंतों की परत को ठीक करके पेट और आंत के रोगों का इलाज करते हैं। जौ घास एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होती है। जौ घास का रस शरीर को फ्री रेडिकल्स से निपटने के लिए जरूरी पोषक तत्व प्रदान करता है, जो हमारी त्वचा के फायदेमंद होती है। जौ घास ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए भी यह फायदेमंद माना जाती है। जौ घास में बहुत ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करते है। एक्सपर्ट की सलाह पर ब्लड प्रेशर के मरीज इसका सेवन कर सकते हैं।

## धर्म मंत्र

# राशि अनुसार करना चाहिए ज्योतिर्लिंग की पूजा, बरसने लगेगी महादेव की कृपा

भोलेनाथ आसानी से अपने भक्तों से प्रसन्न हो जाते हैं। भगवान शंकर की कृपा प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को अपने राशि अनुसार ज्योतिर्लिंग की पूजा करनी चाहिए। ऐसे करने से व्यक्ति के जीवन में शांति और खुशहाली का आगमन होता है। भगवान शिव को भोलेनाथ भी कहा जाता है। भोलेनाथ आसानी से अपने भक्तों से प्रसन्न हो जाते हैं। वहीं कुछ लोग भगवान शिव की कृपा पाने के लिए सोमवार का व्रत करते हैं और विधि-विधान से शिवलिंग की पूजा करते हैं। आपको बता दें कि भगवान शिव पूरे भारत देश में 12 जगहों पर ज्योति के स्वरूप में विराजमान हैं। इन भगवान शिव की इन ज्योति स्वरूप को 12 ज्योतिर्लिंग के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में भगवान शंकर की कृपा प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को अपने राशि अनुसार ज्योतिर्लिंग की पूजा करनी चाहिए। ऐसे करने से व्यक्ति के जीवन में शांति और खुशहाली का आगमन होता है। गुजरात राज्य के सौराष्ट्र नगर में अरब सागर के तट पर 12 ज्योतिर्लिंगों में से सबसे पहला ज्योतिर्लिंग स्थित है। इस ज्योतिर्लिंग को सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के नाम से जाना जाता है। मेष राशि के जातकों को इस ज्योतिर्लिंग की पूजा करनी चाहिए। वहीं सोमनाथ ज्योतिर्लिंग का पंचामृत से अभिषेक करने से मेष राशि के जातकों को विशेष लाभ मिलता है। शैल मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में श्री शैलम नाम के पर्वत पर स्थित है। वृषभ राशि के जातकों को इस शिवलिंग की पूजा करनी चाहिए।

## पर्यटन




# छत्तीसगढ़ का मिनी शिमला, खूबसूरती देख मन हो जाएगा खुश

हम सभी जब किसी हिल स्टेशन पर घूमने का प्लान बनाते हैं। तो हमारी लिस्ट में कश्मीर, शिमला, मनाली जैसे हिल स्टेशन सबसे पहले आते हैं। लेकिन आपको एक बार छत्तीसगढ़ के मिनी शिमला को भी एक्सप्लोर करना चाहिए। छत्तीसगढ़ धान के कटोरा नाम से भी जाना जाता है। बता दें कि छत्तीसगढ़ खनिज संसाधन से संपन्न होने के अलावा पर्यटक स्थल के लिए भी काफी फ़ेमस है। यह राज्य आदिवासी संस्कृति का एक अनोखा संगम है। इस राज्य के उत्तरी और दक्षिणी क्षेत्र में सैलानियों के घूमने-फिरने की बहुत सारी जगहें हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में एक जगह मैनपाट है। जिसको इस राज्य का शिमला भी कहा जाता है। सर्दियों में मैनपाट की खूबसूरती का कोई भी कायल हो सकता है। हम सभी जब किसी हिल स्टेशन पर घूमने का प्लान बनाते हैं। तो हमारी लिस्ट में कश्मीर, शिमला, मनाली जैसे हिल स्टेशन सबसे पहले आते हैं। लेकिन मैनपाट के बारे में ज्यादा लोगों को जानकारी नहीं है। ऐसे में अगर आप भी घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आप छत्तीसगढ़ के मैनपाट को एक्सप्लोर कर सकते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको राज्य के मिनी शिमला यानी की मैनपाट के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। मैनपाट उत्तरी छत्तीसगढ़ की खूबसूरत वादियों में बसा है। आप यहां पर परपटिया, तिब्बती मठ, तिब्बती कैंप, मेहता प्वाइंट, उल्टा पानी, टाइगर पॉइंट, टांगीनाथ मंदिर, घागी जलप्रपात, लिबरा जलप्रपात, जलपरी और जैसे मनमोहक जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। मैनपाट में सैलानियों का आना-जाना लगा रहता है। इसलिए यहां पर ठहरने की अच्छी व्यवस्था मिल जाएगी। आप यहां पर लॉज, होटल और रिसॉर्ट आदि में रुक सकते हैं। साथ अपनी पसंद और सुविधा अनुसार ठहरने की व्यवस्था देख सकते हैं। बता दें कि आपको सर्दियों और बरसात के मौसम में यहां घूमने का प्लान जरूर बनाना चाहिए। क्योंकि मॉनसून में यहां चारों ओर हरियाली ही हरियाली दिखती है।

# ड्रोन की जद में रहेंगे होलिका दहन स्थल, जुलूस मार्गों पर भी रहेगी खाकी की पैनी नज़र





होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनपद के सभी होलिका दहन स्थलों एवं जुलूस मार्गों पर ड्रोन कैमरों के माध्यम से कड़ी निगरानी की जा रही है। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अफवाह या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने के प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शांति भंग करने वालों के विरुद्ध तत्काल व कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। आमजन से अपील है कि वे प्रशासन का सहयोग करें और पर्व को भाईचारे के साथ मनाएं

**अर्पित विजयवर्गीय**
**एसपी बराबंकी**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी । आगामी होली पर्व को पूर्णतः शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं निर्भीक वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के नेतृत्व में जनपद बाराबंकी में अब तक की सबसे सशक्त, आधुनिक और व्यापक पुलिसिया तैयारियाँ देखने को मिल रही हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट शब्दों में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि होली पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा छोटी-से-छोटी सूचना पर भी तत्काल और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इन्हीं निर्देशों के क्रम में थाना कुर्सी क्षेत्र अंतर्गत होलिका दहन स्थलों, संवेदनशील व अतिसंवेदनशील क्षेत्रों तथा संभावित जुलूस मार्गों का अत्याधुनिक ड्रोन कैमरों के माध्यम से व्यापक निरीक्षण किया गया। ड्रोन के जरिए ऊँचाई से निरंतर निगरानी रखी जा रही है, जिससे हर गतिविधि पर पुलिस की पैनी नजर बनी रहे और किसी भी असामाजिक तत्व की पहचान कर समय रहते सख़्त कार्रवाई की जा सके। यह तकनीक-आधारित निगरानी व्यवस्था पुलिस की सतर्कता और तत्परता का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आई है।

पुलिस अधीक्षक श्री विजयवर्गीय के निर्देशन में पैदल गश्त, सघन वाहन चेकिंग, संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, क्यूआरटी टीमों की सक्रियता तथा निरंतर मॉनिटरिंग से जनपद की सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य रूप दिया गया है। प्रशासन का यह स्पष्ट संदेश है कि पर्व की आड़ में अराजकता फैलाने वालों, माहौल बिगाड़ने वालों या कानून हाथ में लेने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

जनपदवासियों में पुलिस की इस मुस्तैदी और आधुनिक कार्यप्रणाली से सुरक्षा व विश्वास का माहौल बना है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय की दूरदर्शी सोच, सख़्त प्रशासनिक पकड़ और तकनीक के प्रभावी उपयोग की हर स्तर पर सराहना हो रही है। होली जैसे संवेदनशील पर्व पर शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई यह ऐतिहासिक पुलिसिया तैयारी जनपद बाराबंकी पुलिस की प्रतिबद्धता, क्षमता और सजगता का सशक्त प्रमाण है।

# अमेरिका भारत ट्रेड डील के विरोध में किसानों का प्रदर्शन, राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन हरपालगुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह के निर्देश पर शुक्रवार 28 फरवरी को जनपद बाराबंकी में किसानों ने अमेरिकाऽभारत व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी के नेतृत्व में किसान गन्ना संस्थान बाराबंकी में एकत्रित हुए।

प्रदर्शन की सूचना पर नायब तहसीलदार एवं चौकी इंचार्ज अनुराग पाठक भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और किसानों को शांत कराया। इसके उपरांत महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार के माध्यम से भेजा गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने कहा कि हाल ही में भारत और अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते के तहत अमेरिकी कृषि उत्पाद बिना आयात शुल्क के भारतीय बाजार में आ सकेंगे, जो देश के किसानों के हित में नहीं है। उन्होंने 15 अगस्त 2025 को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए उस बयान को याद दिलाया, जिसमें कहा गया था कि किसान हितों की रक्षा के लिए वे किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेंगे। श्री सैनी ने सवाल उठाया कि अब ऐसी कौन-सी मजबूरी आ गई कि अमेरिका का शून्य आयात शुल्क स्वीकार कर लिया गया।

उन्होंने कहा कि भारत की लगभग 65 प्रतिशत आबादी कृषि एवं सहायक क्षेत्रों पर निर्भर है। यह समझौता देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को कमजोर करेगा। जहां एक ओर अमेरिका अपनी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रक्षा कर रहा है, वहीं भारत सरकार इस समझौते के जरिए किसानों के हितों से समझौता कर रही है। उन्होंने बताया कि इस समझौते के तहत भारत को हर वर्ष अमेरिका से लगभग 103 अरब डॉलर का सामान खरीदना पड़ेगा।

किसान नेताओं ने जनपद में आलू भंडारण शुल्क का भी मुद्दा उठाया। उनका कहना था कि पहले से ?240 प्रति कुंतल निर्धारित शुल्क के बावजूद कोल्ड स्टोरेज संचालक 280 प्रति कुंतल वसूलने की बात कर रहे हैं, जबकि किसानों को आलू के दाम मात्र ?5 प्रति किलो मिल रहे हैं और लागत भी नहीं निकल पा रही है। यदि भंडारण शुल्क बढ़ाया गया तो किसान संगठन सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरविंद यादव, शिवमोहन वर्मा, जगन्नाथ वर्मा, अनु सिंह, मेवा लाल रावत, सलमा बानो, ज्ञानवती यादव, देशराज यादव, फूलचंद यादव, मनोज कुमार, संजय यादव, जैद अंसारी, नरेंद्र यादव, जगदीश प्रसाद, बालक राम, संजय गुप्ता सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# पंचायत प्रशासन की उदासीनता से मच्छरों की भरमार

## फॉगिंग से भी नहीं मिली राहत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी । फतेहपुर नगर पंचायत क्षेत्र में मच्छरों के लगातार बढ़ते प्रकोप ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। बदलते मौसम के साथ गली-मोहल्लों में मच्छरों की भरमार से आमजन त्रस्त नजर आ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लंबे समय से नियमित साफ-सफाई और प्रभावी दवा छिड़काव न होने के कारण हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं, जिसे लेकर पंचायत प्रशासन पर उदासीनता के आरोप भी लग रहे हैं। इसी को देखते हुए रविवार देर शाम नगर पंचायत द्वारा कस्बे में विशेष दवा छिड़काव अभियान चलाया गया। फॉगिंग मशीन के माध्यम से कस्बे के विभिन्न गली-मोहल्लों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर, तहसील परिसर तथा सरकारी आवासों के आसपास मच्छरनाशक दवा का छिड़काव किया गया। हालांकि, नागरिकों का कहना है कि इस एकदिवसीय अभियान से कोई खास राहत मिलती नहीं दिखी और मच्छरों का प्रकोप जस का तस बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि केवल औपचारिक फॉगिंग के बजाय नियमित अंतराल पर प्रभावी दवा छिड़काव, नालियों की सफाई और जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि मच्छरजनित बीमारियों से बचाव हो सके।

नगर पंचायत क्षेत्र में मच्छरों की रोकथाम के लिए दवा छिड़काव लगातार किया जा रहा है यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। नियमित अंतराल पर फॉगिंग कराई जाएगी। नागरिकों से अपील है कि अपने घरों और आसपास पानी जमा न होने दें, साफ-सफाई बनाए रखें और मच्छरों के पनपने से रोकने में नगर पंचायत का सहयोग करें।

**संध्या मिश्रा ईओ,**
**नगर पंचायत फतेहपुर**

# होली रमज़ान पर जैदपुर पुलिस अलर्ट, पैदल मार्च से दिया सख़्त संदेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



जैदपुर बाराबंकी। होली और रमज़ान जैसे संवेदनशील त्योहारों को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जैदपुर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद दिखी। रविवार को थाना क्षेत्र में व्यापक पैदल मार्च निकालकर पुलिस ने आमजन में सुरक्षा का भरोसा जगाया और असामाजिक तत्वों को स्पष्ट व कड़ा संदेश दिया।

थाना प्रभारी संतोष सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ यह पैदल मार्च थाना चौराहा, सिनेमा हॉल, बड़ी बाज़ार, छोटी बाज़ार, छोटा इमामबाड़ा, पचदरी चौहट्टा, बांध चौराहा सहित कई प्रमुख मोहल्लों और मार्गों से गुज़रा। पूरे इलाके में पुलिस की मौजूदगी ने त्योहारों से पहले कानून-व्यवस्था को लेकर विश्वास का माहौल बनाया। मार्च के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों और स्थानीय लोगों से संवाद भी किया, शांति बनाए रखने की अपील की और किसी भी अफवाह या गड़बड़ी पर तुरंत पुलिस को सूचना देने को कहा। पुलिस ने दो टूक संदेश दिया कि शांति भंग करने वालों पर सख़्त कार्रवाई की जाएगी।इस मौके पर निर्मल सिंह, विनय कुमार सहित दर्जनों पुलिस अधिकारी व जवान मौजूद रहे। जैदपुर पुलिस की यह सक्रियता त्योहारों के दौरान सुरक्षा और सौहार्द की मज़बूत तैयारी का संकेत है।

## नदी बचाओ-स्वच्छता अपनाओ का ज्ञान देता है गोमती मित्रों का श्रमदान

सुलतानपुर । गोमती मित्र मंडल का हर रविवार होने वाला साप्ताहिक श्रमदान मार्च महीने के पहले रविवार को भी पूरे उत्साह के साथ जारी रहा प्रातः 6:00 बजे से ही गोमती मित्रों का सीताकुंड धाम पहुंचना शुरू हो गया था और 6:30 बजे से पचासों की संख्या में जुटे गोमती मित्रों ने सीता उपवन व श्राद्ध स्थल सहित पूरे तट को साफ सुथरा कर सायंकाल होने वाली मां गोमती की आरती की भी पूरी तैयारी कर ली प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने बताया की गोमती मित्रों का यह श्रमदान आम जनमानस को नदी बचाओ स्वच्छता अपनाओ के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से किया जाता हैं युवा मण्डल अध्यक्ष अजय वर्मा ने नगर के युवाओं से इस अभियान में शामिल होने की अपील की श्रमदान में प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन,मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी,मुन्ना सोनी,सौरभ कसौधन, डॉ.कुंवर दिनकर प्रताप सिंह,राकेश सिंह दद्दू,आलोक तिवारी,जय नाथ प्रजापति, युवा मण्डल अध्यक्ष अजय वर्मा, अजीत शर्मा, मुन्ना पाठक, आयुष सोनी, तुषार अग्रहरि, अर्पित सिंह,लड्डू आदि उपस्थित रहे।

## करंट लगने से दो लोगों की दर्दनाक मौत, गांव में मचा हड़कंप

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। असंद्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत रतौली गांव में शुक्रवार को करंट लगने से दो ग्रामीणों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान रामकुमार पाल (उम्र लगभग 45 वर्ष) और साहेबप्रसाद पाल (उम्र लगभग 48 वर्ष) के रूप में हुई है।

घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों के अनुसार गांव के बाहर लगे विद्युत पोल में अचानक करंट उतर आया, जिसकी चपेट में आने से दोनों की जान चली गई। सूचना मिलने पर असंद्रा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रशासन द्वारा घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

घटना से रतौली गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजे की मांग की है।

## आग में गृहस्थी हुई खाक

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रविवार की दोपहर मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम मुंजापुर निवासी राहुल कुमार की 30 वर्षीय पत्नी सबुल अपने देवर साहुल के छपरनुमा मकान मे आलू उबालने के लिए गयी थी आलू उबालने के दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी ने छप्पर को अपने आगोस मे ले लिया और देखते ही देखते पुरा छप्परनुमा मकान धु धुकर जलने लगा आग के बींच मे फंसी राहुल की पत्नी सबुल बुरी तरह झूलस गयी आग आगे और बढ़ती कि ग्रामीणों ने कड़ी मेहनत कर आग को काबू कर लिया तब तक डबल बेड, दो तख्त, एक बेंच, रजाई गद्दा, सहित 20 हजार की नगदी व घर गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। आग मे झूलसी महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जिसे सिविल अस्पताल लखनऊ रेफर किया गया है।

## समस्याओं को लेकर किसान यूनियन का प्रदर्शन

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। किसानों की समस्याओं को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई,जिसमें थाना घुंघटेर क्षेत्र में प्रस्ता वित बैठक भारतीय किसान यूनियन केपदाधिकारियों (अराजनैतिक)के बैनर तले किसान आंदोलन से पहले संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित हुई।जिसमें उपजिलाधिकारी कार्तिकेयसिंह, क्षेत्राधिकारी जगतराम कनौजिया,तहसीलदार वैशाली अहलावत और कोतवाल घुंघटेर बेचू सिंह यादव उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष रामबरन वर्मा ने अंत में कहाकि यदि किसानों की समस्याओं का समय रहते समाधान नहीं हुआ,तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगाप्रशासन से सकारात्मक आश्वासन मिलने के बाद बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

## महिला व पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सांई महाविद्यालय ने गत दिवसएक दिवसीय अंतर-विभागीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया। महाविद्यालय प्रबंधकविपिन राठौर व प्राचार्यडॉ.दिनेश शुक्ला ने यू.पी.सिंह और सिद्धि जैन के साथ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। महिला वर्ग का पहला मुकाबला कला और कृषि वर्ग की छात्राओं के बीच खेला गया। मौके पर प्राचार्य डॉ. दिनेश शुक्ला ने सेना में चयनित एक खिलाड़ी को बधाई दी और देशसेवा के साथ अपने खेल कौशल को भी बनाए रखने की प्रेरणा दी।अंत में प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

## सड़क हादसे में युवक जख्मी

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र में शनिवार देर रातएक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीररूप से घायल हो गया। उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। यह घटना बुधियापुर गांव के पास हुई।घायल युवक की पहचान धौंसार गांव निवासी प्रदीपकुमार पुत्र राजा राम के रूप में हुई है।

## विवाह का झांसा दुराचार मामला दर्ज

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चंदवारा मे एक युवती ने गाँव के ही एक युवक पर आरोप लगाया है कि युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुराचार किया और अश्लील फोटो खींच ली। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच शुरु कर दी है। गत 27 फ़रवरी को घर मे अकेला पाकर युवक ने दुष्कर्म करने की कोशिश इसी दौरान घर पहुंचे युवती के पिता को देख युवक धमकी देकर फरार हो गया युवती की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरु कर दी है।

# समाज के प्रदर्शक हमारे आराध्य भगवान संत : अंगद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। संत गाडगे सेवा समिति एवं अखिल भारतीय धोबी महासंघ के तत्वावधान में नगर पालिका परिषद के सभागार में राष्ट्र संत गाडगे जी महाराज की 150 वीं जयंती पूर्ण श्रद्धा और धूमधाम से मनाई गई। इस जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर हरिशचंद्रा सम्मिलित हुए।एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने कहा कि हमारे संत सिर्फ संत ही नहीं बल्कि जिन्होंने समाज के प्रदर्शक और हमारे आराध्य भगवान हैं। संत गाडगे का स्वच्छता सन्देश देश की सरकार का मुख्य ध्येय है। सन्त गाडगे ने अनेक शिक्षण संस्थाएं खोलकर समाज को शिक्षित करने का जो कार्य किया है, उसे आगे बढाने का दायित्व हम सभी को निर्वहन करना चाहिए।

मुख्य वक्ता रत्नेश कुमार ने कहा कि सन्त गाडगे जी कोई औपचारिक शिक्षा नही प्राप्त कर पाए, कोई धन संपदा नही थी फिर भी दृढ़ संकल्प से उन्होंने सौ से अधिक शिक्षण संस्थाए संचालित किया, वे डॉ अम्बेडकर के संघर्षों उनके विचारों से प्रभावित ही नही बल्कि उन्हें सलाह देते थे।आज समाज में शिक्षा का स्तर बढा है फिर भी उनके आदर्शों पर चलकर उनके अनुयायी शिक्षण संस्थाएं नही संचालित कर पा रहे हैं। यह विचारणीय प्रश्न है।दिल्ली विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर हरिशचंद्रा ने संविधान निर्माण के उन पहलुओं को विस्तार से रखा जिसमें समता , समानता एवं बंधुत्व के लिए बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने संघर्ष किया था। संविधान निर्माण में संविधान सभा के लोगों के योगदान का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध नेत्र सर्जन डॉ विवेक वर्मा, डॉ0 नेवल किशोर सहित एक दर्जन लोगों ने भी अपने विचार रखे।अतिथियों का स्वागत व सम्मान समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कनौजिया, सचिव मंशाराम कनौजिया, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र वीर विक्रम सिंह, सुधा कनौजिया, सरस्वती कनौजिया, राम प्रगट कनौजिया, राघवेंद्र सुमन, सिद्धार्थ कनौजिया आदि पदाधिकरियों ने किया। इस अवसर पर मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाएं एवं पुरूष उपस्थित रहे।

# दुबई हवाई अड्डे के पास धमाके से सिंधू और कोच डरे

एजेंसी



दुबई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने रविवार को दुबई हवाई अड्डे पर स्थिति को 'तनावपूर्ण और डरावना' बताया क्योंकि जहां वह और उनके कोच रुके हुए थे उसके पास एक धमाका हुआ। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में सिंधू ने कहा कि यह स्थिति 'हर घंटे और डरावनी होती जा रही थी'। सिंधू को तीन मार्च से शुरू होने वाली ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में हिस्सा लेना है और वह शनिवार से अपने इंडोनेशियाई कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा के साथ दुबई हवाई अड्डे पर फंसी हुई हैं। सिंधू ने 'एक्स' पर लिखा, ''कुछ घंटे पहले हवाई अड्डे पर जहां हम रुके हुए थे उसके पास एक धमाका हुआ। मेरे कोच को जल्दी से उस जगह से भागना पड़ा क्योंकि वह धुएं और मलबे के सबसे करीब थे। यह हम सभी के लिए बहुत तनावपूर्ण और डरावना पल था। हालांकि पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने पुष्टि की कि वह और उनका सहयोगी स्टाफ सुरक्षित है और उन्हें एक सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है। उन्होंने कहा, ''हम सभी अब सुरक्षित हैं और दुबई हवाई अड्डे के कर्मचारियों और दुबई के अधिकारियों की लगातार कोशिशों की वजह से हमें अधिक सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है। सिंधू ने इस मुश्किल समय में मदद के लिए दुबई में भारत के महावाणिज्य दूत का भी शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा, ''दुबई में भारतीय उच्चायोग को भी उनके समर्थन और हमें सुरक्षित रखने में लगातार मदद के लिए विशेष धन्यवाद। वर्ष 2019 की विश्व चैंपियन ने धमाके के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी लेकिन कहा कि वह हालात के ठीक होने का इंतजार करते हुए आराम करने की कोशिश कर रही हैं। सिंधू ने लिखा, ''अभी के लिए हम थोड़ा आराम करने और उम्मीद बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि हम चीजों के ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं। सिंधू भारत की सबसे प्रतिष्ठित बैडमिंटन खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने रियो ओलंपिक 2016 में रजत और तोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीता। इसके अलावा उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में भी कई पदक जीते हैं। अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान पर बड़ा हमला किया जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी जनता से 1979 से देश पर राज कर रहे इस्लामिक नेतृत्व को उखाड़ फेंकने की अपील की। सैन्य हमलों की वजह से खाड़ी क्षेत्र में वायु क्षेत्र बंद हो गया है और एमिरेट्स तथा एयर इंडिया सहित कई उड़ानों में रुकावट आई है।

### हम सुरक्षित हैं लेकिन थोड़ी चिंता है, सिंधू के कोच इरवांस्याह ने कहा

नयी दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को ट्रेनिंग देने वाले इंडोनेशियाई कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा उस समय बाल-बाल बच गए जब ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के लिए बर्मिंघम जाते हुए दुबई हवाई अड्डे पर उनके करीब धमाका हुआ। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण उड़ाने रद्द होने के बाद सिंधू और इरवांस्याह दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंस गए हैं। टूर्नामेंट मंगलवार से शुरू होना है। ईरान के मिसाइल हमलों के बाद खाड़ी देशों के कुछ हिस्सों में धमाकों की खबरें आई हैं जिसमें संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबु धाबी और दुबई भी शामिल हैं। इसके बाद दुबई हवाई अड्डे पर सभी उड़ानों को निलंबित कर दिया गया है। इरवांस्याह ने पीटीआई को बताया, ''इस समय दुबई में उड़ानें रद्द हो रही हैं। हवाई अड्डे पर धमाका हुआ है इसलिए हम इस समय यहीं फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा, ''उन्होंने हमें होटल में रखा है। हम ठीक हैं लेकिन फिर भी थोड़ी चिंता है। हम ऑल इंग्लैंड के लिए जाना चाहते हैं। मुझे उम्मीद है कि हम आज उड़ान ले पाएंगे क्योंकि सिंधू का मैच बुधवार को है। सिंधू ने शनिवार रात सोशल मीडिया पर तनावपूर्ण पलों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, ''सिंधू ने 'एक्स' पर लिखा, ''मुश्किल बढ़ती जा रही है और हालात हर घंटे डरावने होते जा रहे हैं। कुछ घंटे पहले हवाई अड्डे पर जहां हम रुके हुए थे उसके पास एक धमाका हुआ।''

# टी-20 विश्व कप से बाहर होने के बाद सनथ जयसूर्या ने श्रीलंका के मुख्य कोच पद से हटने का किया ऐलान

एजेंसी



कैंडी। सनथ जयसूर्या ने टी-20 विश्व कप 2026 के सुपर 8 चरण से बाहर होने के बाद श्रीलंका क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। श्रीलंका को शनिवार रात पाकिस्तान के खिलाफ पांच रन से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद जयसूर्या ने अपने फैसले की जानकारी दी।

जयसूर्या ने मैच के बाद कहा, ल्लमैंने सोचा कि यह जिम्मेदारी किसी और को दे देनी चाहिए। दो महीने पहले इंग्लैंड सीरीज के दौरान ही मैंने संकेत दे दिया था कि मैं आगे इस पद पर बने रहने की योजना नहीं बना रहा हूं। मेरा इरादा था कि विश्व कप के बाद अच्छे नोट पर विदाई लूं, लेकिन वैसा नहीं हो सका। इसका मुझे अफसोस है। हालांकि, उनका अनुबंध जून 2026 तक है, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह 13 से 25 मार्च तक खेले जाने वाली अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज में टीम की कमान संभालेंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि इस बारे में अभी श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड से औपचारिक चर्चा नहीं हुई है, लेकिन वह जल्द ही बातचीत करेंगे। जुलाई, 2024 से टीम की कमान संभाल रहे जयसूर्या का कार्यकाल उतार-चढ़ाव भरा रहा। उनके नेतृत्व में श्रीलंका ने घरेलू मैदान पर भारत के खिलाफ ऐतिहासिक एकदिवसीय श्रृंखला जीती और इंग्लैंड में टेस्ट मैच भी अपने नाम किया। उन्होंने दावा किया कि उनके कार्यकाल में टीम को एकदिवसीय रैंकिंग में चौथे स्थान तक पहुंचाया गया, टेस्ट टीम को छठे और टी-20 टीम को भी छठे स्थान तक ले जाया गया। इस दौरान टीम की कुल जीत प्रतिशत करीब 50 प्रतिशत रही। हालांकि, टी-20 विश्व कप में निराशाजनक अंत को लेकर जयसूर्या ने माना कि टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी। श्रीलंका ने ग्रुप चरण में ऑस्ट्रेलिया को हराकर शानदार शुरुआत की थी, लेकिन इसके बाद लगातार चार मैच गंवाए, जिनमें सुपर 8 के तीन मुकाबले शामिल थे। जयसूर्या ने आगे कहा कि टीम को लगातार बेहतर प्रदर्शन की जरूरत है और बल्लेबाजी व गेंदबाजी दोनों विभागों में दबाव में अच्छा खेल दिखाना होगा। उन्होंने बड़ी संख्या में समर्थन देने पहुंचे प्रशंसकों से माफी मांगते हुए कहा कि क्रिकेट ही देश का सबसे बड़ा खेल है और दर्शकों की भावनाओं को समझना टीम की जिम्मेदारी है।

# हमने दबाव में सही फैसले नहीं लिए: सलमान अली आगा

एजेंसी



पाल्लेकल (श्रीलंका)। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा का कहना है कि उन्होंने टी20 विश्व कप में दबाव में सही फैसले नहीं लिए और वे अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। पाकिस्तान ने अपने आखिरी सुपर आठ चरण के मैच में सह मेजबान और पहले ही बाहर हो चुकी श्रीलंका को पांच रन के मामूली अंतर से हराया। लेकिन यह जीत उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए काफी नहीं थी। आगा ने शनिवार रात को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''अगर आप पूरा टूर्नामेंट देखें तो हमने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है। 20 ओवर के मैच में हमने 18 ओवर बहुत अच्छे से खेले और दूसरी टीम को दो ओवर अच्छे से खेलने दिए गए। लेकिन आखिरी तीन ओवर में रणनीति पर अच्छी तरह अमल नहीं किया। उन्होंने कहा, ''हमने पहले इससे भी बेहतर गेंदबाजी की है। हमारी गेंदबाजी इकाई काफी बेहतर है। लेकिन हम ठीक से कार्यान्वयन करने में चूक गए। पाकिस्तानी के कप्तान ने खराब प्रदर्शन की पूरी जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा, ''हम इसकी पूरी जिम्मेदारी लेंगे। क्यों नहीं? क्योंकि हम टीम चुनने में शामिल थे और खिलाड़ियों के लिए हम जिम्मेदार थे। मैं जिम्मेदारी लूंगा और मुझे यकीन है कि कोच भी लेंगे। उन्होंने कहा कि दबाव की स्थितियों में फैसले लेना पाकिस्तान के लिए एक बड़ी समस्या थी जिसे आईसीसी टूर्नामेंट में बेहतर नतीजों के लिए सुलझाना होगा। आगा ने कहा, ''और यही बात मैंने उनसे कही, जब हम दबाव में हों तो हमें बेहतर फैसले लेने होंगे। क्योंकि असल में आप दबाव में गलतियां करते हैं। और आईसीसी टूर्नामेंट में, दबाव ज्यादा होता है क्योंकि आप दुनिया की सबसे अच्छी टीमों के खिलाफ खेल रहे होते हैं।

# हॉकी इंडिया ने महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए 20 सदस्यीय टीम घोषित की, सविता निजी कारणों से हटीं

एजेंसी



हैदराबाद। अनुभवी गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने निजी कारणों से महिला विश्व कप क्वालीफायर से नाम वापस ले लिया है जबकि हॉकी इंडिया ने रविवार को मिडफील्डर सलीमा टेटे की कप्तानी में 20 सदस्यीय टीम घोषित की। एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद में होना है। मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के तीन क्वालीफिकेशन स्थानों के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। टीम को दो पूल में बांटा गया है जिसमें इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया पूल ए में हैं जबकि मेजबान भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स को पूल बी में रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक सविता ने पारिवारिक कारणों से ब्रेक लिया है। एक सूत्र ने बताया, 'सविता टूर्नामेंट से पहले राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा नहीं थीं क्योंकि उन्होंने पारिवारिक वजहों से नाम वापस ले लिया था। इसलिए उनके नाम पर विचार करने का कोई कारण नहीं था। अनुभवी सलीमा टीम की अगुआई करती रहेंगी। बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम गोलकीपिंग की जिम्मेदारी साझा करेंगी। सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता और इशिका चौधरी रक्षा पंक्ति में शामिल हैं जबकि कैप्टन सलीमा, नेहा, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा ददासो पिसल और दीपिका सोरेंग मिडफील्ड की जिम्मेदारी संभालेंगी। अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू को जगह मिली है। मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा, ''हम एक साथ अपने पहले टूर्नामेंट को लेकर उत्सुक हैं। हम फिटनेस और रणनीति पर काम कर रहे हैं जिससे कि टीम में हर कोई अपने काम और भूमिका को समझ सके। हम आगे के मुकाबलों के लिए पूरी तरह से तैयार होने के लिए हैदराबाद में दो अभ्यास मैच खेलेंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत आठ मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगा। टीम इसके बाद नौ मार्च और 11 मार्च को क्रमशः स्कॉटलैंड और वेल्स के खिलाफ खेलेगी।

इस इस प्रकार है: गोलकीपर: बंसरी सोलंकी, बीचू देवी खारीबम। डिफेंडर: सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता, इशिका चौधरी। मिडफील्डर: नेहा, सलीमा टेटे, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा ददासो पिसल, दीपिका सोरेंग। फारवर्ड: नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू।

# एनसीएलएटी का वीडियोकॉन मामले में धूत भाइयों के खिलाफ दिवाला कार्यवाही पर रोक से इनकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने कर्ज में डूबी वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज द्वारा कर्ज अदायगी में की गई चूक के मामले में धूत भाइयों ऽ राजकुमार नंदलाल धूत और प्रदीप नंदलाल धूत की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया है, जिसमें उनके खिलाफ व्यक्तिगत दिवाला कार्यवाही शुरू करने को चुनौती दी गई थी। धूत भाइयों के खिलाफ व्यक्तिगत दिवाला कार्यवाही तब शुरू की गई थी, जब भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज द्वारा ऋण चूक पर 5,353.78 करोड़ रुपये का मांग का नोटिस जारी किया था। वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज मुख्य कर्जदार थी, जिसके लिए ये दोनों भाई व्यक्तिगत गारंटर थे। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) की दो सदस्यीय पीठ ने पिछले साल जून में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ द्वारा पारित उन दो आदेशों को बरकरार रखा है, जिनमें वीडियोकॉन के संस्थापक वेणुगोपाल धूत के भाइयों के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया गया था। अपीलीय न्यायाधिकरण ने उनकी इस दलील को भी खारिज कर दिया कि एसबीआई द्वारा दायर याचिकाएं समयसीमा के तहत नहीं थीं। एनसीएलटी ने धारा 95 के तहत आवेदन को स्वीकार किया था। न्यायाधिकरण इस बात से संतुष्ट था कि कॉरपोरेट कर्जदार (वीडियोकॉन) वित्तीय ऋणदाता द्वारा दी गई ऋण राशि के पुनर्भुगतान में चूक कर चुका है और व्यक्तिगत गारंटर भी पुनर्भुगतान में विफल रहे हैं। चेयरमैन न्यायमूर्ति अशोक भूषण और सदस्य (तकनीकी) बरुण मित्रा की पीठ ने कहा, ''हमें चार जून, 2024 और 14 जून, 2024 के आदेशों में हस्तक्षेप करने का कोई ठोस आधार नहीं मिला है। दोनों अपीलें खारिज की जाती हैं।

# ईरान संकट: भारत के लिए तेल आपूर्ति में तत्काल बाधा नहीं, संघर्ष खिंचने पर बढ़ सकती है रूस से खरीद

एजेंसी



नयी दिल्ली। होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे कच्चे तेल के प्रमुख आपूर्ति मार्ग के बंद होने से भारत को निकट भविष्य में कच्चे तेल की आपूर्ति में किसी बड़े व्यवधान का सामना करने की आशंका नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि कच्चे तेल का भंडार कम से कम 10 दिन की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के सैन्य हमलों के बाद तेजी से बदलते घटनाक्रम में इस्लामिक गणराज्य के सर्वोच्च नेता के मारे जाने की खबरें भी शामिल हैं। इससे संकेत मिलता है कि यह संघर्ष बहुत लंबा नहीं चलेगा। हालांकि, शीर्ष अधिकारियों और विश्लेषकों का कहना है कि यदि तनाव बढ़ता है, तो भारत के पास आकस्मिक योजनाएं तैयार हैं। ईरान के सरकारी मीडिया ने 28 फरवरी को कहा था कि अमेरिका और इजरायल के मिसाइल हमलों के जवाब में उसने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है। यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा निकासी बिंदुओं में से एक है, जिससे वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है। अधिकारियों ने कहा कि कम अवधि के लिए इसके बंद होने से भारत पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा क्योंकि उसके पास ईंधन की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त आपूर्ति है। उन्होंने आगे कहा कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य लंबे समय तक बंद रहता है, तो देश रूसी तेल की खरीद बढ़ाकर अपने आयात स्रोतों में बदलाव कर सकता है। हालांकि, इसका तत्काल प्रभाव तेल की कीमतों पर दिखेगा। ब्रेंट क्रूड इस सप्ताह सात महीने के उच्चस्तर लगभग 73 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। यदि आपूर्ति बाधित होती है, तो कीमतें 80 डॉलर प्रति बैरल की ओर बढ़ सकती हैं।

# कोल इंडिया की इकाई की पहल छत्तीसगढ़ की महिलाओं को बना रही है आत्मनिर्भर

एजेंसी

बिश्रामपुर (छत्तीसगढ़)। पूजा साहू (30) आज इस बात को लेकर बहुत ज्यादा खुश हैं कि वह अपने पति के नाम से नहीं जानी जातीं। पूजा को लोग अब 'बोटिंग वाली दीदी' के नाम से जानते हैं। यह नई पहचान उन्हें मजबूती और पैसे की आजादी का एहसास कराती है, जबकि कुछ साल पहले ऐसा नहीं था। साहू छत्तीसगढ़ राज्य के एक 'इको-टूरिज्म' पार्क में मोटर बोट चलाकर अपना गुजारा करती हैं, जिसे कोल इंडिया की इकाई साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) ने खनन के बाद एक छोड़ी हुई कोयला खदान से एक 'एडवेंचर हब' में बदल दिया है। पार्क में 1,472 हेक्टेयर की जगह है जिसमें एक बड़ी पानी की जगह, एक तैरता हुआ रेस्तरां, बोटिंग और स्थानीय सहकारी समितियों द्वारा चलाई जाने वाली मछली पालन की जगह है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है। इस पार्क को एसईसीएल ने कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में देश के खान को बंद करने की वैज्ञानिक रूपरेखा के तहत विकसित किया है। खान बंद करने की मंजूर योजना के मुताबिक, दोबारा इस्तेमाल किए गए खनन क्षेत्र को प्रणालीगत तरीके से टिकाऊ सामुदायिक संपत्ति में बदला जा रहा है। केनापारा इको-टूरिज्म पार्क खनन के बाद इसे जीवनयापन केंद्र में बदलने का एक ऐसा ही उदाहरण है, जो केंद्र के ज़िम्मेदार और टिकाऊ खनन पर केंद्रित है। एसईसीएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहा, ''हमारा यह पार्क दिखाता है कि कैसे वैज्ञानिक तरीके से दोबारा इस्तेमाल किए गए खान क्षेत्र को हरित संपत्तियों में बदला जा सकता है, जो विविधता को बढ़ावा देते हैं, टिकाऊ जीवनयापन को संभव बनाते हैं, और अच्छे रोज़गार के मौके पैदा करते हैं, खासकर स्वयं सहायता समूहों के लिए।''

# भू-राजनैतिक स्थिति से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी

**शेयर समीक्षा**



मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेश धारणा पर सबसे ज्यादा असर पश्चिम एशिया में सप्ताहांत में बनी भू-राजनैतिक स्थितियों का रहेगा। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी की सुबह संयुक्त सैन्य कार्रवाई में ईरान पर हमला कर दिया। इसके उत्तर में ईरान ने भी इजराइल और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकाने वाले कई देशों पर हमले किये। निवेशकों की नजर अब इस बात पर रहेगी कि क्षेत्र में परिस्थितियां किस प्रकार बदलती हैं और इन हमलों का क्या असर होता है। पूरी दुनिया के साथ भारतीय शेयर बाजारों पर भी आने वाले सप्ताह में इसका असर दिखेगा। साथ ही 27 फरवरी को जारी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों का असर भी बाजार पर दिखेगा। इसके अलावा आने वाले सप्ताह में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के फरवरी के पीएमआई आंकड़े, जनवरी के औद्योगिक उत्पादन के सरकारी आंकड़ें और वाहनों की बिक्री के आंकड़े जारी होने हैं। इन सभी कारकों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। बीएसई का सेंसेक्स गत सप्ताह कुल 1,527.52 अंक (1.84 प्रतिशत) टूटकर शुक्रवार को 81,287.19 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 392.60 अंक यानी 1.54 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ 25,178.65 अंक पर आ गया। मझौली और छोटी कंपनियों में अपेक्षाकृत कम गिरावट रही। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.87 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.43 प्रतिशत टूट गया। सप्ताह के दौरान इटरनल का शेयर सबसे अधिक 8.37 प्रतिशत टूटा। टेक महिंद्रा में 6.86 प्रतिशत, भारती एयरटेल में 4.95, ट्रेंट में 4.61 और इंफोसिस में 3.90 प्रतिशत की गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर 3.90 फीसदी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 3.26, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस दोनों के 3.17, एचडीएफसी बैंक का 2.69, एलएंडटी का 2.28 और एशियन पेंट्स का 2.15 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। टीसीएस का शेयर 1.87 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.81, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.44, भारतीय स्टेट बैंक का 1.16 और आईसीआईसीआई बैंक का 1.04 प्रतिशत फिसल गया। मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडिगो और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी साप्ताहिक गिरावट में रहे। एनटीपीसी में 2.36 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। टाइटन का शेयर 2.19 फीसदी, टाटा स्टील का 1.97, एक्सिस बैंक का 1.14 और हिंदुस्तान यूनीलिवर का एक प्रतिशत चढ़ा। सनफार्मा, बीईएल और अडानी पोर्ट्स से शेयर भी हरे निशान में रहे।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ का बाजार पूंजीकरण 2.18 लाख करोड़ रुपये घटा

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2,18,902.09 करोड़ की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में भारती एयरटेल रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,527.52 अंक या 1.84 प्रतिशत नीचे आया। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 55,852.12 करोड़ रुपये घटकर 10,71,853.25 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक के मूल्यांकन में 37,580.1 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 13,65,659.38 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 34,846.12 करोड़ रुपये घटकर 18,86,832.66 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 20,316.41 करोड़ रुपये घटकर 6,20,070.59 करोड़ रुपये पर आ गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 18,180.89 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 9,53,872.59 करोड़ रुपये रहा। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत 14,990.24 करोड़ घटकर 5,37,213.68 करोड़ रह गई। लार्सन एंड टुब्रो का बाजार पूंजीकरण 13,714.85 करोड़ घटकर 5,88,837.39 करोड़ रहा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 13,061.33 करोड़ घटकर 11,09,520.23 करोड़ रुपये पर आ गई। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 10,360.03 करोड़ घटकर 9,86,986.64 करोड़ पर आ गया। इस रुख के उलट हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 5,462.81 करोड़ रुपये बढ़कर 5,49,393.18 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

# वीओसी बंदरगाह 'आउटर हार्बर' परियोजना में 15,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा

तूतीकोरिन। वीओ चिदंबरनार (वीओसी) बंदरगाह अपनी बड़ी 'आउटर हार्बर' परियोजना में 15,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इसका मकसद बंदरगाह की कुल माल ढुलाई क्षमता को बढ़ाना और तमिलनाडु को दक्षिण भारत का एक बड़ा 'ट्रांसशिपमेंट केंद्र' (एक जहाज से दूसरे जहाज में माल चढ़ाने-उतारने की जगह) बनाना है। वीओसी बंदरगाह प्राधिकरण के चेयरपर्सन सुशांत कुमार पुरोहित ने बताया कि यह निवेश 1,500 करोड़ रुपये के उस निवेश के अतिरिक्त है, जिसे बंदरगाह ढांचे के उन्नयन और नए जमाने की प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के लिए रखा गया है। वीओ चिदंबरनार बंदरगाह देश के बड़े बंदरगाहों में से एक है, जो तमिलनाडु के दक्षिणी हिस्से तूतीकोरिन में स्थित है। इसकी सालाना माल ढुलाई क्षमता 8.2 करोड़ टन की है। यह परिचालन में मौजूद सबसे पुराने बंदरगाहों में से है। भविष्य की वृद्धि योजनाओं पर पुरोहित ने कहा कि 'आउटर हार्बर' हमारी बड़ी परियोजना है, जो समुद्री क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण से जुड़ी है।

# मोदी ने 2,700 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन, शिलान्यास

एजेंसी

पुडुचेरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया और 'बेस्ट पुडुचेरी' के लिए काम करते रहने की प्रतिबद्धता दोहरायी।

श्री मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह केंद्र शासित प्रदेश उनके 'बेस्ट पुडुचेरी' यानी व्यापार, शिक्षा, आध्यात्मिकता और पर्यटन पर केंद्रित के दृष्टि की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वह पुडुचेरी के अद्भुत लोगों के बीच आकर प्रसन्न हैं। उन्होंने कहा कि आज शुरू हुईं परियोजनाएँ प्रदेश के लोगों के जीवन को सुगम बनाने और क्षेत्र में आर्थिक विकास को तेज़ करने में सहायक होंगी। उन्होंने कहा, ''पिछले साढ़े चार वर्षों में, इस दृष्टिकोण ने सुशासन और विकास को जन्म दिया है, जिसका प्रमाण प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि और देश में सर्वोच्च सामाजिक प्रगति सूचकांक स्कोर है।''

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कई महत्वपूर्ण पहलों का उद्घाटन किया, जिनमें पीएम ई-बस सेवा पहल के तहत ई-बसों का शुभारंभ, स्मार्ट सिटी मिशन के तहत एकीकृत कमांड और कंट्रोल सेंटर, सिटीज़ (सीआईटीआईआईएस ) पहल के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आवास इकाइयाँ, तथा पुडुचेरी सरकार की प्रमुख सीवरेज और जल आपूर्ति परियोजनाएं शामिल हैं। ये परियोजनाएँ शहरी गतिशीलता में सुधार, नागरिक अवसंरचना को सुदृढ़ करने और प्रौद्योगिकी आधारित शासन के माध्यम से बेहतर सेवा वितरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तैयार की गयी हैं। उच्च शिक्षा और अनुसंधान को बड़ा प्रोत्साहन देते हुए श्री मोदी ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कराईकल में कॉम्पोजिट इंजीनियरिंग ब्लॉक, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ब्लॉक और गंगा छात्रावास का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने पांडिचेरी विश्वविद्यालय में नए एनेक्सी भवनों, व्याख्यान कक्षों और छात्रावासों का भी उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री ने देशभर में अवसंरचना विकास को रेखांकित करते हुए इस वर्ष के बजट में आवंटित रिकॉर्ड 12 लाख करोड़ रुपये का उल्लेख किया। श्री मोदी ने कहा, ''पुडुचेरी को अब 'राज्यों को पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता' योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है, जो पहले केवल राज्यों तक ही सीमित थी; इससे सड़कों, जल आपूर्ति, स्कूलों, अस्पतालों और ऐसी ही कई अन्य परियोजनाओं जैसी आवश्यक अवसंरचना के लिए अधिक धन उपलब्ध होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, ''एक मजबूत और सशक्त युवा हमारे देश की विकास की नींव है। हम उनके सपनों को समर्थन देने के लिए काम कर रहे हैं। एनआईटी कराईकल में नया डॉ एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग ब्लॉक और आधुनिक छात्रावास विद्यार्थियों के लिए तकनीकी शिक्षा हासिल करने में सहायक होगी। पांडिचेरी विश्वविद्यालय में अवसंरचना उन्नयन बेहतर शिक्षण वातावरण और अनुसंधान के अवसर पैदा करेगा।'' इस दौरान उन्होंने हजारों रिक्त पदों को भरने के बाद सरकार में शामिल हुए युवाओं को भी बधाई दी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में विश्व स्वच्छ



और हरित परिवहन पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहन दैनिक जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा बन गए हैं। उन्होंने कहा कि पुडुचेरी जैसे पर्यटन केंद्र में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत उपलब्ध कराई जा रही इलेक्ट्रिक बसें प्रदूषण कम करने में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती हैं। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री ने परिवारों को स्थिरता और सम्मान प्रदान करने के उद्देश्य से बनाई गई आवास परियोजनाओं के साथ-साथ पुडुचेरी, कराईकल, माहे और यानम में चल रही कई सौ करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उल्लेख किया। इन पहलों में स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित करने के लिए जल विलवणीकरण संयंत्र, अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और मानसून के दौरान बाढ़ और जलभराव को कम करने के लिए चल रहे कार्य शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमारे सभी प्रयास पुडुचेरी के लोगों के लिए जीवन को सुगम बनाने की दिशा में हैं।''

स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा अवसंरचना को भी महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला। श्री मोदी ने जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (जिपमेर ) में क्षेत्रीय कैंसर केंद्र के आधुनिकीकरण का उद्घाटन किया और प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-अभीम) के तहत तीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक्स की आधारशिला रखी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी राष्ट्र तभी प्रगति कर सकता है जब उसकी मानव पूंजी स्वस्थ हो, इसलिए स्वास्थ्य सेवा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्वास्थ्य सेवा सभी के लिए सुलभ, उपलब्ध और सस्ती होनी चाहिए, एक ऐसा सपना जो आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों के लिए पहले से ही पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि पुडुचेरी के किसी भी नागरिक को इलाज के लिए दूर यात्रा करने के लिए मजबूर नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पहले से ही नौ मेडिकल कॉलेज हैं और इसमें मेडिकल टूरिज्म हब बनने की क्षमता है। स्वास्थ्य सेवा क्षमता को और बढ़ाने के लिए, जेआईपीएमईआर स्थित क्षेत्रीय कैंसर केंद्र का आधुनिकीकरण किया जा रहा है और आपातकालीन सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए पुडुचेरी और कराईकल में पीएम-अभिम के तहत तीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक की आधारशिला रखी गई है। इसके अतिरिक्त, कराईकल में नया एकीकृत आयुष अस्पताल सिद्ध चिकित्सा और समग्र स्वास्थ्य सेवा के लिए क्षेत्र की प्रतिष्ठा को और मजबूत करेगा। श्री मोदी ने कहा, ''मुझे पूरा विश्वास है कि पुडुचेरी मेडिकल टूरिज्म हब बन सकता है।

औद्योगिक विकास के लिए एक ऐतिहासिक पहल के तहत प्रधानमंत्री ने 750 एकड़ में फैले करासुर-सेदारापेट औद्योगिक एस्टेट को राष्ट्र को समर्पित किया। इस एस्टेट में एक फार्मा पार्क, कपड़ा पार्क, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) पार्क, सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास का अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास केंद्र और जिपमेर की उन्नत स्वास्थ्य सुविधाओं केंद्र स्थापित किये जाएंगे, जिससे यह क्षेत्र विनिर्माण, नवाचार और रोजगार सृजन का केंद्र बनेगा। उन्होंने कई अवसंरचना परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी, जिनमें स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने के लिए जल आपूर्ति योजनाएँ, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत 41 ग्रामीण सड़कों का निर्माण, और संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत विद्युत क्षेत्र की परियोजनाएँ शामिल हैं।

प्रधानमंत्री ने ग्रामीण और शहरी दोनों बुनियादी ढाँचे का उल्लेख करते हुए कहा कि कनेक्टिविटी प्रगति की रीढ़ है। उन्होंने बताया कि छात्रों, किसानों और छोटे व्यवसायों की सुविधा के लिए सैकड़ों किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा, '' पुडुचेरी शहर में भीड़भाड़ कम करने के लिए 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जा रहा है, जिसमें 440 करोड़ रुपये से बनने वाले पुल भी शामिल है।

# पश्चिमी एशिया के कई देशों में अपनी सोमवार की परीक्षा रद की

एजेंसी

नयी दिल्ली। ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सहित पश्चिमी एशिया के अपने परीक्षा केंद्रों पर दो मार्च को होने वाली कक्षा 10 और कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। यह निर्णय ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमलों और उसके बाद के जवाबी हमलों से उत्पन्न अस्थिर वातावरण के बीच एक एहतियाती कदम के रूप में लिया गया है। क्षेत्र के कुछ हिस्सों में हवाई क्षेत्र बंद होने, विस्फोटों और उच्च सैन्य अलर्ट की रिपोर्टों के बीच बोर्ड ने कहा कि छात्रों और कर्मचारियों की सुरक्षा और भलाई उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस




निर्णय से मध्य पूर्व के कई देशों के हजारों छात्र प्रभावित होंगे। मध्य पूर्व के सीबीएसई संबद्ध स्कूलों के प्राचार्यों को संबोधित एक सर्कुलर में बोर्ड ने सूचित किया कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए सोमवार को निर्धारित परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया है। बोर्ड ने कहा कि स्थगित परीक्षाओं की संशोधित तिथियां उचित समय पर अधिसूचित की जाएंगी। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज की ओर से जारी सर्कुलर में कहा गया, ''बोर्ड मंगलवार को स्थिति की समीक्षा करेगा और पांच मार्च के बाद से निर्धारित परीक्षाओं के संबंध में उचित निर्णय लेगा। सभी छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे अद्यतन जानकारी के लिए अपने स्कूलों के संपर्क में रहें और आधिकारिक घोषणाओं का ध्यानपूर्वक पालन करें। इससे पहले, बोर्ड ने सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित एक फर्जी सर्कुलर का खंडन किया, जिसमें दावा किया गया था कि मध्य पूर्व में शेष सभी परीक्षाएं स्थायी रूप से रद्द कर दी गई हैं और छात्रों का मूल्यांकन 'वैकल्पिक अंकन योजना' के माध्यम से किया जाएगा। सीबीएसई ने इस अधिसूचना को मनगढ़ंत बताते हुए खारिज कर दिया और छात्रों, अभिभावकों और स्कूल अधिकारियों को सलाह दी कि वे केवल आधिकारिक वेबसाइट और प्रमाणित सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से जारी जानकारी पर भरोसा करें।

# भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कूच बिहार से शुरू की 'परिवर्तन यात्रा', ममता सरकार पर किया तीखा हमला

एजेंसी

सिलीगुड़ी/कूचबिहार। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को परिवर्तन यात्रा के साथ पश्चिम बंगाल में चुनावी बिगुल फूंक दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले कूचबिहार से पार्टी की 'परिवर्तन यात्रा' का शुभारंभ किया। इस दौरान श्री नवीन ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की राजनीति, घुसपैठ और प्रशासनिक विफलता के गंभीर आरोप लगाए। श्री नवीन ने जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से लगभग 50 लाख नाम हटाए जाने के बाद राज्य सरकार ने ''घुसपैठियों'' के समर्थन में सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठ राज्य की बड़ी समस्या बन चुकी है और इससे भूमि, रोजगार और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक नागरिकों से छिन रहा है। उन्होंने दावा किया कि केवल भाजपा की सरकार ही घुसपैठ की पहचान कर उसे रोक सकती है और ''बंगाल को घुसपैठियों वाली सरकार से मुक्त'' कर सकती है। श्री नवीन ने पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ अपराध, कथित पुलिस ज्यादती और भ्रष्टाचार के मुद्दों को उठाते हुए राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। उन्होंने सुश्री बनर्जी को घेरते हुये कहा कि 'यदि आप 'मां, माटी, मानुष' की बात करती हैं, तो पीड़ितों को न्याय क्यों नहीं मिला। श्री नवीन ने सत्तारूढ़ ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कई नेताओं और मंत्रियों पर कानूनी कार्रवाई का उल्लेख करते हुए शासन व्यवस्था में ''सिंडिकेट राज, राजनीतिक संरक्षण और डराने-धमकाने की संस्कृति'' के आरोप लगाए। श्री नवीन ने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा 5,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगी और राज्य के कोने-कोने तक पहुंचेगी।

उन्होंने कहा कि जहां अब तक केवल वादे और अहंकार के शब्द पहुंचे थे, वहां भाजपा परिवर्तन की आवाज लेकर जाएगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह बदलाव केवल सरकार बदलने का नहीं, बल्कि सोच बदलने का विषय है। उन्होंने कहा कि भाजपा सकारात्मक सोच के साथ नये बंगाल का बीज रखेगी। उन्होंने कहा, ''हमें ऐसी निर्णायक सरकार बनानी है जो विकास को जमीन पर उतार सके।

श्री नवीन ने कहा कि भाजपा पश्चिम बंगाल में 'डबल इंजन सरकार' स्थापित करना चाहती है, जो केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के साथ मिलकर राज्य को विकास की नई दिशा दे। उन्होंने अपने संबोधन में 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य के अनुरूप 'विकसित बंगाल' बनाने का भी संकल्प दोहराया। श्री नवीन ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार जिन केंद्रीय योजनाओं को लागू करने में सौतेला व्यवहार करती है, उन्हें भाजपा सरकार पूरी मजबूती से लागू करेगी। श्री नवीन ने अपने संबोधन में 'वंदे मातरम्' के मुद्दे का भी उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि संसद में इसे रोकने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् ने देश को अंग्रेजों से आजादी दिलाई थी, अब वही गूंज बंगाल को अराजकता से मुक्त करेगी। श्री नवीन ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे ''त्याग और संकल्प'' के साथ परिवर्तन का संदेश घर-घर पहुंचाएं।

# मनोहर लाल ने ऊर्ज़ा दक्षता ब्यूरो के 25वें स्थापना दिवस पर लोगो जारी किया, ऐप और आरसीओ पोर्टल का शुभारंभ

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय विद्युत एवं आवास तथा शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने ऊर्ज़ा दक्षता ब्यूरो (बीईई) के 25वें स्थापना दिवस पर 'लोगो' और मोबाइल ऐप के साथ आरसीओ पोर्टल लॉन्च किया है।

श्री खट्टर ने रविवार को इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित एक समारोह में कहा कि ''इलाज से बेहतर रोकथाम है'' की तर्ज पर बीईई विद्युत क्षेत्र में एक निवारक संस्था की तरह कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि बचाई गई प्रत्येक बिजली इकाई अतिरिक्त उत्पादन की आवश्यकता और उत्सर्जन को कम करती है। उन्होंने भारत द्वारा 2005 के स्तर की तुलना में जीडीपी की उत्सर्जन तीव्रता में 36 प्रतिशत कमी और 2030 के लक्ष्य से पहले 52 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित स्थापित क्षमता हासिल करने को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

इस अवसर पर विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल ने ऊर्ज़ा दक्षता को भारत का ''प्रथम ईंधन'' बताते हुए कहा कि यह ऊर्ज़ा सुरक्षा, वहनीयता और स्थिरता के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है।

समारोह में नवीकरणीय ऊर्ज़ा खपत दायित्व (आरसीओ), प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना, कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना (सीसीटीएस), कॉर्पोरेट औसत ईंधन दक्षता (सीएएफई), एडीईटीआई योजना, मानक एवं लेबलिंग (एस एंड एल) कार्यक्रम तथा ऊर्ज़ा संरक्षण एवं सतत भवन संहिता (ईसीएसबीसी) जैसी प्रमुख पहलों की उपलब्धियों का उल्लेख किया गया।

इस अवसर पर बीईई के 25 साल पूरा होने पर स्मारक लोगो का अनावरण किया गया, जो ऊर्ज़ा दक्षता, स्थिरता और नवाचार के मूल सिद्धांतों को दर्शाता है।

समारोह में आरसीओ पोर्टल लॉन्च किया गया, जिससे निगरानी, अनुपालन और डेटा-आधारित निर्णय प्रक्रिया को मजबूती मिलेगी। साथ ही सीएलएएसपी के सहयोग से विकसित बीईई स्टार लेबल मोबाइल ऐप भी जारी किया गया। इस ऐप के माध्यम से उपभोक्ता क्यूआर कोड स्कैन कर उपकरणों की ऊर्ज़ा दक्षता और अनुपालन संबंधी जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकेंगे।

समारोह में बीईई के पूर्व महानिदेशकों के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसका संचालन एलायंस फॉर एन एनर्जी एफिशिएंट इकोनॉमी के अध्यक्ष डॉ. सतीश कुमार ने किया। राज्य नामित एजेंसियों के सेवानिवृत्त अधिकारियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया।

25वें स्थापना दिवस समारोह ने ऊर्ज़ा दक्षता को सतत विकास, राष्ट्रीय ऊर्ज़ा सुरक्षा और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रमुख चालक के रूप में आगे बढ़ाने के लिए बीईई की प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों, नीति निर्माताओं, राज्य प्रतिनिधियों और विभिन्न हितधारकों ने भाग लिया।

# श्रीलंका के प्रशिक्षु अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आईएनएस तरंगिनी त्रिंकोमाली पहुंचा

एजेंसी

नयी दिल्ली/कोलंबो। भारतीय नौसेना का प्रशिक्षण पोत आईएनएस तरंगिनी एक प्रशिक्षण यात्रा के हिस्से के रूप में श्रीलंका के त्रिंकोमाली बंदरगाह पहुँच गया है।

नौसेना प्रवक्ता ने रविवार को जारी एक बयान में बताया कि यात्रा के दौरान तरंगिनी के कमांडिंग ऑफिसर ने पूर्वी नौसेना क्षेत्र के उप कमांडर कोमोडोर हरिता जयदेवत से मुलाकात की और पाल प्रशिक्षण (सेल ट्रेनिंग) में सहयोग पर चर्चा की। जहाज ने श्रीलंकाई सैनिकों, उनके परिवारों और प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए जहाज पर एक परिचय दौरे की मेजबानी की। जहाज के इस बंदरगाह प्रवास के दौरान सामुदायिक जुड़ाव गतिविधियों और प्रशिक्षण आदान-प्रदान की योजना बनायी गयी है।

श्रीलंका नौसेना और समुद्री अकादमी के चयनित प्रशिक्षु अधिकारी कोलंबो तक की यात्रा के लिए आईएनएस तरंगिनी पर सवार होंगे। इस यात्रा के दौरान, प्रशिक्षुओं को पाल प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया जाएगा।

आईएनएस तरंगिनी की संकल्पना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध डिजाइनर कॉलिन मुडी ने की थी और इसका निर्माण स्वदेशी रूप से गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में किया गया था। इस पोत में एक मजबूत स्टील हल है और एल्युमीनियम डेकहाउस है और सागौन (टीक) की लकड़ी की बारीक नक्काशी से इसके आंतरिक भाग को सजाया गया है।

लगभग 54 मीटर की कुल लंबाई और करीब 500 टन की विस्थापन क्षमता वाले इस जहाज में 10,000 वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र में फैले 20 पाल (सेल्स) लगे हैं। इसकी रिगिंग में लगभग 200 रस्सियों का उपयोग किया जाता है, जिन्हें एक सिरे से दूसरे सिरे तक बिछाने पर उनकी लंबाई 20 किलोमीटर से अधिक हो जाती है।

तीन मस्तूलों वाला यह बार्क (थ्री-मास्टेड बार्क), भारतीय नौसेना का पहला समर्पित पाल प्रशिक्षण पोत (एसटीएस) है। यह कोच्चि स्थित प्रथम प्रशिक्षण स्क्वाड्रन के तहत संचालित होता है और मुख्य रूप से भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारी प्रशिक्षुओं को पाल प्रशिक्षण देने का कार्य करता है। जहाज के चालक दल में सात अधिकारी और 30 नाविक शामिल हैं, जिसमें एक समय में 30 कैडेटों के रहने की व्यवस्था है।

'तरंगिनी' नाम हिंदी शब्द 'तरंग' से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'वह जो लहरों पर सवार हो।' यह पोत दुनिया की परिक्रमा करने वाला पहला भारतीय नौसैनिक जहाज होने का गौरव रखता है।

## पेज एक का शेष

### मिडिल ईस्ट में ...

लोगों के लिए अपने देश की सत्ता वापस लेने का मौका है। इससे पूर्व, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो बयान में कहा था, ''आज सुबह हमने तानाशाह खामेनेई के परिसर को नष्ट कर दिया। अब इस तानाशाह का शासन समाप्त हो गया है।''उन्होंने कहा कि इजरायली सेना ने ''अयातुल्ला शासन के वरिष्ठ अधिकारियों को भी मार गिराया है'' और आने वाले दिनों में और हमले करने का वादा किया। श्री नेतन्याहू ने ईरानियों से ''शासन को उखाड़ फेंकने और अपने भविष्य को सुरक्षित करने'' का आह्वान किया। दूसरी ओर, आईआरजीसी ने रविवार को चेतावनी दी कि अमेरिकी-इजरायली संयुक्त हमलों में सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की शहादत के बाद, इस्लामी गणराज्य के सशस्त्र बलों द्वारा ''इतिहास में सबसे भीषण आक्रामक अभियान'' जल्द ही शुरू किये जायेंगे। आईआरजीसी ने एक बयान में कहा, ''ईरान के सशस्त्र बलों द्वारा अमेरिकी आतंकवादियों के कब्जे वाले क्षेत्रों और ठिकानों की ओर इतिहास के सबसे भीषण आक्रामक अभियान जल्द ही शुरू किए जाएंगे। ईरान की सर्वोच्च सुरक्षा संस्था, सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एसएनएससी) ने कहा कि वह ''दुनिया के उत्पीड़कों के खिलाफ लड़ाई में एक बड़े विद्रोह की शुरुआत करेंगे।'' उन्होंने ईरान और उसके सहयोगियों को ''अधिक लचीला और दृढ़'' बनकर उभरने का आश्वासन दिया। धमकियों के कुछ ही घंटों के भीतर, इजरायली अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों ने मध्य तेल अवीव पर हमला किया। पूरे शहर में विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं और आपातकालीन सेवाओं ने कई प्रभावित स्थलों पर प्रतिक्रिया दी। गौरतलब है कि श्री खामेनेई 1989 से ईरान के सर्वोच्च धार्मिक और राजनीतिक नेता होने के साथ-साथ सैन्य प्रमुख भी थे। उन्होंने इस्लामी गणराज्य के संस्थापक रुहोल्लाह खुमैनी का स्थान लिया था। सर्वोच्च नेता के रूप में उनके पास ईरान की सरकार, सशस्त्र बलों और न्यायपालिका पर अंतिम अधिकार था और वे देश के सर्वोच्च धार्मिक प्राधिकारी भी थे। अपने पूरे कार्यकाल के दौरान, श्री खामेनेई ने पश्चिम के साथ ईरान के तनावपूर्ण संबंधों की देखरेख की, व्यापक प्रतिबंधों, घरेलू अशांति और तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर बार-बार हुए गतिरोध का सामना किया। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी की सुबह ईरान के खिलाफ एक बड़ा, समन्वित सैन्य हमला किया, जिसमें तेहरान, क़ोम, इस्फ़ाहान, करमानशाह और कराज सहित देश भर के कई शहरों को निशाना बनाया गया। इन हमलों में ईरान के होर्मोज़गान प्रांत में बालिकाओं के एक प्राथमिक स्कूल पर हमला भी शामिल है, जिसमें स्कूली छात्राओं सहित 148 लोगों की मौत हुई। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, हमले में 95 लोग घायल भी हो गये।

### कराची के अमेरिकी ...

गया था। अस्पताल अधिकारियों ने कहा कि प्रभावित लोग फायरिंग, लाठीचार्ज और भगदड़ की वजह से घायल हुए। सिविल अस्पताल कराची के ट्रॉमा सेंटर के हेड डॉ. साबिर मेमन के मुताबिक, अब तक 8 शवों को अस्पताल लाया जा चुका हैं, जबकि 20 घायलों का इलाज चल रहा है। बाद में, गंभीर रूप से घायल एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर जमा होकर पत्थर फेंके और आगे बढ़ने की कोशिश की, जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग के बाद गोलीबारी शुरू कर दी। सिंध के होम मिनिस्टर ज़ियाउल हसन लंजर ने एडिशनल आईजी कराची से घटना की रिपोर्ट मांगी है। एक बयान में उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाज़त नहीं दी जाएगी। लंजर ने पूरे प्रांत में संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया।

### डी फ्रीजर में युवक...

रहा है। पुलिस प्रेम प्रसंग, आपसी रंजिश और अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है और उसके संपर्क में रहे लोगों से पूछताछ की जा रही है।फॉरेंसिक टीम ने मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए हैं। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्पष्ट पुष्टि हो सकेगी। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।

### संविदाकर्मी की...

हाईटेंशन लाइन में तेज धमाका हुआ और गंभीर रूप से झुलसकर नीचे गिर पड़े। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जांच और निलंबन की कार्रवाई हादसे के बाद मृतक के परिजनों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा किया। मध्यांचल निगम की एमडी रिया केजरीवाल ने तत्काल जांच के आदेश दिए।

### भारत ने सेमीफाइनल...

रन बटोरे, जोकि पारी का सबसे मंहगा ओवर बन गया है। पॉवेल ने इस ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाया। हार्दिक पांड्या ने 15वें ओवर में शेरफ़ेन रदरफोर्ड को पवेलियन का रास्ता दिखाया है। उन्होंने 9 गेंद में 14 रन बनाए। इस ओवर में 6 रन बने, आखिरी गेंद पर होल्डर ने छक्का ठोका। 12वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने शिमरन हेटमायर और रोस्टन चेज को पवेलियन का रास्ता दिखाकर एक ही ओवर में दो विकेट निकाले। बुमराह के इस ओवर में सिर्फ चार रन बने। अक्षर पटेल ने 13वें ओवर में 10 रन खर्च किए। वरुण चक्रवर्ती के ओवर में भारत ने रिव्यू लिया लेकिन अंपायर कॉल होने की वजह से रोवमैन पॉवेल एलबीडब्ल्यू होने से बचे। 14वें ओवर में 6 रन बने। रोस्टन चेज और शाई होप ने अच्छी शुरुआत दिलाई है। दोनों के बीच 50 से ज्यादा रन की साझेदारी हुई। सातवें ओवर में हार्दिक पांड्या ने 11 रन दिए। आठवें ओवर में अक्षर पटेल के खिलाफ 10 रन बने। नौवें ओवर में सूर्यकुमार ने वरुण चक्रवर्ती को गेंद थमाई और उन्होंने शाई होप को क्लीन बोल्ड करके पवेलियन का रास्ता दिखाया। 10वें ओवर में हार्दिक पांड्या ने 12 रन दिए। इस ओवर में तीन वाइड आई। 11वें ओवर में वरुण चक्रवर्ती के खिलाफ हेटमायर ने चौका और छक्का लगाया। इस ओवर में 17 रन बने। वेस्टइंडीज ने पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 45 रन बनाए हैं। वेस्टइंडीज ने पहले ओवर में सिर्फ एक तीन रन बनाया है। अर्शदीप सिंह ने कसी हुई गेंदबाजी की और ज्यादा रन नहीं दिए। दूसरे ओवर में हार्दिक पांड्या के खिलाफ होप ने छक्का लगाया। तीसरे ओवर में अर्शदीप सिंह ने दो चौके दिए। इसी ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने रन आउट करने का मौका गंवा दिया। अर्शदीप ने तीसरे ओवर में 10 रन दिए। अक्षर पटेल ने चौथा ओवर किया और सिर्फ पांच रन दिए। बुमराह के ओवर में अभिषेक शर्मा ने रोस्टन चेज का कैच छोड़ा। इस ओवर में 7 रन बने। छठे ओवर में अक्षर पटेल ने 10 रन लुटाए।

### उत्तर प्रदेश में सुरक्षा...

के लिए दुख की बात है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि अमन व शांति के साथ विरोध करें। इस बात की व्यवस्था रखें कि जुलूस में शामिल कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में न लें। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में हो रहे प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने सभी जिलों के पुलिस कप्तान, पुलिस कमिश्नरेट को निर्देश दिए है कि किसी भी हालत में प्रदेश की कानून व्यवस्था न बिगड़ने पाए। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील जिलों के इलाको में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए। इसके तहत लखनऊ समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी बढ़ा दी गई है।

### नागपुर फैक्ट्री...

सभी घायलों का इलाज राज्य सरकार के खर्च पर कराया जाएगा और घटना की उच्चस्तरीय जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे के बाद विस्फोटक निर्माण इकाइयों में सुरक्षा मानकों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रारंभिक आशंका है कि पैकिंग यूनिट में तकनीकी गड़बड़ी या सुरक्षा नियमों की अनदेखी के कारण विस्फोट हुआ हो सकता है। हालांकि, वास्तविक कारण जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

# 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' का आज राष्ट्रपति करेंगी शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। महिलाओं और बालिकाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में दिल्ली सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना पर आधिकारिक मुहर लगने जा रही है। सोमवार 2 मार्च को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में एक विशेष व भव्य कार्यक्रम 'सशक्त नारी समृद्ध दिल्ली' आयोजित किया जाएगा। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' का औपचारिक शुभारंभ करेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के प्रति दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि बदलते समय और उच्च शिक्षा की बढ़ती लागत को देखते हुए बालिकाओं के लिए प्रभावी

■ यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के प्रति दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीकः रेखा गुप्ता

और भविष्योन्मुखी योजना बनाने की आवश्यकता थी। इसी सोच के साथ लाडली योजना को विस्तारित और सुदृढ़ रूप में 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' के रूप में पुनर्गठित किया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व संरचना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र बालिका के नाम पर संस्थागत जन्म होने पर 11,000 रुपये और घरेलू जन्म होने पर 10,000 रुपये जमा किए जाते थे। इसके अतिरिक्त कक्षा एक, छह और नौवीं में प्रवेश, कक्षा दसवीं उत्तीर्ण करने तथा कक्षा बारह में प्रवेश जैसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक पड़ावों पर 5,000 रुपये की राशि जमा की जाती थी। यह संचित राशि ब्याज सहित 18 वर्ष की आयु में



निकाली जा सकती थी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि नई योजना में सहायता की राशि और दृष्टिकोण दोनों को व्यापक रूप से बढ़ाया गया है। अब बालिका के नाम पर विभिन्न चरणों में कुल 56,000 रुपये जमा किए जाएंगे और ब्याज सहित 21 वर्ष की आयु तक यह परिपक्वता मूल्य 1 लाख रुपये से अधिक होने की उम्मीद है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि स्नातक या व्यावसायिक डिप्लोमा पूरा करना अपवाद नहीं बल्कि सामान्य उपलब्धि बने। नई योजना पूरी तरह डिजिटल होगी। फंड का प्रबंधन एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जाएगा और निवेश एसबीआई लाइफ धनराशि साधन के अंतर्गत होगा। विभाग द्वारा जमा की गई राशि बालिका की उम्र के साथ बढ़ती रहेगी और परिपक्वता पर पूरी संचित राशि सीधे लाभार्थी के आधार से जुड़े बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी जाएगी। इससे पारदर्शिता और प्रत्यक्ष वित्तीय समावेशन सुनिश्चित होगा। योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को मिलेगा जिनकी वार्षिक आय 1.20 लाख रुपये से अधिक न हो तथा जो पिछले तीन वर्षों से दिल्ली में रह रहे हों। बालिका का जन्म दिल्ली में होना अनिवार्य है। पंजीकरण जन्म के एक वर्ष के भीतर या निर्धारित शैक्षणिक पड़ावों पर कराया जा सकता है। यह लाभ प्रति परिवार दो जीवित बालिकाओं तक सीमित रहेगा। महत्वपूर्ण रूप से योजना का दायरा बढ़ाकर भारत में किसी भी सरकारी मान्यता प्राप्त या यूजीसी मान्यता प्राप्त संस्थान में स्नातक या व्यावसायिक डिप्लोमा पाठ्यक्रम कर रही लड़कियों को शामिल किया गया है। परिपक्वता लाभ केवल शैक्षणिक शर्तों की पूर्ति पर ही देय होगा। विशेष बात यह है कि 'सशक्त नारी समृद्ध दिल्ली' कार्यक्रम में दिल्ली लाडली योजना के तहत 40,642 पात्र लाभार्थियों को 100.25 करोड़ रुपये की डिजिटल राशि डीबीटी की जाएगी, जो काफी समय से अपनी परिपक्वता राशि प्राप्त नहीं कर पाए थे। यह राशि 'मेरी पूंजी मेरा अधिकार' के तहत प्रदान की जाएगी। वर्ष 2008 में शुरू की गई दिल्ली लाडली योजना का उद्देश्य बालिका के जन्म और शिक्षा को प्रोत्साहित करना और शिक्षा के महत्वपूर्ण पड़ावों पर संरचित वित्तीय सहायता के माध्यम से लैंगिक असमानताओं को दूर करना था। परिपक्वता राशि, अर्जित ब्याज सहित, डीबीटी माध्यम से सीधे आधार से जुड़े बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी, जिससे पारदर्शिता, दक्षता और लाभार्थियों तक सीधी पहुंच सुनिश्चित होगी।

## होली-दिवाली मुफ्त एलपीजी सिलेंडर योजना का सोमवार को शुभारंभ करेंगी राष्ट्रपति

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सोमवार को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में होली और दिवाली पर दिल्ली के सभी राशन कार्ड धारक परिवारों को प्रतिवर्ष दो मुफ्त एलपीजी सिलेंडर प्रदान करने की योजना का औपचारिक रूप से शुभारंभ करेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रविवार को विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि इस योजना का लाभ प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से दिया जाएगा। यह राशि एक एलपीजी सिलेंडर की मौजूदा कीमत के बराबर होगी और परिवार के मुखिया के आधार-लिंक्ड बैंक खाते में जमा की जाएगी, जिनके नाम पर राशन कार्ड जारी किया गया है। लगभग 15.50 लाख राशन कार्ड धारक परिवारों को कवर करने वाली यह योजना खाना पकाने के ईंधन के खर्च के वित्तीय बोझ को कम करने और परिवारों को सम्मान और आराम से त्योहार मनाने में सक्षम बनाने के लिए बनाई गई है।

# एकीकृत कृषि प्रणाली किसानों की आय बढ़ाने में प्रभावी : राधामोहन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्वी चंपारण। कृषि विज्ञान केंद्र पीपराकोठी स्थित सभागार में रविवार को समेकित कृषि प्रणाली मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन विषय को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह, विधायक प्रमोद कुमार, विधायक कृष्णनंदन पासवान, विधायक सचिन्द्र प्र.सिंह, केविके प्रमुख डा अरविन्द कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद राधामोहन सिंह ने कहा कि पिछले वर्षों में किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए सरकार ने डीबीटी प्रणाली लागू की है, जिससे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और फसल बीमा जैसी योजनाओं की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि अब बिचौलियों की भूमिका कम हुई है और पारदर्शिता बढ़ी है। उन्होंने बताया कि देश के करोड़ों किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रतिवर्ष 6000 रुपये की सहायता दी जा रही है तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से किसानों को सुरक्षा प्रदान की जा रही है। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड और अन्य योजनाओं से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। राधामोहन सिंह ने कहा कि राष्ट्रवादी सोच से प्रेरित राजनीति ही देश और समाज का भला कर सकती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पहले गरीब किसानों, गांवों की सड़कों और आवास जैसी बुनियादी जरूरतों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन अब योजनाओं के माध्यम से गांव-गांव तक विकास पहुंचा है। उन्होंने प्राकृतिक खेती और टिकाऊ कृषि पर जोर देते हुए परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत जैविक और प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए समय-समय पर मिट्टी की जांच आवश्यक है। साथ ही उन्होंने एकीकृत कृषि प्रणाली को किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताते हुए पशुपालन, मत्स्य पालन, बागवानी और फसल उत्पादन को एक साथ अपनाने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए किसानों की समृद्धि और पारदर्शी व्यवस्था बेहद जरूरी है। अंत में उन्होंने किसानों से जागरूक होकर नई तकनीकों को अपनाने और दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील की। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रमोद कुमार, कृष्णनंदन पासवान, श्यामबाबू प्रसाद यादव, सचिन्द्र प्रसाद सिंह, पूर्व विधायक सुनीलमणि तिवारी, उपमेयर डॉ. लालबाबू प्रसाद, राजेन्द्र गुप्ता, पवन राज, जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# एमजीसीयू में शिक्षा समागम का आयोजन, शिक्षा, उद्योग और भारतीय ज्ञान परंपरा पर मंथन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्वी चंपारण। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से गांधी ऑडिटोरियम में ''एजुकेशन कॉन्क्लेव के तहत इंडियाज ट्रांसफॉर्मेटिव एजुकेशनल रिवोल्यूशन का भव्य आयोजन हुआ। इस राष्ट्रीय आयोजन में शिक्षा जगत के दिग्गजों, कुलपतियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और नीति विशेषज्ञों ने नई शिक्षा नीति, उच्च शिक्षा संस्थानों की चुनौतियों, उद्योग-अकादमिक साझेदारी और भारतीय ज्ञान परंपरा जैसे विषयों पर गहन विमर्श किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और कुलगीत के साथ हुआ। कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण में कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित न रहे, बल्कि राष्ट्र निर्माण का माध्यम बने। उन्होंने विश्वविद्यालयों को नवाचार, अनुसंधान और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ने पर बल दिया। मुख्य अतिथि पूर्वी चंपारण के सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति भारत को ज्ञान महाशक्ति बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने




स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों के सशक्तिकरण की आवश्यकता जताई। पहले तकनीकी सत्र बिहार एचईआईज इन स्पॉटलाइट में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और पूर्व कुलपतियों ने भाग लिया। अध्यक्षता प्रो. रंजीत वर्मा ने की। बिहार विवि के कुलपति प्रो डीसी राय, ललित नारायण मिथिला विवि के कुलपति प्रो संजय चौधरी, मगध विवि के कुलपति प्रो एसपी शाही समेत अन्य शिक्षाविदों ने राज्य में शोध संस्कृति को मजबूत करने, डिजिटल संसाधनों के विस्तार और उद्योगोन्मुखी पाठ्यक्रमों पर जोर दिया।

पैनल में यह बात उभरकर आई कि बिहार के विश्वविद्यालय संसाधनों की सीमाओं के बावजूद अकादमिक गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत हैं। प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने नैक मूल्यांकन, फैकल्टी डेवलपमेंट और स्टूडेंट सपोर्ट सिस्टम पर सवाल रखे। दूसरे सत्र शेयरिंग एक्सपीरियंस विद अकादेमिया में राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों ने अनुभव साझा किए। पूर्व कुलपति प्रो. एन.वी. वर्गीज की अध्यक्षता में आयोजित सत्र में शिक्षण-प्रशासन, आश्वासन और वैश्विक रैंकिंग जैसे विषयों पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि विश्वविद्यालयों को स्थानीय जरूरतों और वैश्विक मानकों के बीच संतुलन बनाना होगा।

## पेट्रोल पंप मैनेजर के रूम से नकदी चोरी में एक युवक गिरफ्तार

नई दिल्ली। द्वारका इलाके में पेट्रोल पंप के मैनेजर रूम में घुसकर 15 हजार की नकदी तथा ऑनलाइन ट्रांजैक्शन रसीदें चुराने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान तनिष्क मल्होत्रा उर्फ नोनी (28) के रूप में हुई है। आरोपित ने दोस्त के साथ अपनी गाड़ी में पेट्रोल भरवाने के बहाने पेट्रोल पंप कर्मचारी से बहस कर वारदात को अंजाम दिया। उसके कब्जे से 1650 रुपये और ट्रांजैक्शन रसीदें बरामद की गई हैं। वारदात में शामिल आरोपित के दोस्त की तलाश की जा रही है। द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 20 फरवरी को द्वारका सेक्टर 1 स्थित पेट्रोल पंप से नकदी तथा पेमेंट ट्रांजैक्शन रसीदें चोरी होने की पीसीआर कॉल मिली थी। द्वारका साउथ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पेट्रोल पंप मैनेजर ने बताया कि दो लोग उनके पेट्रोल पंप पर गाड़ी में पेट्रोल भरवाने आए थे। पेट्रोल पंप कर्मचारी से बहस कर उसका ध्यान भटकाकर एक व्यक्ति उनके रूम में गया।

# जनकपुरी में 1.15 करोड़ की ज्वैलरी के साथ दो नाबालिग सहित तीन पकड़े

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। पश्चिमी जिला पुलिस ने जनकपुरी इलाके में हुई करोड़ों की चोरी का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया। मामले में दो नाबालिगों को भी पकड़ा गया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से करीब 1.15 करोड़ रुपये की चोरी की संपत्ति बरामद की है। जिसमें सोने-चांदी के आभूषण, नकदी और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल शामिल है।

पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त दराडे शरद भास्कर ने रविवार को बताया कि घटना 22 फरवरी की है। थाना जनकपुरी क्षेत्र के पोसांगीपुर गांव में रात के समय चोरी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि सीढ़ियों की दीवार तोड़कर घर में प्रवेश किया गया था। पहली, दूसरी और तीसरी मंजिल के कमरों के ताले टूटे हुए थे और सामान बिखरा पड़ा था। शिकायतकर्ता, जो पोसांगीपुर स्थित अशोक लिफाफा स्टोर चलाते हैं, ने बताया कि वह 21 फरवरी की रात करीब साढ़े नौ बजे दुकान और मकान बंद कर अपने किराए के घर चले गए थे। अगले दिन सुबह लगभग 11:15 बजे लौटने पर उन्हें घर में सेंधमारी और लाखों के गहने व नकदी चोरी होने की जानकारी मिली। पुलिस उपायुक्त के अनुसार मामले में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी निगरानी और मुखबिर तंत्र की मदद से 24 फरवरी को पोसांगीपुर पार्क के पास से दो नाबालिग को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर तीसरे आरोपित दिव्यांश शर्मा उर्फ बब्बू (18) को दबोचा गया। वह पोसांगीपुर गांव। ही रहपे वाला है। पुलिस के अनुसार तीनों ने आपसी साजिश के तहत रात में घर में सेंध लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस अधिकारी के अनुसार आरोपितों के कब्जे से करीब 650 ग्राम सोने के आभूषण, लगभग 3 किलोग्राम चांदी के सामान, 7,00,119 रुपये नकद, अन्य कीमती सामान शामिल है। पुलिस का कहना है कि कुल बरामदगी की कीमत लगभग 1.15 करोड़ रुपये आंकी गई है।

# लोकपरंपराएं, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक : त्रिवेन्द्र सिंह रावत



■ लोकपरम्पराएं समाज की आत्मा, इसे संरक्षित रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी : त्रिवेन्द्र सिंह रावत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। भारतीय जनता पार्टी की ओर से हरिद्वार में रविवार को ऋषिकुल मैदान में होली मिलन समारोह फागोत्सव का आयोजन किया गया।इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत के मंच पर पहुंचते ही कार्यक्रम का वातावरण राजनीतिक ऊर्जा और सांस्कृतिक चेतना से भर उठा। उन्होंने कार्यकर्ताओं और उपस्थित जनसमूह को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय लोकपरंपराओं, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। अपने संबोधन में उन्होंने जोर देकर कहा कि लोकपरंपराएं किसी भी समाज की आत्मा होती हैं और इन्हें संरक्षित रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि होली जैसे पर्व कार्यकर्ताओं को आपसी मतभेद भुलाकर एक सूत्र में बांधते हैं और संगठन को वैचारिक रूप से और अधिक मजबूत बनाते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि भाजपा कार्यकर्ता इन सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश फैलाएं और युवा पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ें। उनके विचारों में संस्कृति, संगठन और राष्ट्रभाव का स्पष्ट समन्वय दिखाई दिया, जिसने उपस्थित कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और जोश भर दिया। विधायक मदन कौशिक ने कहा कि यह आयोजन केवल होली मिलन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम है। महापौर किरण जैसल ने कहा कि होली के त्योहार पर खेले जाने वाले रंग हमें प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण प्रेम का संदेश देते हैं। आज फूलों की होली के माध्यम से इस अवधारणा को भी बलवती और सशक्त किया गया है। भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी विकास तिवारी ने कहा कि होली का त्योहार आकर्षक और मनोहर रंगों का त्योहार है,यह एक ऐसा त्योहार है जो हर धर्म,संप्रदाय,जाति के बंधन की सीमा से परे जाकर लोगों को भाई-चारे का संदेश देता है। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री हीरा सिंह,बेस्ट मंडल अध्यक्ष प्रशांत शर्मा, राजेंद्र कटारिया,तुषांक भट्ट,अन्नू कक्कड़ सरदार हरमोहन सिंह,मुनेश सैनी, दीपांशु विद्यार्थी, पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर सुशील चौहान,सुशील त्यागी, संदीप गुप्ता, चेरब जैन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रीति गुप्ता, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिनव चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, जिला उपाध्यक्ष आशु चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## फायरिंग मामले में वांछित आरोपित क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ा

**नई दिल्ली।** वांछित और शातिर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच की उत्तरी रेंज ने फायरिंग के एक मामले में फरार चल रहे 22 वर्षीय आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान जहांगीरपुरी निवासी कृष्ण उर्फ किन्नी के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने रविवार को बताया कि आरोपित थाना महेंद्र पार्क में दर्ज प्राथमिकी संख्या 60/26 दिनांक 25 जनवरी 2026 में वांछित था। उस पर व्यक्तिगत रंजिश के चलते विरोधी पक्ष पर गोली चलाने का आरोप है। घटना के बाद से वह अपने साथी के साथ फरार चल रहा था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार 28 फरवरी को उत्तरी रेंज की टीम फरार अपराधियों के संबंध में सूचना जुटा रही थी। इसी दौरान एक गुप्त सूचना मिली कि फायरिंग मामले में वांछित कृष्ण उर्फ किन्नी शाह आलम बांध रोड, जहांगीरपुरी के पास देखा गया है। वरिष्ठ अधिकारियों से अनुमति लेकर टीम ने तत्काल घेराबंदी की और आरोपित को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपित ने खुलासा किया कि 24 जनवरी 2026 को उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर निजी दुश्मनी के चलते अनमोल और सलमान नामक दो युवकों पर फायरिंग की थी। हालांकि घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

# होली हमारी सांस्कृतिक पहचान: धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काशीपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को उधमसिंह नगर के काशीपुर नगर निगम परिसर में आयोजित रंगोत्सव होली मिलन समारोह में पारंपरिक कुमाऊँनी होली, शास्त्रीय होली एवं भजन गायन की प्रस्तुतियों के बीच होली गायन में सहभागिता की। इस दौरान लोगों ने उन पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया।

मुख्यमंत्री धामी ने जनसमुदाय को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली हमारी समृद्ध लोक परंपरा और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। यह पर्व परस्पर प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सांस्कृतिक परंपराओं को वैश्विक



पहचान मिल रही है और युवाओं को आधुनिकता के साथ अपनी जड़ों से जुड़े रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने काशीपुर में चल रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर पार्क, काशीपुर-रामनगर राजमार्ग के चौड़ीकरण, मिनी बाईपास, पेयजल एवं सीवरेज परियोजनाओं सहित विभिन्न योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों के साथ होली खेलकर उत्सव की खुशियां साझा कीं और प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063